CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 25°C

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 30 सितम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 259 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन शुक्ल पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 7 रबी उल सानी1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



नवाचार और आय सृजन ही बनाएंगे नगर निकाय आत्मनिर्भर: योगी पेज 2



कुलदीप यादव बने एशिया कप के टॉप विकेट टेकर, अभिषेक शर्मा के सबसे तेज 50 छक्के खेल टाइम्स



नवरात्रि: जहां नारी का सम्मान, वहीं समाज का उत्थान सम्पादकीय



पीओके में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन, आर्मी के काफिले पर पथराव पेज 12

# सुखद: चीन ने भारतीय दवा उत्पादों से 30% शुल्क हटाया

बीजिंग, वार्ता

■ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के 100 फीसदी टैरिफ लगाने के बाद चीन ने लिया महत्वपूर्ण फैसला



**चीन ने भारत के** दवा उत्पादों पर 30 फीसदी आयात शुल्क को घटाकर शून्य कर दिया है। चीन ने यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से फार्मा आयात पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने के ठीक बाद उठाया है।

इस फैसले के बाद भारत की दवा बनाने वाली कंपनियां बिना किसी सीमा शुल्क के चीन को दवाएं निर्यात कर सकेंगी। ट्रम्प के टैरिफ से अमेरिकी बाजार में लागत बढ़ने के बीच चीन का यह फैसला भारतीय कंपनियों को सस्ती दवाओं की मजबूत मांग वाले वैकल्पिक बाजार के तौर पर उभर सकता है। इससे आने वाले समय में भारतीय दवा निर्यात में अरबों डॉलर की बढ़ोतरी हो सकती है। दो दिन पहले ही अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने फार्मा उत्पादों सहित कई चीजों पर आयात शुल्क बढ़ा दिया था। इनमें फार्मा उत्पादों पर 100 फीसदी का शुल्क प्रमुख था। यह बढ़ा हुआ शुल्क एक अक्टूबर से प्रभावी होगा, जिसके बाद दवाइयों से लेकर भारी ट्रकों तक आयातित सामान महंगे हो जाएंगे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने जिन उत्पादों पर टैरिफ की घोषणा की थी उनमें, किचन कैबिनेट, बाथरूम वैनिटी, गद्देदार फर्नीचर और भारी ट्रक शामिल थे। उन्होंने कहा था कि दवाइयों पर 100 फीसदी, किचन कैबिनेट और बाथरूम वैनिटी पर 50 फीसदी, फर्नीचर पर 30 फीसदी और भारी ट्रकों पर 25 फीसदी आयात कर लगाया जाएगा। ट्रम्प के दवाओं के आयात पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने के फैसले का भारत पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। खासकर देश के दवा निर्माण उद्योग पर। बीते वित्त वर्ष में भारतीय उद्योगों की तरफ से दुनिया को करीब 2.5 लाख करोड़ रुपये (27.9 अरब डॉलर) की दवाओं का निर्यात हुआ था। इसमें अमेरिका को ही करीब 77 हजार करोड़ रुपये (8.7 अरब डॉलर) की दवाएं निर्यात हुई थीं। भारत के दवा निर्माताओं के लिए अमेरिका सबसे बड़ा बाजार रहा है। 2025 के पहले छह महीनों में ही अमेरिका को कुल 32 हजार 505 करोड़ रुपये (3.7 अरब डॉलर) की दवाओं का निर्यात हो चुका है। ऐसे में 100 फीसदी टैरिफ लगने से अमेरिका में भारत की सस्ती दवाएं भी महंगी दरों पर बिकेंगी।

## मानसून उत्तर भारत के 8 राज्यों से विदा

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम मानसून उत्तर भारत के राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और उत्तराखंड से विदा हो चुका है। यह अब गुजरात, मध्य प्रदेश और यूपी में आकर रुक गया है। इन तीनों राज्यों में साउथ-वेस्ट मानसून एक्टिव होने की वजह से मानसून की वापसी कुछ इलाकों से टल गई है। मौसम विभाग के अनुसार, यह लाइन वेरावल और भरूच (गुजरात), उज्जैन (मप्र), झांसी और शाहजहांपुर (उप्र) से होकर गुजर रही है।

# क्रिकेट में भी छाया ऑपरेशन सिंदूर

## ऑपरेशन सिंदूर खेल के मैदान पर जारी: मोदी, सूर्या का जवाब- पीएम फ्रंट फुट पर खेलते हैं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**पीसीबी चीफ नकवी से टीम इंडिया ने नहीं ली ट्रॉफी**





पीसीबी चीफ मोहसिन नकवी भारतीय टीम की ट्रॉफी व मेडल्स अपने साथ ले गए

भारत ने ट्रॉफी के बिना ही जश्न मनाया, ICC से मोहसिन नकवी की शिकायत करेगा BCCI

पाक कप्तान आगा ने भारतीय टीम पर क्रिकेट का अनादर करने का लगाया आरोप



**नई दिल्ली।** दुबई में एशिया कप के फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को 5 विकेट से हरा कर नौवीं बार एशिया कप का खिताब जीत लिया है। भारत की जीत के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि ऑपरेशन सिंदूर खेल के मैदान पर जारी।

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पीएम मोदी के बयान पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि अच्छा लगता है जब देश का लीडर फ्रंट फुट पर बल्लेबाजी करता है। यह ऐसा है जैसे वह खुद स्ट्राइक लेकर रन बना रहे हैं। यह देखकर बहुत अच्छा लगा और जब सर सामने खड़े हों तो निश्चित रूप से खिलाड़ी खुलकर खेलेंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन मोहसिन नकवी विजेता टीम को अवॉर्ड देने पहुंचे, लेकिन भारतीय टीम ने उनसे अवॉर्ड लेने से इन्कार कर दिया। अवॉर्ड सेरेमनी के प्रेजेंटर साइमन डूल ने बताया कि भारतीय टीम अवॉर्ड्स नहीं लेगी। इस बीच मंच पर मौजूद दुबई स्पोर्ट्स सिटी के खालिद अल जरूनी से ट्रॉफी लेने की बात हुई, लेकिन नकवी मंच से हटने -**शेष पृष्ठ दो पर**

### क्रिकेट मैच की तुलना युद्ध के मैदान से करना ठीक नहीं: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने एशिया कप में भारत की जीत पर पीएम मोदी की ओर से किए ट्वीट पर तंज कसा है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने ट्वीट कर कहा कि क्रिकेट मैच की तुलना युद्ध के मैदान से करना ठीक नहीं है। पीएम मोदी के ट्वीट पर तंज कसते हुए कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री जी, पहली बात तो एक क्रिकेट मैच की तुलना युद्ध के मैदान से करना ठीक नहीं है। दूसरी बात, अगर आपने तुलना कर ही दी, तो आपको भारतीय टीम से यह सीखने की जरूरत है कि जब जीत के करीब हों, तो किसी थर्ड अंपायर के कहने पर अच्छे कप्तान सीजफायर नहीं करते। कांग्रेस के इस बयान पर भाजपा ने पटलवार किया है। वहीं भाजपा ने कांग्रेस पर पलटवार किया है। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान को तीन बार हराकर हैट्रिक बनाई और सभी मैच जीते। राहुल और प्रियंका गांधी ने अब तक हमारी विजेता टीम को एक भी बधाई संदेश नहीं दिया है।

### भारत के खिलाफ पाकिस्तान का 6-0 स्कोर : पाक रक्षा मंत्री

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने पीएम मोदी पर अपनी राजनीति बचाने के लिए बातचीत का रास्ता खत्म करने का आरोप लगाया है।मोदी क्रिकेट की संस्कृति और खेल भावना को नष्ट करके, शांति और समस्याओं के समाधान की संभावनाओं को खत्म कर रहे हैं। दरअसल, पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर एशिया कप में भारत की जीत को खेल के मैदान पर ऑपरेशन सिंदूर बताया। इसके जवाब में आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान-भारत के बीच 6-0 का युद्ध स्कोर हमेशा के लिए दर्ज हो चुका है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने 26 सितम्बर को यूएन में दिए भाषण में भारत को दुश्मन बताता था। साथ ही उन्होंने दावा किया कि भारत के साथ हुए संघर्ष में पाकिस्तान की जीत हुई थी। पाकिस्तान ने संघर्ष के दौरान भारत के 6 विमान गिराए थे।

# राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी पर भड़की कांग्रेस

## गृह मंत्री शाह को लिखा पत्र

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ केरल भाजपा प्रवक्ता ने टीवी पर कहा था: सीने में गोली मारी जाएगी
■ द. अमेरिकी देशों की यात्रा पर हैं राहुल
■ पिछले दिनों CRPF ने जताई थी राहुल गांधी की सुरक्षा पर चिंता

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने गृह मंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखी, जिसमें पूर्व एबीवीपी नेता की टीवी पर बहस के दौरान राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी देने का जिक्र है।

लेटर में कहा गया कि भाजपा प्रवक्ता के खिलाफ तुरंत कार्रवाई न होना राहुल गांधी के खिलाफ हिंसा में मिलीभगत माना जाएगा। वेणुगोपाल ने अमित शाह को लिखा कि यह धमकी किसी छोटे पदाधिकारी की लापरवाही भरा रिएक्शन नहीं है। यह जानबूझकर फैलाए गए नफरत के जहरीले वातावरण का असर है। जो विपक्ष के नेता को असुरक्षित बनाता है। अब यह आपकी जिम्मेदारी है कि आप बताएं आपकी पार्टी और सरकार किस विचारधारा के पक्ष में हैं। दरअसल, केरल में एक न्यूज चैनल पर लद्दाख हिंसा पर लाइव बहस चल रही थी। इस दौरान भाजपा की तरफ से बोलने आए पूर्व एबीवीपी नेता प्रिंटू महादेव ने कहा था कि राहुल गांधी को सीने में गोली मार दी जाएगी। इसी बयान पर केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता वीडी सतीशन ने कहा कि वे राहुल गांधी को खत्म करना चाहते हैं। भारत की लोकतांत्रिक जनता ऐसा नहीं होने देगी। वे किसी के सामने झुकते नहीं, क्योंकि वह सांप्रदायिकता और फासीवाद के खिलाफ लड़ रहे हैं। वेणुगोपाल की चिट्ठी में आरोप लगाया गया है कि आप खुलेआम आपराधिक धमकी, जान से मारने की धमकियों और हिंसा की राजनीति का समर्थन करते हैं, जो भारत के सार्वजनिक जीवन में जहर घोल रही है? एक नेता, जिसने अपने परिवार के दो सदस्यों को हत्याओं में खो दिया, उसकी सुरक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दे का राजनीतिकरण करके यह सरकार आग से खेल रही है।

# 39 करोड़ बीमे के लिए पिता का कत्ल

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ युवक ने मां की भी हत्या की, पत्नी की मौत के बाद भी इंश्योरेंस के 80 लाख रुपये लिए

**हापुड़।** हापुड़ से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक युवक ने दोस्त के साथ मिलकर माता-पिता की हत्या कर दी, फिर उनकी मौत को सड़क हादसा दिखाया।

2017 में उसने मां की हत्या की और उनके नाम पर एक कंपनी से 22 लाख रुपये बीमा क्लेम वसूला। एक साल पहले उसने पिता की हत्या की और बीमा कंपनियों से 39 करोड़ रुपये का क्लेम किया। एक कंपनी ने उसे डेढ़ करोड़ रुपये -**शेष पृष्ठ दो पर**

# नेतन्याहू ने कतर पीएम से माफी मांगी

■ दोहा में 9 सितम्बर को हुए हमले के लिए जताया खेद, ट्रम्प की पहल पर दोनों के बीच हुई बातचीत

**वाशिंगटन।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान बिन जासिम अल थानी से दोहा में 9 सितम्बर को हुए इजरायली हमले के लिए औपचारिक तौर पर माफी मांगी है।

यह बातचीत व्हाइट हाउस से फोन काल के जरिए हुई, जहां इजरायली पीएम इस समय अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के मेहमान के तौर पर मौजूद हैं। एक अमेरिकी चैनल की रिपोर्ट के मुताबिक, यह फोन काल कुछ मिनटों तक चली और इसमें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी शामिल थे। एक विदेशी राजनयिक ने इसकी पुष्टि की कि नेतन्याहू ने इस बातचीत में स्पष्ट रूप से माफी मांगी और घटना को कतर की संप्रभुता का उल्लंघन बताया। 9 सितम्बर को इजरायल ने कतर की राजधानी दोहा में एक हवाई हमला किया था। इस हमले का निशाना हमास के कई बड़े नेता थे, लेकिन वे बच निकले।

# लेह हिंसा से लद्दाख में टूरिस्ट रद्द कर रहे बुकिंग

लेह, वार्ता

■ कमरों में कैद हुए घूमने आए लोग, हिंसा के बाद लगा था पूरे क्षेत्र में कर्फ्यू ■ इंटरनेट बंद होने से नहीं हो रही बुकिंग




**लेह में** 24 सितम्बर को हुई हिंसा के बाद से लद्दाख में टूरिस्ट बुकिंग्स रद्द कर रहे हैं। लेह में लगे कर्फ्यू की वजह से टूरिस्ट बाहर नहीं निकल पा रहे हैं।

होटल संचालकों का कहना है कि वे टूरिज्म पर ही निर्भर हैं। कर्फ्यू उनकी कमाई पूरी तरह से छीन लेता है। दरअसल, लेह एपेक्स बॉडी के एक हिस्से ने 24 सितम्बर को बंद बुलाया था। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे लोगों की पुलिस से झड़प हुई। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने कई गाड़ियों और इमारतों में आग लगा दी। सुरक्षाबलों की कार्रवाई में गोली लगने से 4 की मौत हुई और 90 लोग घायल हो गए। इसके बाद जिले में अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया। प्रशासन ने इस प्रदर्शन का चेहरा रहे सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें जोधपुर जेल में रखा गया है। पूरे क्षेत्र में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद हैं। इससे बुकिंग रद्द हो रही हैं और पर्यटकों व स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही है। एक होटल मैनेजर नसीब सिंह ने एक न्यूज एजेंसी को बताया कि पिछले एक हफ्ते से एडवांस बुकिंग रद्द हो रही हैं। शहर बंद होने से सामान की कमी हो गई है। कर्फ्यू के बाद बाजार बंद हैं, जिससे व्यापारियों को नुकसान हो रहा है।

## कनाडा ने बिश्नोई गैंग को आतंकवादी संगठन घोषित किया

**ओटावा।** कनाडा सरकार ने बिश्नोई गैंग को आतंकी संगठन घोषित कर दिया है। इसे लेकर कनाडा की तरफ से जारी आधिकारिक बयान में लिखा गया है कि कनाडा में हिंसा और आतंक के कृत्यों के लिए कोई जगह नहीं है, खासकर उन कृत्यों के लिए जो किसी खास समुदाय को निशाना बनाकर भय और धमकी का माहौल बनाते हैं। इसीलिए, जन सुरक्षा मंत्री, गैरी आनंदसांगरी ने घोषणा की कि कनाडा सरकार ने बिश्नोई गिरोह को आपराधिक संहिता के तहत एक आतंकी संगठन के रूप में सूचीबद्ध किया है। जन सुरक्षा मंत्री गैरी आनंदसांगरी ने कहा कि कनाडा में हर व्यक्ति को अपने घर और समुदाय में सुरक्षित महसूस करने का अधिकार है। बिश्नोई गैंग ने कुछ समुदायों को डर और हिंसा के माध्यम से निशाना बनाया है।

## 'एक्स' कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देगा

**बेंगलुरु।** एलन मस्क की कंपनी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने कर्नाटक हाईकोर्ट के हालिया आदेश पर गहरी चिंता जताई है। एक पोस्ट में एक्स ने लिखा है कि इस आदेश के बाद पुलिस अधिकारियों को सीक्रेट ऑनलाइन पोर्टल सहयोग के जरिये मनमाने ढंग से कंटेंट हटाने के निर्देश जारी करने का अधिकार मिल गया है। कंपनी ने कहा कि इस नई व्यवस्था का कानून में कोई आधार नहीं है। न ही आईटी एक्ट की धारा 69ए के मुताबिक है। यह आदेश सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के खिलाफ है और भारतीयों की अभिव्यक्ति की आजादी जैसे संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। मस्क की कंपनी ने साफ किया है कि वह कर्नाटक हाईकोर्ट के इस आदेश के खिलाफ अपील करेगी और अभिव्यक्ति की आजादी की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ेगी।

## चैतन्यानंद ने 50 दिन में 15 होटल बदले, सस्ते ठिकाने चुने

**नई दिल्ली।** दिल्ली के श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट का पूर्व हेड, 62 साल का स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थसारथी गिरफ्तारी से पहले लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। पिछले 50 दिनों के दौरान उसने 15 होटल बदले। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह पुलिस से बचने के लिए बिना सीसीटीवी कैमरों वाले सस्ते होटलों में ठहरता था। वह उत्तर प्रदेश के धार्मिक शहरों वृंदावन, मथुरा में भी छिपा रहा। चैतन्यानंद के करीबी उसके लिए होटल चुनते थे। शनिवार को वह आगरा के एक होटल में ठहरा था। रविवार सुबह 3:30 बजे पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

## करूर भगदड़, राज्य सरकार की कमेटी ने जांच शुरू की

**करूर (तमिलनाडु)।** करूर भगदड़ की जांच रिटायर्ड हाईकोर्ट जस्टिस अरुणा जगदीशन की अध्यक्षता वाली कमेटी को सौंपी गई है। सोमवार को रिटा. जस्टिस करूर सिविल अस्पताल पहुंचीं। घायलों का हाल जाना। वहीं, सीएम स्टालिन ने कहा कि कमेटी की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्ध:
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतन: 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़:
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## संक्षिप्त समाचार

### निर्भय गुर्जर गैंग का 50 हजार का इनामी बबलू गिरफ्तार

**आगरा।** आगरा कमिश्नरेट पुलिस ने 23 साल से फरार चल रहे 50 हजार रुपये का इनामी बबलू टाइगर उर्फ जितेंद्र कुमार गिरफ्तार कर लिया। वह निर्भय गुर्जर गैंग का सदस्य था, उसके खिलाफ पिढौरा थाने में 2002 में मुकदमा दर्ज हुआ था। कुख्यात बबलू टाइगर उर्फ जितेंद्र कुमार लोगों का अपहरण करता है। इसके बाद अपहरण किए गए व्यक्ति को दस्यु निर्भर गुर्जर गैंग के पास भेज देता था। आरोपी अब आगरा के दूध व्यापारी के अपहरण के लिए रैकी करने पहुंचा था, इसी दौरान डौकी पुलिस ने उसे दबोच लिया। पिढौरा थानाक्षेत्र में 18 वर्षीय हरिओम उर्फ कल्ला का 2002 में अपहरण किया गया था। अपहरण के बाद हरिओम को निर्भय गुर्जर गैंग के पास ले जाया गया था। अपहरणकर्ताओं ने हरिओम के पिता से 11.11 लाख रुपये मांगे थे। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने चार आरा. पी दबोच कर फिरौती की रकम बरामद कर ली थी।

### तौकीर रजा ने प्रदर्शनकारियों को उकसाया था: रिपोर्ट

**बरेली।** यूपी के बरेली में हिंसा फैलाने के मामले के मुख्य आरोपी मौलाना तौकीर रजा की एफआईआर की कॉपी सामने आई है। एफआईआर में बताया गया है कि तौकीर रजा ने प्रदर्शनकारियों को उकसाया है। उसने उकसाते हुए कहा कि शहर का माहौल बिगाड़ना है, चाहे इसके लिए पुलिसवालों की हत्या भी करनी पड़े और मुस्लिमों की ताकत दिखानी है। बरेली में 26 सितंबर को जुमे की नमाज के बाद हुई हिंसा के मामले में दर्ज एफआईआर में मौलाना तौकीर रजा पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

### नगर निगम, नपा और नगर पंचायतों के अध्यक्षों से बोले सीएम योगी

# नवाचार व आय सृजन बनाएंगे आत्मनिर्भर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** विकसित यूपी/2047 संवाद कार्यक्रम का माहौल उत्साह और आत्मविश्वास से भरा रहा। नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के अध्यक्षों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपने-अपने नगर में हुए बदलाव और विकास की कहानियां साझा कीं।

संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से न केवल उनके प्रयासों को सुना बल्कि उनसे यह भी पूछा कि उन्होंने अपने नगरों में कौन से नवाचार अपनाए हैं और आय सश्जन के लिए क्या नए माध्यम खोजे हैं। उन्होंने कहा कि यही प्रयास भविष्य के आत्मनिर्भर और आधुनिक उत्तर प्रदेश की नींव बनेंगे। अयोध्या के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कर-करेत्तर आय में अभूतपूर्व वृद्धि का उल्लेख करते हुए बताया कि



■ अपने-अपने नगर में बदलाव व विकास की कहानियां साझा की

प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु और पर्यटक नगर में आते हैं और निगम उन्हें स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने अयोध्या को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने की योजना की चर्चा करते हुए सुझाव दिया कि अयोध्या नगर निगम महापौरों का सम्मेलन आयोजित करे, ताकि यहां का विकास मॉडल अन्य निकायों को भी मार्गदर्शन दे। इसी क्रम में फिरोजाबाद की महापौर कामिनी राठौर ने बताया कि नगर निगम की आय 18 करोड़ से बढ़कर 40 करोड़ वार्षिक हो गई है और निगम द्वारा बनाया जा रहा मॉल स्थायी आय बढ़ाने में सहायक होगा। मुख्यमंत्री ने इसे सराहनीय प्रयास बताते हुए पूरी कार्यकारिणी को बधाई दी और इसे 100 करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। गाजियाबाद के मोदीनगर नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली जाटव ने स्थानीय आय वृद्धि और खाली भूमि के सदुपयोग पर सुझाव रखते हुए मार्गदर्शन मांगा। वहीं, मीरजापुर के अध्यक्ष श्याम सुंदर ने बताया कि नगर पालिका की आय 5.89 करोड़ से बढ़कर 11 करोड़ हो गई है और यहां डिजिटल सेवाओं के साथ नागरिकों को मुफ्त वाई-फाई भी उपलब्ध कराया गया है।

### बुजुर्ग के कैंसर पीड़ित बेटे के इलाज की योगी ने की व्यवस्था

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन के दौरान एक बुजुर्ग महिला के कैंसर पीड़ित बेटे को एंबुलेंस से सीधे कल्याण सिंह सुपर स्पेशियिलिटी कैंसर इंस्टीट्यूट भिजवाया और बेहतर इलाज का निर्देश दिया। योगी ने सोमवार सुबह 'जनता दर्शन' किया।

इस दौरान प्रदेश के 50 से अधिक पीड़ित पहुंचे। मुख्यमंत्री एक-एक करके सभी के पास पहुंचे, उनका प्रार्थना पत्र लिया और अफसरों को तत्काल उचित निराकरण का निर्देश दिया। इसी बीच कानपुर के रायपुरवा की 63-64 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने मुख्यमंत्री से कहा कि महाराज, हमारे जवान बेटे को कैंसर हो गया है। हम गरीब हैं, इलाज नहीं करा पा रहे। हमारे पास आयुष्मान कार्ड भी नहीं है। मेरे बेटे को जिंदगी दे दीजिए। इलाज के लिए कुछ आर्थिक सहायता मिल जाए। बुजुर्ग महिला की यह बात सुन मुख्यमंत्री योगी ने तत्काल उस बच्चे को कल्याण सिंह कैंसर सुपर स्पेशियिलिटी इंस्टीट्यूट भिजवाने और उपचार प्रारंभ कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर 'जनता दर्शन' से सीधे उसे अस्पताल भेज दिया गया। वहां उसकी जांच प्रारंभ हो गई। मुख्यमंत्री ने हर पीड़ित से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि सरकार हर सेवा, नारायण सेवा को अंगीकृत कर कार्य कर रही है। सभी प्रदेशवासियों के चेहरे पर खुशी लाना सरकार का उद्देश्य है। इसे लेकर ही सरकार नियमित रूप से कार्य कर रही है। इलाज के लिए किसी भी पीड़ित ने स्वयं, जनप्रतिनिधि या किसी भी माध्यम से सरकार तक अपनी बात पहुंचाई है।

# बगैर अनुमति के जुलूस-शक्ति प्रदर्शन पर कार्रवाई तय

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** बीते शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद बरेली में हुई हिंसा को लेकर प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा है कि धार्मिक अभिव्यक्ति को लेकर कोई परेशानी नहीं है, लेकिन बगैर अनुमति के सड़क पर जुलूस निकाल कर शक्ति प्रदर्शन हुआ तो फिर सरकार गम्भीरता के साथ निपटेगी।

अरुण ने कहा कि आई लव मोहम्मद हो या कोई भी धार्मिक अभिव्यक्ति इसको लेकर कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन बगैर मजिस्ट्रेट की अनुमति के जुलूस निकालना, नई परंपरा शुरू करने पर सरकार कड़े कदम उठाएगी। हर शुक्रवार धार्मिक अभिव्यक्ति का मतलब हम सड़कों पर जुलूस निकालकर शक्ति प्रदर्शन करे, ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि कोई भी राजनीतिक शोभायात्रा या जुलूस यदि गलत दिशा में समाज को लेकर जा रहा है, तो निश्चित



■ बरेली हिंसा के बाद मंत्री असीम की चेतावनी

तौर पर सरकार कार्यवाही करने से पीछे नहीं हटेगी। गौरतलब है कि बरेली में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद एक मस्जिद के बाहर इकट्ठा हुए स्थानीय लोगों और पुलिस के बीच झड़प हो गई थी। जिसके बाद पुलिस ने बल प्रयोग किया। कड़ी कार्रवाई करते हुए 24 से अधिक लोगों को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस ने बताया कि स्थानीय धर्मगुरु और इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा के आह्वान पर कई प्रदर्शनकारी 'आई लव मोहम्मद' अभियान के समर्थन में मस्जिद के बाहर इकट्ठा हुए थे।

# चरमपंथी लोगों से मिल रही राहुल गांधी को धमकी:कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस), भारतीय जनता पार्टी पर हमला करते हुए कहा है कि चरमपंथी विच. ारधारा कमजोर पड़ रही है, इसलिए इस सोच के लोग अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी को धमकी दे रहे हैं।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सोमवार को यहां एक वीडियो संद. ेश में कहा कि जब भी आरएसएस देश की सशक्त विचारधारा को हराने में विफल होती है तो उसके कार्यकर्ता शारीरिक लहसा का सहारा लेना शुरू करते हैं। इसी विच. ारधारा का एक चरमपंथी नाथूराम गोडसे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या कर देता है। अब, जब भाजपा वैचारिक लड़ाई हार रही है, तो उसके प्रवक्ता और नेता राहुल गांधी को मारने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने



कहा कि गांधी देश के लाखों विचारधारा के लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं और साजिश के तहत उन लाखों गरीबों, हाशिए पर पड़े लोगों और कमज़ोर वर्गों की आवाज़ दबाने की कोशिश चल रही है। देश के लाखों लोगों की आवाज को दबाने की साजिश हो रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि इतिहास गवाह है कि जब भी भारत ने इस विच. ारधारा को हराया है, तो आरएसएस हिंसा पर उतर आता है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल तथा अन्य सुरक्षा बलों ने कई बार गांधी की सुरक्षा को लेकर पत्र लिखा है, लेकिन भाजपा प्रवक्ता खुले आम उन्हें मारने की धमकी दे रहे हैं।

### राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी के पीछे भाजपा: वीरेंद्र चौधरी

**महराजगंज।** फरेंदा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी ने खुलेआम टीवी डिबेट में राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी को भाजपा के खतरनाक इरादे का संकेत बताया है। उन्होंने कहा अपनी मां की कथित गाली पर रुदन करने वाले पीएम मोदी ने क्या अपनी पार्टी के प्रवक्ता की राहुल गांधी के छाती में गोली मारने की धमकी को नहीं सुना?

विधायक वीरेंद्र चौधरी ने कहा दर असल यह केवल भाजपा प्रवक्ता की धमकी नहीं है, उसने वही कहा जो उसके स्वामी को पसंद है। उन्होंने कहा कि हैरत है कि अभी तक भाजपा ने अपने प्रवक्ता के शैतानी धमकी का संज्ञान तक नहीं लिया। उन्होंने कहा प्रतिउत्तर में कांग्रेस धमकी का जवाब धमकी से देना जरूरी नहीं समझती, लेकिन भाजपा यह समझ ले कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को ऐसे गुंडे मवालियों का जवाब उसी की भाषा में देने आता है। चौधरी ने कहा कि कांग्रेस नेताओं को ऐसी धमकी केवल केरल के ही भाजपा प्रवक्ता ने नहीं दिया। टीवी डिबेट में भाजपा के लगभग सभी प्रवक्ताओं की जुबान ऐसी ही भाषा बोलती है। उन्होंने कहा कि देश और जनता भाजपा के नेताओं की भाषा ध्यान से सुन रही है।

# मजबूत राष्ट्र के निर्माण में योगदान दें: मुर्मू

### राष्ट्रपति ने अधिकारियों से किया आह्वान

नई दिल्ली, वार्ता

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अधिकारियों से कहा है कि वे लगन और निज़्ठा के साथ कार्य कर समदृष्टता, मजबूत और समावेशी राष्ट्र के निर्माण में योगदान दे सकते हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि अधिकारी ईमानदार प्रयासों के माध्यम से यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि भारत विश्व के समक्ष शक्ति और प्रगति के आदर्श के रूप में स्थापित हो। भारतीय सांख्यिकी सेवा, भारतीय कौशल विकास सेवा और केंद्रीय इंजीनियरिंग सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने सोमवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से भेंट की।राष्ट्रपति



ने भारतीय सांख्यिकी सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि ठोस नीति निर्माण और कार्यान्वयन सटीक सांख्यिकीय विश्लेषण पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि आंकड़ों पर आधारित दुनिया में सांख्यिकी की प्रासंगिकता बहुत बढ़ गई है। उन्होंने आधिकारिक आंकड़ों के संकलन और विश्लेषण में सांख्यिकी अधिकारियों के रूप में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उनके कार्य में विशेज्ञता का अधिक महत्व है, जिसका उपयोग दश की बढ़ती आंकड़ों और सूचना संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में किया जाता है। राष्ट्रपति ने भारतीय कौशल विकास सेवा (आईएसडीए) के अधिकारियों से कहा कि कौशल और ज्ञान किसी भी राष्ट्र के आर्थिक विकास तथा सामाजिक प्रगति के सच्चे इंजन हैं। यह आवश्यक है कि हमारे युवा उन्नत तकनीकी कौशल को अपनाएं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि युवा अधिकारी विशिष्ट कौशल प्रशासकों के रूप में सुदृढ़ और भविष्य के लिए तैयार कार्यबल को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



सेंसेक्स 81715.63
निफ्टी 25056.90



सोना रु. 114547
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 143140
प्रति किलो



# लाल निशान पर बंद हुए प्रमुख सूचकांक

### शुरुआती बढ़त के साथ सेंसेक्स और निफ्टी में आई गिरावट

मुंबई, वार्ता

निजी बैंकिंग कंपनियों में बिकवाली के दबाव में घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को प्रमुख सूचकांक शुरुआती बढ़त के बाद अंत में गिरावट के साथ बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 61.52 अंक (0.08 प्रतिशत) टूटकर 80,364.94 अंक पर बंद हुआ। एक समय सेंसेक्स 425 अंक चढ़कर 80,851 अंक तक पहुंच गया था, लेकिन बाद में निजी बैंकों में बिकवाली के कारण लाल निशान में उतर गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी 19.80 अंक यानी 0.08 प्रतिशत नीचे 24,634.90 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों का 02 सितम्बर के बाद का निचला स्तर है। दोनों प्रमुख सूचकांक लगातार सातवें कारोबारी सत्र में टूटे हैं। एनएसई में ज्यादा शेयरों वाले सूचकांकों में तेजी रही। निफ्टी 100



सूचकांक में 0.11 प्रतिशत की तेजी रही। निफ्टी मिडकैप 50 सूचकांक भी 0.29 प्रतिशत चढ़ा।

हालांकि छोटी कंपनियों में बिकवाली से स्मॉलकैप-100 में 0.07 फीसदी की गिरावट रही। निजी बैंकों, फार्मा, ऑटो, स्वास्थ्य और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के शेयरों में बिकवाली की जोर रहा। वहीं सार्वजनिक बैंकों, धातु, रियलिटी और तेल एवं गैस समूहों में निवेशकों ने विश्वास दिखाया। सेंसेक्स की 30 में से 15 कंपनियों के शेयरों लाल निशान में और अन्य 15 के हरे निशान में रहे। एक्सिस बैंक का शेयर 1.91 प्रतिशत, मारुति सुजुकी का 1.65, एलएंडटी का 1.17 और आईसीआईसीआई बैंक का 1.01 प्रतिशत की गिरावट में रहा। भारती एयरटेल, इंफोसिस, अदानी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनी. लिवर, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर भी लाल निशान में रहे। रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस और टाटा मोटर्स के शेयर भी टूटे। टाइटन में सबसे अधिक 2.30 प्रतिशत की तेजी रही। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर 1.58 प्रतिशत, इटरनल का 1. 18, ट्रेंट का 1.08, बीईएल का 1.05 और एनटीपीसी का 1.02 प्रतिशत मजबूत हुआ। टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक और आईटीसी के शेयरों में भी तेजी रही। एशियाई शेयर बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग 1.89 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0. 90 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ।

### नवरात्र के सातवें दिन सोने में आया जमकर उछाल

**नई दिल्ली।** कमोडिटी मार्केट खुलते ही सोना और चांदी ने अपनी रफ्तार पकड़ ली। सुबह 9.17 बजे ही चांदी में जबरदस्त उछाल देखा जा रहा है। 1 किलो चांदी में 1845 रुपये की बढ़ोतरी नजर आ रही है। वहीं सोने में सुबह 9.18 बजे 835 रुपये प्रति 10 ग्राम की तेजी है। सुबह 9.27 बजे 10 ग्राम सोने का भाव 114547 रुपये चल रहा है। इसमें 759 रुपये प्रति 10 ग्राम की तेजी है। वहीं एक किलो चांदी की कीमत 143140 रुपये चल रही है। चांदी में इस समय 1251 रुपये प्रति किलो की तेजी देखने को मिल रही है। देश के महानगरों पटना में 10 ग्राम सोने का भाव 115,170 रहा, जबकि जयपुर में 115,210 , लखनऊ में 115,260, भोपाल में 115,350 और चंडीगढ़ में 115,220 रुपये रहा। पटना में आज सोने की कीमत सबसे कम है। यहां 10 ग्राम सोने का दाम 115,170 रुपये दर्ज किया गया है। इसके साथ ही भोपाल और इंदौर में सोने की कीमत सबसे ज्यादा है। यहां 10 ग्राम सोने का भाव 115,260 रुपये दर्ज किया गया है। अगर चांदी की बात करें तो पटना में चांदी भी सबसे सस्ती मिल रही है। यहां 1 किलो चांदी की कीमत 142,780 रुपये दर्ज की गई है।

# आत्मनिर्भरता और सतत जीवनशैली का प्रतीक बनकर उभरी खादी

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 में खादी न केवल भारत की सांस्कृतिक धरोहर और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बनकर सामने आई, बल्कि फैशन की दुनिया में अपनी आधुनिक पहचान भी दर्ज कराई। शानदार फैशन शो में मॉडल्स ने खादी के परिधानों की ऐसी श्रृंखला प्रस्तुत की, जिसमें परंपरागत शिल्प कौशल और आधुनिक डिज़ाइन का अनोखा संगम देखने को मिला। इसने यह संदेश दिया कि खादी 'ट्रेडिशन टू ट्रेंड' की यात्रा तय कर चुकी है और अब वैश्विक फैशन का हिस्सा बन रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार लोगों से स्वदेशी अपनाने की अपील कर रहे हैं। खादी भी स्वदेशी परिधानों का महत्वपूर्ण अंग है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को आत्मसात करते हुए उत्तर प्रदेश ने खादी और हैंडलूम को नई पहचान दी है। योगी सरकार खादी को सिर्फ परिधान तक सीमित नहीं मानती, बल्कि इसे आत्मनिर्भर भारत और पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली का मजबूत आधार मानती है। योगी सरकार की वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना ने हजारों बुनकरों और कारीगरों को सीधा लाभ पहुंचाया है। सरकार का लक्ष्य है कि खादी को स्थानीय से वैश्विक स्तर तक ब्रांड बनाकर उत्तर प्रदेश को 'हैंडलूम हब' के रूप में स्थापित किया जाए। राज्य में खादी उत्पादों की खपत लगातार बढ़ रही है। युवाओं में टिकाऊ फैशन को लेकर बढ़ती जागरूकता ने खादी को आधुनिक जीवनशैली का हिस्सा बना दिया है।

यही वजह है कि आज खादी को 'फैब्रिक ऑफ फ्यूचर' कहा जाने लगा है। यूपीआईटीएस 2025 में खादी की प्रस्तुति ने यह स्पष्ट किया कि उत्तर प्रदेश न केवल परंपरा को संजो रहा है, बल्कि भविष्य की जरूरतों के अनुरूप उसे वैश्विक मंच पर भी स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि सरकार का प्रयास है कि खादी को सिर्फ एक कपड़े के रूप में नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, कारीगरी और सतत विकास के प्रतीक के रूप में दुनिया के सामने प्रस्तुत किया जाए। सरकार का प्रयास इसी दिशा में है। उत्तर प्रदेश ने खादी को वैश्विक फैशन जगत में उतारकर दुनिया को यह दिखाया है कि स्थानीय शिल्प और आत्मनिर्भरता से भी अंतर्राष्ट्रीय पहचान बनाई जा सकती है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**क्रिकेट में....** को तैयार नहीं हुए। इसके बाद कार्यक्रम खत्म कर दिया गया और नकवी मंच से उतरे। वे ट्रॉफी और मेडल्स भी अपने साथ ले गए। नकवी पाकिस्तान के गृह मंत्री हैं, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के अध्यक्ष भी हैं। भारत ने ऐसा 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में किया। टीम इंडिया ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ भी नहीं मिलाया था। भारतीय टीम को जब ट्रॉफी नहीं दी गई, तो कप्तान सूर्यकुमार यादव ने साथी खिलाड़ियों के सामने खाली हाथ ही ऐसा जेस्चर बनाया मानो वे ट्रॉफी लेकर आ रहे हों। बाकी खिलाड़ियों ने भी इसे ही असली ट्रॉफी मानकर सेलिब्रेट किया। भारतीय खिलाड़ियों ने बिना ट्रॉफी के ही एशिया कप में जीत का जश्न मनाया। नकवी जैसे ही प्रेजेंटेशन स्टेज पर आए स्टैंड में बैठे भारतीय प्रशंसकों ने भारत माता की जय के नारे लगाने शुरू कर दिए। इधर भारतीय टीम अवॉर्ड लेने नहीं गई, तो करीब एक घंटे तक स्टेज पर कन्फ्यूजन बना रहा। प्रेजेंटेशन सेरेमनी के दौरान, जब नकवी ट्रॉफी देने के लिए अड़े रहे, तब भारतीय खिलाड़ी ग्राउंड में मौज मस्ती करते नजर आए। पाकिस्तान टीम सेरेमनी के दौरान एक तरफ खड़ी रही। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव से ट्रॉफी के बारे में सवाल पूछा गया। सूर्या ने कहा कि जब मैं क्रिकेट खेल रहा हूं, तब से पहली बार देखा कि चैंपियन टीम को ट्रॉफी नहीं दी गई। भारतीय ड्रेसिंग रूम में अपने सभी खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ के साथ होना ही मेरे लिए ट्रॉफी है। मैच के बाद पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा ने भारतीय टीम पर क्रिकेट का अनादर करने का आरोप लगाया। आगा ने कहा कि हमसे हाथ न मिलाकर वे हमारा अपमान नहीं कर रहे, वे क्रिकेट का अपमान कर रहे हैं। उनका व्यवहार बहुत ही गलत था। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बताया कि हमने फैसला किया था कि भारतीय टीम पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के किसी अधिकारी से ट्रॉफी नहीं लेगी। इसका मतलब ये नहीं कि नकवी भारत की ट्रॉफी या मेडल पाकिस्तान ले जाने के हकदार हो जाएंगे। नवम्बर में आईसीसी की कॉन्फ्रेंस है। हम वहां नकवी की हरकत पर कड़ी आपत्ति जताएंगे। उम्मीद है कि हमारी ट्रॉफी हमें जल्द मिल जाएगी।

**39 करोड़...** भी दे दिए, लेकिन निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी ने पैसे देने से पहले जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि आरोपी ने अलग-अलग जगहों से 50 से अधिक बीमे करवाए थे। कंपनी ने गहराई से पड़ताल की, तो पता चला कि पिछले 8 साल में उसकी पत्नी और माता-पिता की मौत अलग-अलग हादसों में दिखाई गई थी। इसके बाद शक और गहरा हो गया। कंपनी ने पिता की पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अस्पताल रिकॉर्ड का मिलान किया। दोनों रिपोर्ट में चोटें भी आपस में मेल नहीं खा रही थीं। शक के आधार पर कंपनी ने हापुड़ में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी विशाल सिंघल और उसके दोस्त को गिरफ्तार किया। विशाल से सख्ती से पूछताछ की। इसमें उसने माता-पिता की हत्या का जुर्म कबूल कर लिया। अब पुलिस उसकी पत्नी की मौत की भी जांच कर रही है। दरअसल, पत्नी की मौत के बाद भी उसने बीमा कंपनी से 80 लाख रुपये लिए थे। दोनों आरोपी मेरठ के रहने वाले हैं।

# भारत-यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के बीच एफटीए एक अक्टूबर से लागू हो जाएगा: गोयल

**नई दिल्ली।** भारत और चार देशों के यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) एक अक्टूबर से लागू हो जायेगा। इसे पिछले वर्ष अंतिम रूप दिया गया था और अब भारत कई अन्य विकसित देशों के साथ इस तरह के समझौतों के लिए बातचीत कर रहा है।

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि कई विकसित देश भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर करने के इच्छुक हैं। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन के साथ भारत ऐसे समझौते पहले ही कर चुका है तथा कई अन्य देशों के साथ बातचीत चल रही है। गोयल ग्रेटर नोएडा के अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी केंद्र में आयोजित पांच दिन के

■ केन्द्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री ने दी जानकारी

उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। ईएफटीए यूरोप के चार विकसित देशों का समूह है। जिसमें आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड शामिल हैं। इस समूह के साथ एफटीए को मार्च 2024 में अंतिम रूप दिया गया था। गोयल ने कहा कि ईएफटीए के साथ व्यापार समझौता एक अक्टूबर 2025 से प्रभावी होगा। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि अमेरिका, यूरोपीय संघ, न्यूजीलैंड, ओमान, पेरू और चिली के साथ भी व्यापार समझौते के लिए बात. चीत चल रही है। कतर और बहरीन ने भी भारत के साथ व्यापार समझौते के बातचीत में रुचि दिखाई है। यूरेशिया आर्थिक संघ (ईएईयू) के साथ बातचीत के संदर्भों को अंतिम रूप दे दिया गया है, जो भारत की मजबूत वैश्विक स्थिति को दर्शाता है। इस संघ में रूस, बेलारूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान और आर्मेनिया शामिल हैं। ईएफटीए के साथ समझौते में 14 अध्याय हैं। भारत-ईफएटीए के बीच द्विपक्षीय व्यापार वित्त वर्ष 2022-23 में 18.65 अरब डॉलर था। श्री गोयल ने आंतरिक और वाह्य क्षेत्र में भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति को मजबूत बताते हुए कहा कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब अमेरिकी डॉलर से ऊपर पहुंच गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारत 2014 में एक नाजुक अर्थव्यवस्था से उबर कर आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और अगले दो वर्षों में यह पांच लाख डॉलर के आकार के साथ तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैंडसअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत

**परिजनों में कोहराम मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप**

शाह टाइम्स संवाददाता

**पुरक़ाज़ी।** के मोहल्ला झोझगांन के बिल्लिशाह चौक की विवाहिता शबनम 30 वर्ष पत्नी जावेद की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके वालों ने ससुराल वालों पर महिला की हत्या का आरोप लगाया है। मृतक महिला की रविवार देर रात मौत हो गई थी जिसकी जानकारी सुबह मिलते ही मायके वाले मौके पर पहुंचे और हंगामा काटा। मृतक महिला की मौत की खबर पूरे कस्बे व क्षेत्र में फैल गई मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची । महिला दरोगा निशा सिंह ने मृतक महिला की गहनता से जांच की। मायके पक्ष के परिजनों ने थाने में तहरीर देते हुए बताया है कि मृतक महिला की शादी 9 साल पहले हुई थी शादी के बाद से ही ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज के लिए परेशान करते रहते थे। जिस कारण ससुराल वालों से लड़ाई झगड़े होते रहते थे।

पुलिस ने सास ससुर को पूछताछ के लिए हिरासत में लेकर थाने ले गई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है थाना प्रभारी जयवीर सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही कार्यवाही की जाएगी।

# मेधावी छात्राओं ने संभाली एसएसपी, एसपी व सीओ की कमान

## मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को सौंपा एक दिन का चार्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुज़फ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा चलाए गए मिशन शक्ति अभियान 5 के तहत जनपद पुलिस जहां अपराधियों पर भारी पड़ रही है तो वहीं मेद्यावी छात्राओं को थाना प्रभारी के रूप में एक दिन की कमान देकर उनका हौंसला बढ़ा रही है। एसएसपी के निर्देश पर सोमवार को चलाए गए मिशन शक्ति अभियान 5 के तहत सीओ मंडी कार्यालय पर एक दिवसीय सीओ के रूप में दायित्व दिक्षा चौधरी ने एक दिन का चार्ज संभाला और उसे सफलतापूर्वक निभाया। छात्रा पीआर पब्लिक स्कूल की कक्षा बारह की छात्रा है और प्रोटोकॉल के अन्तर्गत सीओ मंडी को उनके आवास से रिसीव किया गया। और इसके बाद उन्हे पुष्प भेट कर उनका स्वागत किया गया। वहीं सीओ कार्यालय दायित्व वंशिका गुप्ता जो कक्षा बारहवी की छात्रा है सीओ मंडी और दीक्षा चौधरी ने सीओ सदर, आविका छात्रा ने सीओ खतौली, प्रिंयका ने सीओ जानसठ एक दिन का कार्यभार संभालकर कार्य किया। उपासना कक्षा दसवी की छात्रा है और कक्षा आठ की छात्रा वैष्णवी ने सीओ भोपा और कक्षा ग्यारहवी की छात्रा ने सीओ बुढ़ाना, कक्षा बारहवी की छात्रा जोया खान सीओ फुगाना का कार्यभार संभाला। उक्त छात्राओं ने अपने-अपने कार्योलयों पर मौजूद कर्मचारियों का परिचय लिया और कार्यालय में बैठक जनसुनवाई करते हुए समस्याओं का निस्तारण भी किया। इस दौरान उक्त छात्राओं ने पीडितों से संवाद कर शिकायतों को समझने का प्रयास किया। सभी छात्राओं ने एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की। जनपद के पुलिस मुखिया का कहना है कि शिक्षित छात्राओं को सीओ की कमान सौंपा न केवल सशक्ति का एक प्रतीक है बल्कि युवा पीढ़ी में कानून व्यवस्था के प्रति जागरूकता और विश्वास पैदा करना है।

मिशन शक्ति अभियान 5 के तहत ही सीडीईआर कॉलेज में बीएससी नर्सिंग की छात्रा दायित्व सलौनी वालिया ने भी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कार्यालय का चार्ज संभालते हुए उन्होने सर्वप्रथम कर्मचारियों का परिचय लिया और जन सुनवाई कर समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। वालिया ने लोगों से संवाद कर उनके निस्तारण के संबंध में जाना। एक ओर छात्रा अंजलि राघव ने भी सफलतापूर्वक चार्ज की कमान संभाली। यह छात्रा होली एंजिल पब्लिक स्कूल में कक्षा दस की छात्रा है। मिशन शक्ति अभियान 5 के तहत ही आकांशा ने एसपी सिटी का एक दिन का चार्ज संभाला। आकांशा बीएड की छात्रा है और उन्होने भी पुलिस अधीक्षक नगर की कमान संभालकर महिला सशक्तिकरण का परिचय दिया।

इसी तरह अंशिका जो एसडी कॉलेज में एसएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा है ने एसपी ग्रामीण के रूप में उनके कार्यालय में कार्य किया और समस्याएं सुनकर लोगों से संवाद किया। एमजी पब्लिक स्कूल में इंटर कॉलेज कु. अलेहा बतून पुत्री नजफ अली ने भी खालापार थाने में एक दिन का कार्यभार चलाया है।





मुजफ्फरनगर: विकास भवन में प्रेसवार्ता करते प्रभारी मंत्री सोमेन्द्र तोमर।

# नवीन मंडी स्थल पर नमूने भर टीम ने की आलू की गुणवत्ता चैक

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** नवरात्रि, दशहरा एवं अन्य आगामी पर्व के अवसर पर आम जनमानस को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य व पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के दृष्टिगत खादुय सुरक्षा विभाग ने नवीन मंडी में छापेमारी की। सहायक आयुक्त अर्चना धीरान के निर्देश पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवकुमार मिश्र के नेतृत्व में निरीक्षकों ने आढ़तियों के प्रतिष्ठानों पर फल व सब्जियों की गुणवत्ता देखते हुए नमूने संग्रहित किए। नवीन मंडी स्थल खतौली में उस्मान फ्रूट कंपनी के मालिक इकबाल अहमद, मांगेराम, नीरज कुमार फ्रूट कंपनी, राजा रामनद फ्रूट कंपनी, आमिर फ्रूट कंपनी, त्यागी फ्रूट एवं वेजिटेबल, नारंग आलू कंपनी एवं कृष्ण मोहन शीत ग्रह प्रतिष्ठानों पर जांच की।

वहीं नवीन मंडी स्थल मुजफ्फरनगर में बालाजी आलू कंपनी, शाकंभरी आलू कंपनी, श्री दीप शिवा आलू कंपनी, वर्णिका शिव आलू कंपनी आदि पर छापेमारी की गई। टीम ने इस दौरान आलू के रंग की गुणवत्ता देखी।

जानसठ रोड मुजफ्फरनगर स्थित वृषांक सुपर मार्केट से विजय प्रताप सिंह से मूंगफली की गिरी तथा काजू के कुल दो विधिक नमूने संग्रहित किया। इसके अलावा एटूजेडी रोड पर नन्द डेरी से पनीर, आबूपुरा स्थित सुनील डेरी से घी के नमूने संग्रहित किए गए। जय हिंद डेरी अबूपूरा से पनीर का नमूना लिया गया। इसके अलावा भगवती ट्रेडर्स से संदेह के आधार पर रिफाइंड, राइस ब्रान ऑयल का नमूना संग्रहित किया। सहायक आयुक्त अर्चना धीरान ने बताया कि कुल छह नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है।

# पेट्रोल पंप पर कम तोली का खेल

## बेगराजपुर क्षेत्र में पेट्रोल बचाकर अपनी शीशी भरता कर्मचारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुज़फ्फरनगर।** जनपद में कुछ पेट्रोल पंपों पर ग्राहकों को कम पेट्रोल व डीजल देकर पूरी तरह चोर बजारी की जा रही है। कई बार नगर के कई स्थानों पर कम तेल देने को लेकर झगड़ा फसाद भी हो चुका है और कुछ मामले पुलिस थानों तक भी पहुंचे है। कम तेल देने के आरोपों की पुष्टि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में भी हो चुकी है। इससे यही लग रहा है कि कुछ पेट्रोल पंप कर्मचारी अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहे है, हालांकि समय-समय पर पेट्रोल पंपों पर नापतोल विभाग की छापे मारता रहता है और कुछ पेट्रोल पंपों पर शिकायत सही पाई गई, लेकिन ठोस कार्यवाही न होने के कारण कुछ पेट्रोल पंप के कर्मचारी अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहे है। मेरठ रोड बेगराजपुर क्षेत्र में भी एक ग्राहक जब पेट्रोल पंप पर तेल लेने पहुंचा तो कर्मचारी एक ग्राहक का तेल बचाकर अपने बैग में रखी सीसी को भरता हुआ दिखाई दिया। यह मामला



सीसीटीवी कैमरे में भी कैद है।

### महासभा ने एसडीएम को सौंपा कार्यवाही के लिए ज्ञापन

**मुजफ्फरनगर।** अखिल भारत हिंदू महासभा के पदाधिकारी ने एसडीएम सदर को एक ज्ञापन देकर मोहम्मद अखलाक के मदरसे की मजीन ज्यादा बताते हुए कार्यवाही की मांग की है। एसडीएम को बताया कि मदरसा काफी समय से बंद है। उन्होने ज्ञापन में अन्य गंभीर आरोप भी लगाए है।

इस पत्र के माध्यम से हिंदू महासभा से अनुरोध करती है कि इसकी निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों को सबसे सबसे ज्यादा दी जाए ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष योगेंद्र वर्मा प्रदेश प्रभारी हरिओम त्यागी प्रदेश अध्यक्ष अरुण चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष अमित पहलवान विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट बृजभूषण शर्मा सिंह युवा मंडल अध्यक्ष शुभम जोशी विकास कश्यप से अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एडीजे, डीएम व एसएसपी ने किया जेल का निरीक्षण

**अस्पताल की व्यवस्था परखी, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुज़फ्फरनगर।** एडीजे प्रथम कार्यवाहक जिला जज डीएम व एसएसपी ने सोमवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। जिला जेल पहुंचे एडीजे प्रथम और दोनो अधिकारियों ने सबसे पहले कारागार में पुरूष व महिला बैरकों का निरीक्षण किया और रसोई की व्यवस्था परखते हुए साफ-सफाई व बंदियों को मैन्यू के हिसाब से भोजन देने के लिए निर्देश दिए। इस दौरान अधिकारियों ने पुरूष व महिलाओं बंदियों से जेल में मिलने वाली सुवधिाओं व समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। इसी दौरान उन्होने कारागार कार्यालय का भी निरीक्षण करते हुए अभिलेखों के रख-रखाव व मुलाकाती रजिस्टर का अवलो. कन किया। अधिकारियों ने जिला कारागार मे सुरक्षा की दृष्टि से लगी जैमर प्रणाली सीसीटीवी कैमरों को भी चैक किया और अस्पताल का निरीक्षण कर यहां से उपलब्ध होने वाली दवाईयों के संबंध में बात की। उन्होने मरीजों में इलाज तथा लाप. रवाही बरतने वाले डॉक्टर को चेता. वनी भी दी है। उन्होने कहा कि जिला कारागार में शासन के आदेश पर ही बंदियों को मिलने वाली सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होने जेल प्रशासन को सख्त हिदायत दी कि प्रतिबंधित कोइ भी वस्तु जेल में न जानी पाए और सफाई व्यवस्था का पूरी तरह ध्यान रखे।

### जीएसटी कम करके मोदी सरकार ने दिया दीवाली का तोहफा:तोमर

**मुजफ्फरनगर।** विकास भवन के सभागार में जिले के प्रभारी मंत्री एंव ऊर्जा मंत्री डा. सोमेन्द्र तोमर ने जीएसटी रिफार्म को लेकर प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी की दर को कम कर पूरे देश को दीपावली का तोहफा दिया है। उन्होंने कहा कि इन दरों का लाभ व्यापारी, किसान, आम आदमी, गृहणी, शिक्षा, चिकित्सा आदि को मिलेगा। वर्ष 2017 में जीएसटी लागू होने के बाद से अब तक का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण बदलाव है। जीएसटी के बिखरे हुए करों से एक देश, एक कर एक बाजार के सिद्धांत को शुरू किया है। आज भारत देश दुनिया की चौथी सबसे बडी अर्थ व्यवस्था बन चुका है। वार्ता में जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर वीर पाल निर्वाल भी मौजूद रहे।

# साधु के वेश में रावण ने किया जानकी का हरण

## शहर की सबसे पुरानी रामलीला में रोजाना बढ़ रही है श्रद्धालुओं की संख्या

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** जय राम रूप अनूप निर्गुन सगुन गुन प्रेरक सही, दससीस बाहु प्रचंड खंडन चंड सर मंडन मही, पाथोद गात सरोज मुख राजीव आयत लोचनं , नित नोमि रामु कृपाल बाहु बिशाल भव भय मोचनं, टाउन हॉल शहर की प्रसिद्ध रामलीला में रावण ने किया साधु के वेश में जानकी जी का हरण

रविवार को रामलीला सभा रजिस्टर टाउन हॉल शहर में सीता हरण एवं जटायू उद्धार की लीला का बहुत ही सुन्दर मंचन रहा, मंचन की सुंदर प्रस्तुति को देखकर दर्शक भावविभोर हो गए, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुश पुरी (काऊ सेंचुरी अध्यक्ष), ब्विरतन गुप्ता (शारदेन पब्लिक स्कूल), अर्चना बाटला (बाटला पब्लिकेशन), प्रवीण गोयल (स्वास्तिक रबर) ने विधिवत पूजा अर्चनाकर रामचंद्र को तिलक व रामायण जी के समक्ष आरती करके शुभारंभ किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष शिवचरण गर्ग, मंत्री सतीश गर्ग, उपमंत्री अनमोल सिंघल, कोषाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, संरक्षक एवं मुख्य निर्देशक साधुराम गर्ग, सहा. मुख्य निर्देशक अजय गर्ग, रामायण वाचक रविंद्र गुप्ता, सुखदेव मित्तल (वरिष्ठ अधिवक्ता), कार्यालय मंत्री वैभव मित्तल, नवीन गुप्ता (ठेकेदार) सुशील गोयल, संजय गोयल (ठेकेदार), अंजुल भूषण, अतुल गर्ग, निर्देशक जगन्नाथ रोहिल्ला, कमलकांत शर्मा, अरविंद दीक्षित, नितिन नामदेव, पुष्पेंद्र जिंदल, रजत गोयल, अनुराग शर्मा, शोभित गुप्ता, अनमोल मित्तल, शोभित सिंगल, रजत शर्मा, राघव गुप्ता, सागर कुच्छल, कार्तिक कुच्छल, अंशुल जैन, प्रियंक गर्ग, सौरभ गर्ग, अंकुर सिंघल, अनुज सिंघल, कृष्णा बंसल, प्रिंस गर्ग, शुभम गौतम, आदि समस्त कलाकार उपस्थित रहे ।



# मोटी रकम कमाने को स्पा की आड़ में चल रहा अनैतिक कार्य

## शिक्षा की उम्र में अभिभावकों की लापरवाही, कारोबारी का लालच कुछ छात्र-छात्राएं पकड़ रहे गलत राह

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** अनैतिक कार्य कर मोटी रकम कमाने के लिए लोग कभी ओयो चलाकर उसमें अनैतिक कार्य कराने से भी नहीं चूक रहे है। कभी कैफे की आड़ में तो कभी स्पा सेन्टर चलाकर अनैतिक कार्य कराने का चलन पूरी तरह जोर पकड रहा है। अब तक पुलिस मंडी सिविल लाइन सहित कई थाना क्षेत्रों में ओयो, स्पा व कैफे की आड़ में स्कूल-कॉलेज की छात्र-छात्राओं को जगह देकर उन्हे गलत कार्य की दलदल में धकेलने के मामले दर्जनभर सामने आ चुके है। इसमें पुलिस कई स्थानों पर छापेमार कार्यवाही कर डार्क कैफे के नाम से चल रहे अनैतिक कार्य में लिप्त चार दर्जन से अधिक युवती व युवकों को पकडा था जिनमें अधिकतक छात्र-छात्राएं पाई गई थी।

पुलिस ने उस समय डार्क कैफे को सील कर दिया था इसके कुछ दिन बाद ही तत्कालीन मंडी सीओ रूपाली राव ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर पचेंडा रोड स्थित एक कैफे पर छापा मारकर यहां से आपत्तिजनक चीजे बरामद कर मौके से कई युवक व युवतियों को हिरासत में लिया था। इतना हीं नहीं अब तक तीन या चार बार पुलिस कैफे की आड में चल रहे अनैतिक धंधों पर कार्यवाही कर चुकी है इसके अलावा सिविल लाइन पुलिस ने कुछ दिन पूर्व सरकुलर रोड पर एक ओर डार्क कैफे में छापेमारी कर लकडे के छोटे-छोटे फोन्डेशन में बैठे युवक व युवतियो को



आपत्तिजनक हालत में दबोचा था। इस दौरान सिविल लाइन पुलिस ने लखनऊ से यहां रहकर कैफे चला रहे दम्पत्ति के खिलाफ कार्यवाही की थी। इस छापेमारी में गंभीर बात यह थी कि लखनऊ की इस महिला ने मोटी रकम कमाने के लिए सरक. ारी नौकरी से भी इस्तीफा दे दिया था और पति भी सरकारी जोब पर था, लेकिन कैफे से हुई मोटी कमाई के लालच में इस दम्पत्ति को इतना अंधा कर दिया था कि एक से तीन कैफे बना डाले थे, हालांकि पुलिस छात्र-छात्राओं को चेतावनी देकर परिजनों के सुपुर्द कर देती है और रविवार को भी पुलिस ने विश्वकर्मा चौक के निकट एक रेस्टोरेंट जो अंडरग्राउड चल रहा था और जिस स्थान पर यह अनैतिक कार्य हो रहा था उसका नाम कमल प्लाजा बता रहे है यहां भी पुलिस को स्कूल की ड्रेस में कुछ छात्र-छात्राओं के साथ नेपाल व अन्य स्थानों की कई लड़कियों को हिरासत में लिया है, लेकिन यहां भी स्पा सेन्टर का संच. ालक पुलिस का चकमा देकर भाग निकला।

यह कार्यवाही आईपीएस सीओ सिटी व प्रशासनिक अधिकारियों की देखरेख में चला पुलिस ने रात्रि में ही पकडी गई युवतियों की लिखापढ़ी की और उन्हे जेल रवाना कर दिया। अब इसमें सवाल यह है कि जब इसमें पुलिस कार्यवाही के दौरान स्पा, ओयो व कैफे में आपत्तिजनक स्थिति में युवक युवतियों को दबा. चकर संचालक के खिलाफ कार्यवाही ही नही बल्कि कैफे में भी सील लगा देती है तो इस धंधे पर रोक क्यो नही लग रही है? यह तो अलग बात है कि कैफे से संबंधित दस्तावेज न मिलने पर पुलिस कार्यवाही करती है या नहीं, लेकिन कैफे चलाने के भी नियम व कायदे कानून है। क्या पुलिस छापे के बाद अनैतिक कार्य करने वालों पर कार्यवाही करने के साथ कैफे संबंधित दस्तावेज बरामद न होने की कार्यवाही भी करती है, हालांकि कैफे, ओयो व स्पा की आड में अनैतिक कार्य करने वालों पर कार्यवाही हो रही है। और जनपद पुलिस भी इस दलदल में फंसे युवक युवती व संचालक पर कानूनी कार्यवाही कर रही है।

लोगों में यह भी सवाल उठ रहे है कि स्कूल कॉलेज आने वाले छात्र-छात्राओं के परिजन आखिर अपने बच्चों पर यह ध्यान क्यो नहीं देते कि वह कहां जा रहे है स्कूल से भी वह शायद कुछ अभिभावक अपने बच्चों के संबंध में सम्पर्क नहीं करते, यही कारण है कि पढ़ाई की उम्र में कुछ छात्र-छात्राएं गलत कार्य की दलदल में फंस रहे है और कभी-कभी यह मामले बड़ा संगीन रूप ले लेते है। कार्यवाही के दौरान पुलिस सभी छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को बुलाकर उन्हे समझाती है इतना ही नहीं शासन के दिशा-निर्देश पर सभी जनपदों की पुलिस के साथ मुजफ्फरनगर पुलिस भी मिशन शक्ति के तहत पिछले कई वर्ष से छात्र-छात्राओं को ही नहीं आम महिलाओं को भी शहर, नगर व गांव जाकर समझा रही है, लेकिन जब पुलिस की कार्यवाही ने इस तरह के मामले सामने आते है तो यहीं महसूस होता है कि पुलिस की रात दिन की मेहनत के बाद भी कोई फर्क नहीं पड रहा है।

### कैफे चलाने के नियम

कैफे चलाने के लिए एफएसएसआई खाद्य लाईसेंस, व्यापार लाईसेंस, जीएसटी पंजीकरण के साथ फायर सुरक्षा प्रमाण पत्र और स्थानीय प्रमिट का होना जरूरी है कैफे के लिए एक अच्छा स्थान चुनना फर्नीचर के साथ एक अच्छा मीनू बनाना भी होता है। और खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता के उचित नियमों का पालन करना भी होता है इसमें नगर पालिका या नगर नियम से व्यापार लाईसेंस ही लेना जरूरी है और जीएसआई पंजीकरण भी कराना आवश्यक होता है। इसमें फायर सुरक्षा प्रमाण पत्र के साथ खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता नियमों का पालन करना तथा उच्च स्वच्छता मानकों का पालन करना भी जरूरी है।

### कहां-कहां लगा छापा

मंडी क्षेत्र में सीओ मंडी राजू साव ने एक स्थान पर चल रहे कैफे की आड़ में अनैतिक कार्यो की सूचना पर छापा मारकर स्कूल की ड्रेस में कुछ छात्रों को दबोचा था इस समय कैफे संचालक को चेतावनी दे दी गई थी। वहीं रविवार को सिविल लाइन थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ने आईपीएस सीओ सिटी के साथ मिलकर कौशल्या, कोमल, पायल, मंजू आदि को हिरासत में लिया और संचालक सहित सभी पर मुकदमा दर्ज कर उन्हे जेल भेज दिया गया। कुछ माह पूर्व भी सिविल लाइन पुलिस ने एक स्पा सेन्टर पर छापा मारकर नाबा. लिग युवती सहित कई महिलाओं को हिरासत में लिया था इस दौरान प्रकाश में आया था कि एक युवक दूसरे जनपद व राज्यो में घूमकर भोली-भाली लडकियों को अपने जाल में फंसाकर उन्हे अनैतिक कार्यो की दलदल में झोंक देता है। इसके अलावा नई मंडी पुलिस ने पचेंडा रोड कैफे की आड में चल रहे अनैतिक कार्य करने के आरोप में कई युवक व युवतियों को हिरासत में लिया और संचालक के खिलाफ कार्यवाही करते हुए कैफे को सील कर दिया था। इससे पूर्व मंसूरपुर पुलिस ने ओयो रेस्टोरेंट की आड में अनैतिक कार्य की सूचना पर छापा मारकर कड़ी कार्यवाही की थी। इसके अलावा मंडी व सिविल लाइन पुलिस कई स्पा सेन्टरों पर छापामारी कर अनैतिक कार्यो का खुलासा कर चुकी है।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्रा राधिका बनी एक दिन की सीएमओ



**डेंगू की रोकथाम के दिए गए निर्देश**

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** महिला सशक्तिकरण एवं बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जनपद मुज़फ़्फ़रनगर में एक अनूठी पहल की गई। इस क्रम में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, मुज़फ़्फ़रनगर की कक्षा 8 की छात्रा राधिका को एक दिन के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) बनाया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. सुनील कुमार तेवतिया स्वयं गाड़ी से छात्रा राधिका को रिसीव करने पहुँचे। उन्होंने उसे पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और अपने साथ कार्यालय लेकर आए, जहाँ औपचारिक रूप से उसे कार्यभार ग्रहण कराया गया। इस दौरान राधिका ने सीएमओ कार्यालय का निरीक्षण किया तथा स्वास्थ्य विभाग से संबंधित विभिन्न समस्याओं और योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। डॉ. सुनील तेवतिया ने राधिका को स्मृति स्वरूप एक डायरी, पेन और चॉकलेट भी उपहारस्वरूप प्रदान किए। डायरी में उन्होंने अपने हाथों से एक प्रेरणादायक संदेश भी लिखा, जिससे राधिका का उत्साह और आत्मविश्वास और अधिक बढ़ सके। राधिका ने विशेष रूप से डेंगू नियंत्रण, मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं और अन्य जनस्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर सुझाव दिए। उसने कहा कि बच्चों और युवाओं में मानसिक रोगों को लेकर जागरूकता बढ़ाई जानी चाहिए, साथ ही डेंगू की रोकथाम हेतु सफाई और जन-जागरूकता अभियानों को और प्रभावी बनाया जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने छात्रा राधिका की सोच और सुझावों की सराहना करते हुए कहा कि हमिशन शक्ति अभियान से बेटियों में नेतृत्व की भावना विकसित हो रही है। ऐसे अवसर उन्हें समाज और प्रशासन की कार्यप्रणाली को समझने के साथ-साथ अपने विचार रखने का मंच भी प्रदान करते हैं। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं विद्यालय की अध्यापिका भी उपस्थित रहीं।

सभी ने राधिका के आत्मविश्वास और दूरदृष्टि की प्रशंसा की तथा विश्वास जताया कि इस तरह के कार्यक्रम से बालिकाएँ प्रेरित होकर समाज में अपनी भूमिका को और सशक्त बनाएंगी।

# ससुराल में सुपुर्दे-ए-खाक किया गया नईम का शव



**मीरापुर।** थाना मीरापुर क्षेत्र में रविवार को पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में पुलिस की जवाबी फायरिंग से 1 लाख रुपये का इनामी शातिर अपराधी नईम कुरैशी मारा गया, जबकि उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। सोमवार को मृतक बदमाश के शव को मीरापुर में उसे ससुराल पक्ष के लोगो द्वारा सुपुर्देखाक कर दिया गया। इस दौरान बडी संख्या में पुलिसबल मौजूद रहा।

मीरापुर पुलिस को 28 सितंबर को सूचना मिली कि दो शातिर लुटेरे किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में इलाके में घूम रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने गंगनहर पटरी पर चेकिंग अभियान शुरू किया। इसी दौरान बाइक सवार दो संदिग्ध दिखाई दिए। रोकने पर बदमाशों ने पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी और गन्ने के खेतों में छिप गए। आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक बदमाश गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान नईम कुरैशी पुत्र यूसुफ निवासी दक्षिणी खालापार, थाना खालापार, मुजफ्फरनगर के रूप में हुई। मौके से पुलिस ने अवैध हथियार, कारतूस और दो मोटरसाइकिल बरामद कीं। एसएसपी मुजफ्फरनगर संजय कुमार वर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पुलिस टीम की बहादुरी की सराहना की। पुलिस के अनुसार मारा गया नईम शातिर किस्म का लुटेरा था, जिस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। उसके खिलाफ 35 से अधिक गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज थे। सोमवार को मृतक का शव उसके ससुराल पक्ष द्वारा मीरापुर लाया गया। जैसे ही शव कस्बे में पहुंचा, लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मृतक बदमाश मीरापुर के मोहल्ला कोटला निवासी इरशाद मिस्त्री का दामाद था। दोपहर बाद शव को मोहल्ला कोटला स्थित कुरैशियान कब्रिस्तान में दफनाया गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन को भीड़ को नियंत्रित करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी बबलू सिंह वर्मा भारी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे।

# पूर्व सांसद स्व. सैयद मुर्तजा की याद में लगा स्वास्थ्य शिविर




**पुरकाजी।** पूर्व सांसद उत्तर प्रदेश के पूर्व गृह राज्य मंत्री सईदुज्जमा के पिता पूर्व सांसद स्व. सैयद मुर्तजा की याद में सैयद मुर्तजा मेमोरियल ट्रस्ट के सौजन्य से विशाल निरूशुल्क सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व गृह राज्य मंत्री सईदुज्जमा के पुत्र समाजसेवी सलमान सईद ने सोमवार को पी बी जनता जूनियर हाई स्कूल में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि पुरकाजी बाईपास पर स्थित एसएम डिग्री कालेज में 30 सितंबर को सैयद मुर्तजा मेमोरियल ट्रस्ट के सौजन्य से निरूशुल्क सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं, जिसमें मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ चिकित्सक डा सैयद हसन, डा अशद जमील समेत आधा दर्जन से अधिक चिकित्सक आकर मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे। उन्होंने बताया कि शाम के समय पूर्व सांसद सैयद मुर्तजा की याद में पूर्व सांसद स्व. सैयद मुर्तजा कव्वाली आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि सैयद मुर्तजा मेमोरियल ट्रस्ट के द्वारा समय-समय पर गरीब लोगों की मदद करते लहते है। प्रेस वार्ता में सलमान शाहिद, डा शाहिना, शाहनवाज कुरेशी, सरताज फरीदी आदि मौजूद रहे

## सेंट जेवियर्स मे डांडिया रास में बच्चों ने दिखाया उत्साह

**भोपा।** नवरात्रि के पावन अवसर पर मुज़फ्फरनगर -भोपा मार्ग स्थित सेंट जेवियर्स ग्लोबल स्कूल में विशेष रूप से डांडिया रास का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। इस कार्यक्रम में छोटे बच्चों से लेकर शिक्षकगण तक ने हिस्सा लिया और नृत्य के माध्यम से भारतीय संस्कृति और परंपराओं का आनंद लिया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य ने दीप जलाकर की और सभी को नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के जूनियर वर्ग के बच्चों ने पारंपरिक गुजराती परिधानों में सजे-धजे होकर डांडिया रास की धुन पर नृत्य किया। बच्चों ने रंग-बिरंगे घाघरे, चणियां और कुर्ता पहनकर इस पर्व को जीवंत कर दिया। उनके जोश और उत्साह ने वातावरण को और भी रंगीन बना दिया। कार्यक्रम के दौरान, शिक्षकों ने भी बच्चों के साथ डांडिया नृत्य में भाग लिया। बच्चों और शिक्षकों के सामूहिक प्रयास ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। यह आयोजन सिर्फ एक नृत्य कार्यक्रम नहीं था, बल्कि यह भारतीय संस्कृति, एकता और सहयोग का प्रतीक बन गया।

## शहर के ग्रामीण क्षेत्रों में चलेगा सघन विद्युत चैकिंग अभियान

**मुजफ्फरनगर।** प्रबन्ध निदेशक प0वि0वि0नि0लि0, मेरठ ईशा दुहान एवं मुख्य अभियन्ता, प0वि0वि0नि0लि0, मुजफ्फरनगर क्षेत्र विनोद गुप्ता जी के निर्देशानुसार अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल-प्रथम, मुजफ्फरनगर के संचालन में मखियाली, सिखेडा टाउन, गढी पचेण्डा, गढी शान्ति नगर, नावला, सांझक टाउन, कुटेसरा एवं दधेडू क्षेत्रों को सक्सेस स्टोरी के लिए चयनित किया गया है एवं इन पोषकों पर 03 अक्टूबर से मुख्यालय एवं लोकल विजिलेंस द्वारा सघन अभियान चलाया जायेगा। अतः राजस्व वसूली एव विद्युत चोरी क्षेत्रों में कैम्प लगाकर सम्मानित उपभोक्ताओं को यह अवसर दिया जायेगा कि वह अपनी विद्युत सम्बन्धित शिकायतों का निराकरण ससमय करा सके।

## बंद रहेगी अलावलपुर माजरा फीडर की सप्लाई

**मुजफ्फरनगर।** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम, मुजफ्फरनगर के कार्य क्षेत्रान्तर्गत 132 केवी. लालूखेडी से निर्गत 33/11 के0वी. उपकेन्द्र अलावलपुर माजरा पर 03 नं. पीटी स्थापित होने का कार्य बिजनेस प्लान (2023-2024) के अन्तर्गत किया जाना है। जिस कारण 33/11 के0वी0 उपकेन्द्र अलावलपुर माजरा की आज समय प्रातः 09:30 बजे से सांय 13:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बन्द रहेगी। उक्त अवधि में विद्युत आपूर्ति नही होने पर असुविधा के लिए खेद?

## भाकियू क्रांतिकारी में नए पदाधिकारियों की घोषणा

**खतौली।** भारतीय किसान यूनियन क्रांतिकारी की बैठक में संगठन विस्तार के तहत कई नए पदाधिकारियों की घोषणा की गई। इस दौरान रणसिंह को पश्चिमी उत्तर प्रदेश का उपाध्यक्ष बनाया गया। वहीं लक्की सिंह को ग्राम कार्यकारिणी सदस्य, आदित्य सिंह को ब्लॉक अध्यक्ष सेवा प्रकोष्ठ, उत्तम सोम को ब्लॉक सचिव सेवा प्रकोष्ठ, सागर राणा को ग्राम सचिव सेवा प्रकोष्ठ, हरिश शर्मा को ग्राम कार्यकारिणी सदस्य मढकरीमपुर और डॉ. दुर्गेश कुमार को ग्राम अध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ याहियापुर की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव राणा, राष्ट्रीय संगठन मंत्री जगपाल सिंह, जिला अध्यक्ष डॉ. संजय चौहान, जिला अध्यक्ष सेवा प्रकोष्ठ राजीव राणा, जिला उपाध्यक्ष सेवा प्रकोष्ठ संजय सिंह, ग्राम अध्यक्ष अनिल कुमार सहित बिटू आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## अलीपुर अटेरना में देहाती सोंग हुआ शूट

**बुढ़ाना।** गांव अलीपुर अटेरना में सैनी भवन सहित कई अन्य स्थानों पर एक दिवसीय एक देहाती सोंग का शूट किया गयाघ। जिसमें उस्मान चौधरी, शिवानी शर्मा, सीमा कश्यप, ओमप्रक. ाश राजपूत और मालूम अहमद सहित अन्य कई कलाकारों पर भी काफी सीन्स फिल्माए गये। इस देहाती सोंग के डीओपी शिवम गुड़ियान, डायरेक्टर वसीम खान, अमित कुमार और नीरज सिंदूरिया संयुक्त रुप से हैं। एडीटर राहुल गुड़ियान और कैमरामेन नीटू कसेरवा हैं। इस गांव में हो रही इस देहाती सोंग की शूटिंग देखने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी लेकिन फिर भी सभी ग्रामीणों ने सोंग टीम का पूरा सहयोग किया। यह देहाती सोंग अगले महीने अक्टूबर में यूटड्ब पर किसी चौनल पर रिलीज कर दिया जाएगा। इस देहाती सोंग में गांव के ही कुछ कलाक. ार भी लिए गये हैं।

## युवती का अपहरण करके रेप करने वाले दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक युवती का अपहरण कर उसके साथ रेप करने वाले दो युवक गिरफ्तार कर जेल भेज दिए गये। बीती 23 सितम्बर को बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के एक गांव निवासी किसी ग्रामीण ने फुगाना पुलिस को बताया था कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी 18 वर्षीया पुत्री को बहला फुसलाकर उसका अपहरण कर लिया है। तब पुलिस ने मामले को गंभीर मानते हुए अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरु कर दी थी। पुलिस टीम ने भागदौड़ कर अपहृत युवती को बीते दिन नई दिल्ली के कमलानगर इलाके से बरामद कर लिया और आरोपी को भी पकड़ लिया। पूछताछ में पता लगा कि पकड़ा गया समीर युवती से काफी दिनों से फोन पर बात करता था और उसके घर पर भी जाकर उससे मिल चुका। समीर युवती को नौकरी लगवाने के नाम पर बहला फुसलाकर अपने साथ लोनी ले गया था और वहां जाकर युवती के साथ रेप किया। उसके बाद वह युवती को दिल्ली रेलवे स्टेशन पर छोडकर उसको चकमा देकर फरार हो गया। जब युवती रेलवे स्टेशन से बहार आयी तो रेलवे स्टेशन के पास आलोक मिश्रा अपनी टैक्सी लेकर मिला। जो पीडिता को अपने साथ एक कमरे पर दिल्ली के रोहिणी इलाके मे ले गया और वहां ले जाकर उसके द्वारा भी युवती के साथ दुष्कर्म किया गया। पुलिस ने सर्विलांस के आधार पर आलोक को भी पकड़ लिया। समीर जिला बागपत और आलोक बिहार राज्य का निवासी बताया गया है।

# सनराईज पब्लिक स्कूल में मिशन शक्ति का हुआ आयोजन



**बुढ़ाना।** सोमवार के दिन शिक्षण संस्था सनराईज पब्लिक स्कूल योगपुरा रोड बुढ़ाना में बुढ़ाना कोतवाली में तैनात महिला पुलिसकर्मियों का एक दल मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत पहुंचा।

बुढ़ाना कोतवाली से पधारी महिला सब इंस्पेक्टर मनोरमा चौधरी, महिला कांस्टेबल मोनिका चौधरी, महिला कांस्टेबल संध्या और महिला कांस्टेबल दीपा ने संयुक्त रूप से मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत छात्राओं को उनकी सुरक्षा के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही हेल्पलाइन की विस्तार से जानकारी दी। सब इंस्पेक्टर मनोरमा चौधरी ने यहां इस कार्यक्रम में 1090 महिला हेल्पलाइन, 112 आपात कालीन सेवा, 108 एम्बुलेंस, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 102 एम्बुलेंस और 1098 चाइल्ड लाइन जैसे महत्वपूर्ण नंबरों के बारे में बताया। स्कूली छात्राओं के द्वारा महिला शक्ति अभियान पर आधारित एक भव्य नाटिका का आयोजन भी किया गया। जिसकी सभी के द्वारा सराहना की गई। इस अवसर पर मुख्यत संरक्षक राकेश गर्ग, अध्यक्ष सुशील गर्ग, प्रबंधक निशांत गर्ग, प्रधानाचार्य विनीत कुमार, अनीता सैनी और सागर भारद्वाज आदि शिक्षक और शिक्षिकाओं की भी उपस्थित रही।

## डिग्री कॉलिज मे छात्राओं को पढ़ाया अध्यात्म का पाठ

**मोरना।** बेहड़ा सादात स्थित स्वामी कल्याणदेव ओमानंद गर्ल्स डिग्री कॉलेज में सोमवार को आध्यात्मिक शिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्रह्मकुमारीज सेंटर की प्रवेश दीदी ने छात्राओं को आध्यात्म एवं मेडिटेशन का महत्व समझाया और जीवन में सकारात्मक सोच अपनाने का आह्वान किया।साथ ही ईश्वरीय सौगात भेंट की गयी। बी के प्रवेश दीदी ने कहा कि नियमित ध्यान और आत्मचिंतन से एकाग्रता बढ़ती है,जीवन में शान्ति आती है।आत्मविश्वास बढ़ता है। छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ जीवन मूल्यों को आत्मसात करने की भी आवश्यकता है।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधक अमित पंवार ने की। इस दौरान कॉलेज के प्राचार्य पवन कुमार, सुभाष कुमार, सुमैया रहमान, सुमन देवी, रिंकू देवी, फरियाल तथा हिमांशी चौधरी सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## एसडी कॉमर्स में नवरात्र महोत्सव के अवसर पर डांडिया एवं गरबा का आयोजन




**मुजफ्फरनगर।** एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स, मुजफ्फरनगर के प्रांगण में कला एवं संस्कृति प्रकोष्ठ के तत्वावधान में नवरात्रि महोत्सव के अवसर पर डांडिया एवं गरबा का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय की सभी शिक्षिकाओं एवं अनेकों छात्राओं ने भाग लेकर मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त किया। महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्रबन्ध समिति के सचिव नीरज कुमार, प्रबन्ध समिति के सदस्य जितेन्द्र कुमार, देवेंद्र कुमार, ध्रुव कुमार एवं एस।डी। ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के प्राचार्यगण डा. संदीप नित्तल, डा. सचिन गोयल, डा. आलोक कुमार ने संयुक्त रूप से मां दुर्गा एवं मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डांडिया एवं गरबा महोत्सव में डा. मोनिका रूहेला, डा. दिव्या मित्तल, डा. वैशाली सिंह, मती एकता मित्तल, डा. बिभुति अग्रवाल, डा. पायल, डा. योगिता पुंडीर, सपना चौहान, डा. स्वेता सिंघल, गरिमा, अंजु कुमारी, शिवांगी वरिष्ण, मो. निका पंवार, अनामिका शर्मा, वर्षा पंवार, राखी धीमान, साक्षी, शिखा पाल, प्रियंका जैन, वरीका गुप्ता संग जंयती, महिमा, सृष्टि माधुर, प्रियंका धीमान, मिन्ता, शिवांगी पुंडीर, नीलू राठौर, शाजिया रहबर एवं छात्राएं अंजली, अं. कता, मानसी, प्रांजल, संजना, विदुषी, सान्या, शिवांगी, फातिमा, सानिया, रिया, आकांक्षा, सोनम, वैष्णवी, अवनी चौधरी, आरोही, साक्षी आदि ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन मोनिका पंवार ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रबन्ध समिति के सचिव नीरज कुमार ने नवरात्रि महोत्सव की महत्ता को बताते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए एवं मां दुर्गा से सभी शिक्षकों व शिक्षिकाओं एवं छात्रध्छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य हेतु प्रार्थना की।

# डीएवी पब्लिक स्कूल मंसूरपुर ने की स्पोर्ट्स कलस्टर 2025 की मेजबानी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंसूरपुर।** खेलो को बढ़ावा देने, छात्रों के सर्वागीण विकास के लिए एवं सौहार्द की भावना विकसित करने के लिए डीएवी मैनेजिंग कमेटी द्वारा प्रत्येक वर्ष खेलो का आयोजन कराया जाता है। इस वर्ष एसएफडीएवी पब्लिक स्कूल, मन्सूरपुर को फुटबॉल, किकेट व टेबल टेनिस (बॉयज, अण्डर- 14, 17 व 19)खेलों की मेजबानी करने का अवसर प्राप्त हुआ। इन खेल प्रतियोगिताओं में डीएवी पब्लिक स्कूल, शास्त्री नगर व मेरठ, डीएवी पब्लिक स्कूल, लोहिया नगर, मेरठ व डीएवी पब्लिक स्कूल, पिलखुवा व डी एवी पब्लिक स्कूल, हापुड व डीएवी पब्लिक स्कूल, मुजफ्फरनगर और डीएवी पब्लिक स्कूल, मन्सूरपुर ने भाग लिया। फुटबॉल का पहला मैच (अण्डर- 14) डीएवी पब्लिक स्कूल, मेरठ व डीएवी पब्लिक स्कूल, लोहिया नगर के बीच हुआ। जिसका शुभारंभविद्यालय के प्रधाचार्या द्वारा किया गया। इस मैच में डीएवी पब्लिक स्कूल, लोहिया नगर ने 2-1 अपनी जीत दर्ज की। फुटबॉल का पहला मैच (अण्डर- 19) डी एवी पब्लिक स्कूल, मेरठ व डीएवी पब्लिक स्कूल, मन्सूरपुर के बीच हुआ जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल, मन्सूरपुर के खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डीएवी पब्लिक स्कूल, मेरठ को 11-0 से परास्त करके शानदार जीत उपने नाम की। वही टेबल टेनिस में पहला मैच (अण्डर- 17) डीएवी पब्लिक स्कूल, मन्सूरपुर व डीएवी पब्लिक स्कूल, मुजफ्फरनगर के मध्य हुआ जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल मन्सूरपुर ने अपनी जीत दर्ज की। वहीं टेबल टेनिस में दूसरा मैच (अण्डर- 17) डीएवी पदिनक स्कूल मन्सूरपुर व डीएवी पब्लिक स्कूल, पिलखुवा के मध्य हुआ जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल, पिलखुवा ने अपनी जीत दर्ज की। वही किकेट में पहला मैच (अण्डर- 19) डीएवी पब्लिक स्कूल, मेरठ व डीएवी पब्लिक स्कूल, के मध्य हुआ जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल ने 50 रनों से अपनी जीत दर्ज की। वही क्रिकेट में दूसरा मैच (अण्डर- 14) डीएवी पब्लिक स्कूल, मन्सूरपुर व डीएवी पब्लिक स्कूल, मेरठ के मध्य हुआ जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल, मन्सूरपुर ने अपनी 31 रनो से शानदार जीत दर्ज की। विभिन्न विद्यालयों से आये प्रतिभागियो को प्रधानाचार्य अनिल कुमार मोहन द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया तथा विजेता टीमो को ट्राफी से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की सफलतापूर्वक समापन कराने के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार मोहन ने खेल अधिकारियों व विद्यालय के खेल प्रमुख रो. हिन कुमार व सौवीर सिंह का धन्यवाद दिया वहीं खेलो के सफल आयोजन के लिए विद्यालय के अध्यापको का कर्मचारी वर्ग की सराहना की।

# पाक से स्वीडन तक अधूरा ख़्वाब ने लहराया परचम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** फ़ैजुद्दीन सिद्दीक़ी द्वारा लिखी गई कहानी पर बनी फ़िल्म अधूरा ख़्वाब ने पूरी दुनिया में अपना जलवा बरकरार रखा हुआ है।

अब फिल्म अधूरा ख़्वाब ने पाकिस्तान के पेशावर इंटरनेशनल फ़िल्म फेस्टिवल में धाक जमा दी है तो वहीं स्वीडन देश के लूलिया इंटरनेशनल फ़िल्म फेस्टिवल में कामयाबी की एक नई इबारत लिख दी है। स्वीडन के इस फ़िल्म फेस्टिवल में अधूरा ख़्वाब ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए सभी का दिल जीत लिया है। लोगो को ये फ़िल्म पसंद आ रही है। फ़िल्म की राइटिंग और सभी कलाकारों की दमदार भूमिका ने फ़िल्म को अंत. रराष्ट्रीय स्तर पर एक पहचान दी है। इस फ़िल्म की कहानी और स्क्रीन प्ले इतना दमदार है कि ज्यूरी के सभी मेंबर इसका चुनाव करने से हिचकिचा नहीं रहे हैं। अधूरा ख़्वाब बुढ़ाना में बनी है जिससे बुढ़ाना का दुनिया में नाम रोशन हो रहा है।

फ़िल्म की निर्माता सबा सिद्दीक़ी ने इस फ़िल्म को पूरी दुनिया के बड़े बड़े फ़िल्म फेस्टिवल में भेज दिया है और सभी जगह इसको पूरी तवज्जोह भी मिल रही है। फ़िल्म के कलाकारों में अली मर्चेंट, सोनिया शर्मा, गायत्री शर्मा, तस्मिया गुलज़ार, प्रशांत शर्मा, मुरसलीन कुरैशी वैभव, राजपाल, मोहित और अलमासुद्दीन सिद्दीक़ी सहित सभी ने बेहतरीन अभिनय किया है। फ़िल्म के निर्देशक शदाब ख़ान हैं। फ़िल्म के निर्माता फ़ैजुद्दीन सिद्दीक़ी ओर सबा सिद्दीक़ी हैं। क्रिएटिव प्रोडड्यूसर शिव चौधरी हैं। फ़िल्म के डायरेक्टर ऑफ़ फोटोग्राफी में मनोहर जोशी ने खूब कमाल किया है।

## ब्लाकाध्यक्ष संग अभद्रता करने वाला भाकियूअ से आऊट

**बुढ़ाना।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक बुढ़ाना के ब्लाक अध्यक्ष प्रवीण पंवार के साथ किसी मामूली सी बात पर अभद्र व्यवहार करने वाले भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक बुढाना के युवा नगर अध्यक्ष शाहवेज अहमद को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक से हमेशा के लिए बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। यह निष्कासन भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक को सूचना देने के बाद जिला अध्यक्ष पहलवानघ सुधीर पंवार माजरा के द्वारा किया गया है। इस संबंध में भाकियूअ ब्लाक अध्यक्ष प्रवीण पंवार ने बताया कि भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक बुढ़ाना के युवा नगर अध्यक्ष सावेज के द्वारा काफी दिनों से संगठन की विचारधारा के विपरीत कार्य किये जा रहे थे। जिस कारण से संगठन को नुकसान हो रहा था। विगत दिवस सावेज के द्वारा उनके साथ किसी मामूली सी बात पर अभद्र व्यवहार किया गया था।

## ट्रेन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**खतौली।** रविवार देर रात नगर के मढकरीमपुर रेलवे फाटक के पास उस समय दिल दहला देने वाला हादसा हो गया, जब बाइक सवार युवक एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मृतक युवक राजेश (पुत्र घमंडी, निवासी मढकरीमपुर) रात करीब 11 बजे किसी कार्य से खतौली से लौट रहा था। जैसे ही वह रेलवे फाटक पर पहुंचा, अचानक आती ट्रेन की आवाज वह सुन नहीं पाया और बाइक समेत पटरियों पर चढ़ गया। तेज रफ्तार ट्रेन युवक को काफी दूर तक घसीटती हुई ले गई, जिससे उसका चेहरा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और शरीर के कई टुकड़े हो गए। पहले तो आसपास मौजूद लोग युवक की पहचान नहीं कर सके, लेकिन काफी मशक्कत के बाद उसे राजेश के रूप में पहचाना गया। पुलिस ने तत्काल परिजनों को हादसे की जानकारी दी। सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। परिवारजन जैसे ही रेलवे फाटक पर पहुंचे, शव देखकर दहाड़े मारकर रोने लगे। परिजनों ने बताया कि राजेश शाम को किसी काम से खतौली गया था और देर रात गांव लौटते समय यह दर्दनाक हादसा हो गया। घटना के बाद रेलवे स्टेशन पर यात्रियों में भी अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। गांव में राजेश की मौत की खबरѓलते ही मातम छा गया।

# जीपीएस पब्लिक स्कूल में रावण के पुतले का दहन



**मोरना।** मोरना मे भोपा मार्ग स्थित जेपीएस पब्लिक स्कूल में सोमवार को दशहरे का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत के संदेश के साथ मनाया गया। आयोजित कार्यक्रम मे बच्चों ने रामलीला का मनोहारी मंचन किया। अंत मे रावण के पुतले का दहन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डायरेक्टर कृष्णकांत शर्मा, प्रबंधक मोहिनी शर्मा तथा अतिथि सार्थक शर्मा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। जिसके बाद छात्रों के द्वारा श्रीरामलीला का आयोजन किया गया जिसमें रावण वध की लीला का शानदार मंचन किया गया। कार्यक्रम में छात्र सारांश ने राम, अभिनव ने लक्ष्मण, अनव ने हनुमान, दीपांशु ने रावण तथा अन्य ने अदा विद्यार्थियों ने सैनिकों की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में छात्राओं ने नवदुर्गा पर आधारित गरबा नृत्य प्रस्तुत किया जिसमें उर्वशी, दिव्यांशी, विधि, अवनी, अवनी सहरावत,शिवन्या, अक्ष, उन्नति, अविका, मुद्रिका, स्मृदि,साया, और अवनी चौधरी ने भाग लिया। अंत में श्री राम के स्वरूप द्वारा रावण के पुतले का दहन किया गया। पुतला दूदू कर जल उठा तो उपस्थित छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने जय श्री राम के जयकारों का उदघोष किया। कार्यक्रम का संचालन नेहा शर्मा व सारिका शर्मा ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रधानाचार्य राजन गौड, तनु, स्वाति, ऋषभ, मानवी, वैष्णवी, तोसीफ, संगीता, निशांत शर्मा, संगीता दक्ष, विनीत शर्मा, संगीता मेनवाल, शिवानी, आस्था, मुस्कान, शिवानी शर्मा, सारिका शर्मा, चिंकी शर्मा, सृष्टि, दृष्टि व सपन गर्ग आदि मौजूद रहे।

## समिति अध्यक्ष बनाए गए विधायक राजपाल

**बुढ़ाना।** विधानसभा बुढ़ाना क्षेत्र के राष्ट्रीय लोकदल के विधायक व विधानमंडल दल के नेता राजपाल बालियान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के द्वारा केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह की संस्तुति पर सरकारी आश्वासन समिति के चेयरमैन बनाए गये। इस नियुक्ति पर विधायक के समर्थकों में खुशी की जबरदस्त लहर

## सार्वजनिक सूचना

मैं श्रीमति रफीकन पत्नी यासीन निवासी बिटावदा थाना बुढ़ाना जिला मु.नगर की निवासी हूं। मेरे 2 पुत्र ईनाम व शहजाद जो शादीशुदा हैं। मेरा छोटा पुत्र ईनाम व उसकी पत्नी साईना जो आये दिन मेरे व मेरे परिवार संग झगडे फिसाद करते थे। मेरी देखभाल व सेवा भी नही करते थे। मेरे कहने सुनने में भी नही थे। मेरे पुत्र व पुत्रवधु का चाल चलन भी ठीक नही था। जिनका गलत लोगों मे भी उठना बैठना था। मैंने अपने पुत्र ईनाम व पुत्र वधु साईना को अपनी चल अचल सम्पत्ति, अपने व अपने परिवार से भी बेदखल कर रखा था पर अब मैं उक्त दोनों के सम्बन्ध विच्छेद को एक सिरे से खुद ही खारिज करती हूं।

# केवट संवाद से जुड़कर भाव विभोर हुए श्रद्धालु



**मुजफ्फरनगर।** श्री रामलीला भवन नई मंडी में 99वॉ श्री रामलीला महोत्सव मे श्री रामलीला मंचन का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अशोक कंसल, संयुक्त वैश्य अग्रवाल महासभा के महामंत्री दिनेश बंसल व अनिल तायल द्वारा प्रभु श्री राम की की आरती व दीप प्रज्वलित कर किया गया कमेटी के अध्यक्ष संजय मित्तल मंत्री अशोक गर्ग, कोषाध्यक्ष आदित्य भरतिया ने अपनी पूरी कमेटी के साथ अतिथियों का पटके पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अशोक कंसल ने कहा कि रामलीला मंचन देखने से निश्चित ही हमारा कल्याण होता है रामलीला के मंचन से भगवान के आदर्शों का पता चलता है तथा इसे देखने से हमारे बच्चे संस्कारित होते हैं और हमें कुछ ना कुछ अच्छी सीख मिलती है दिनेश बंसल व अनिल तायल ने भी रामलीला के मंचन पर प्रकाश डाला तत्पश्चात मथुरा से आई श्री गिरिराज लीला संस्थान के कलाकारों द्वारा निषाद राज भेंट व केवट संवाद की लीला का भव्य मंचन किया गया।

जिसमें केवट प्रभु श्री राम को गंगा पार ले जाने के लिए उतराई के रूप में उनके चरण धोकर चरण अमृत का पान कर अपने पापों से मुक्ति चाहते हैं प्रभु श्री राम केवट के आग्रह स्वीकार करते हैं केवट अपनी नाव में प्रभु श्री राम माता सीता व लक्ष्मण जी को गंगा पार कराते हैं, इस अवसर पर कैलाश चंद ज्ञानी, बृज गोपाल छारिया, राजीव अग्रवाल, उपेंद्र मित्तल, विदित गुप्ता, संजय जिंदल काका, विनोद संगल, अभिषेक कुच्छल, विवेक बंसल, अचिन सागर डॉ प्रदीप जैन, शरद गोयल, विनय अग्रवाल, राजेश गोयल, रवि गोयल, आदि उपस्थित रहे

## युवक को बाइक सवारों ने हमला कर किया घायल

**मोरना।** मित्र से मिलने गये युवक पर आधा दर्जन से अधिक बाईक सवारों ने धावा बोल दिया। गाली गलौज कर सरेआम युवक के साथ मारपीट की गयी। घटना पर संज्ञान लेकर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव मलपुरा निवासी यनिमेष त्यागी ने थाने पर मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि बीते शनिवार शाम वह युसूफपुर गांव मे मित्र शुभम सहरावत से मिलने गया था तभी तीन बाइक पर नौ दस युवक उसके पीछे आये और गाली गलौज करते हुए लोहे की रॉड व पंच से मारपीट करने लगे शौर शराबा सुनकर आये गांव वालों ने उसकी जान बचाई आरोपी हाथों में तमंचे लहराते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल हुए पीड़ित का पुलिस ने उपचार कराया। थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश कुमार ने बताया कि आरोपी उदित, प्रशान्त, प्रभात व अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# अधीक्षक डा.तेवतिया ने एक दिन का वेतन छात्राओं को भेंट किया



**बुढ़ाना।** सीएचसी में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम के अंतर्गत एक विशेष आयोजन किया गया। इस आयोजन में आर्य कन्या इंटर कॉलेज बुढ़ाना की कक्षा 10 की छात्रा श्वेता को एक दिन का सीएचसी का अधीक्षक बनाया गया। कार्यक्रम प्रबंधक शशांक त्यागी द्वारा उन्हें उपस्थिति पंजिका व भ्रमण पंजिका का निरीक्षण कराया गया।श्वेता ने यहां स्वास्थ्य शिविर हेल्थ कैंप का उद्घाटन किया। जिसमें एसीएमओ डॉक्टर विपिन समेत सब डाक्टर व कर्मचारी रहे। एक दिन की प्रभारी के रुप में कार्य कर रही छात्राश्वेता ने सब डॉक्टरों व स्टाफ को सख्त दिशा-निर्देश दिए तथा कैंप से संबंधित व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। यहां छात्राओं में तानिया, प्रियांशी, महकाश, राधिका व सना ने भी कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई। अधीक्षक डाक्टर प्रणव तेवतिया ने अपने 1 दिन का वेतन सब छात्राओं को उपहार स्वरूप भेंट किया।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा बेटा विशाल जिसकी जन्मतिथि 01.01.1997 है वह मेरे कहने सुनने में नहीं है उसका गलत लोगों में उठना बैठना है विशाल नशे के आदी के लोगों में उठता बैठता है काफी समझाने के बाद भी वह नहीं माना और गाली गलौच करता है। 27 सितम्बर 2025 को विशाल को मैने अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद विशाल के किसी भी लेन-देन व कृत्य का मैं जिम्मेदार नहीं होंगा। वह अपने किए का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**अशोक त्यागी पुत्र श्री. गुरूदत्त**
**निवासी-ग्राम रई, थाना छपार**
**तहसील व जिला मुजफ्फरनगर**

## सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र मोहित गलत संगत में है तथा गलत लोगों के साथ उसका उठना बैठना है। उसकी गलत संगति हो गयी है। मै मोहित से तंग व परेशान आ चुका हूॅ। मै मोहित से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद करते हुए मोहित को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूॅ आज के बाद मोहित के द्वारा किये गये किसी भी कार्य, अपराधिक कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने अपराधिक कृत्य व लेनदेन का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**चन्द्रपाल सिंह पुत्र बदलू**
**निवासी ग्राम मनव्वरपुर कला**
**थाना मन्सूरपुर जिला-मुजफ्फरनगर**

# एसएसपी साहब मेरे पिता को बचा लो, नहीं तो हो जाएगी मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** जनपद मुज़फ्फरनगर में इंसाफ की गुहार लेकर एक परिवार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा। मामला 86 वषह्वय बुजुर्ग मुजफ्फर हुसैन का है, जो गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। परिजनों का आरोप है कि लालचवश दबंग रिश्तेदार लगातार बुजुर्ग के साथ मारपीट, गाली-गलौज और दुर्व्यवहार कर रहे हैं, जिससे उनकी हालत दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है। परिजनों ने बताया कि बुजुर्ग के गले, पीठ और शरीर पर चोटों के निशान साफ दिखाई दे रहे हैं और उनकी जान को गंभीर खतरा बना हुआ है। इलाज के बावजूद स्वास्थ्य में सुधार नहीं हो रहा। मुजफ्फर हुसैन के बेटे मजाहिर हुसैन का कहना है कि छोटे भाई राशिद की पत्नी असमा परवीन व उसके भाइयों ने मेरे पिता मुजफ्फर हुसैन को बंधक बनाकर रखा हुआ है और अन्य परिजनों को उनसे मिलने तक नहीं देती। हर बार जब वे पिता को इलाज के लिए साथ लाने की कोशिश करते हैं, तो उनके साथ अभद्रता और मारपीट की जाती है। परिवार का आरोप है कि मुजफ्फर हुसैन 27 अगस्त 2024 से 26 अक्टूबर 2024 तक बुजुर्ग पिता को छोटे बेटे हारून के साथ देहरादून रह रहे थे, सबसे छोटे राशिद हुसैन अपनी ससुराल के घर के सामने केसर वकील वाली गली में किराए के मकान में अपने बच्चों के साथ रहता है राशिद हुसैन हाल फिलहाल में सऊदी अरब नौकरी करता है राशिद की पत्नी असमा परवी व उसके भाइयों ने मेरे फिर मुजफ्फर हुसैन को जबरन बंधक बनाकर रखा हुआ हे। इस दौरान जब भी बड़े बेटे व बेटी शमा परवीन पिता से मिलने



गए तो राशिद हुसैन की पत्नी असमा व उसके भाइयों ने गाली-गलौज और मारपीट कर उन्हें घर से भगा दिया। पीड़ित परिजनों ने बताया कि बुजुर्ग की हालत बेहद नाजुक है। वह समय पर न तो खाना खा पा रहे हैं और न ही दवाइयां ले पा रहे हैं। उन्होंने रोते हुए कहा कि अगर समय रहते इलाज न हुआ तो पिता की मौत भी हो सकती है। उनका कहना है कि जब बड़े बेटे ने पिता को अपने साथ ले जाने की कोशिश की, तो रशीद की पत्नी और अन्य परिजनों ने हमला कर दिया और मारपीट करते हुए पिता को कमरे में बंद कर लिया। जिसका वीडियो भी है और इतना ही नहीं, बुजुर्ग के साथ मारपीट के फोटो भी परिजनों ने अधिकारियों को दिखाए हैं। परिजनों का कहना है कि राशिद हुसैन की पत्नी असमा परवीन,और उसके भाई जानबूझकर बुजुर्ग पिता की हत्या करने की साजिश कर रहे हैं।पीड़ित परिवार ने पुलिस कप्तान से गुहार लगाई है कि बुजुर्ग मुजफ्फर हुसैन को दबंग रिश्तेदारों के चंगुल से मुक्त कराया जाए और उन्हें अच्छे अस्पताल में इलाज दिलवाया जाए। नहीं तो उनकी मौत हो सकती है परिवार ने चेतावनी दी है कि अगर उचित कार्रवाई न हुई तो किसी भी समय पिता की मौत हो सकती है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराने का आश्वासन दिया है।

# न्यू वेल्किन पब्लिक स्कूल में मना दशहरे का पर्व

**भोपा।** जट मुझेड़ा मे मुज़फ्फ़रनगर मार्ग स्थित न्यू वेल्किन पब्लिक स्कूल में दशहरे का पर्व मनाया गया जिसके उपलक्ष में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में रावण के दहन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमे विद्यालय के विभिन्न कक्षाओ के छात्र-छात्राओ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके अलावा राम कथा के सुंदर प्रसंग राम-रावण के युद्ध का सुन्दर मंचन कर छात्रों ने अपनी अभिनय क्षमता का परिचय दिया। कार्यक्रम में आरुष राठी, देव गुप्ता, अभिनव चौधरी आदि बच्चो ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।उन्होंने राम लक्ष्मण रावण के चरित्रों को जीवंत किया विद्यालय के उपाध्यक्ष केके आनंद ने विजय दशमी के पर्व के महत्व के बारे में विस्तार से बताया।



विद्यालय के अध्यक्ष विनय कुमार उपाध्यक्ष,प्रबन्धक दुष्यंत कुमार व प्रधानाचार्य मनीष कुमार ने रावण के पुतले का दहन किया। कार्यक्रम में सीमा, विजय शंकर शर्मा, रीना चौधरी, पंकज त्यागी, जितेन्द्र त्यागी, मोनू धीमान, पवन धीमान, मीना त्यागी, गार्गी चौधरी, विपुल, आशीष, कपिल देव, अभिषेक, रूपा, रीना त्यागी, रजत धीमान, उत्पल, निरवेश, भूमिका, एश्वी, वैशाली, साक्षी, पार्वती, खुशबु, सोनिया, मानसी, हिमांशी, प्रिया मित्तल, प्रिया, प्राची, नीलम, सुमन, प्रदीप शर्मा, अनुराधा, सनी काकरान, आदि का सहयोग रहा।

## पुल का जोइंट खुलने पर अध्यक्षा ने लिखा पत्र

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना की अध्यक्षा श्रीमति उमा त्यागी कौशल ने आज सोमवार के दिन लोक निर्माण विभाग विश्व बैंक खण्ड मुरादाबाद के अधिशासी अभियन्ता को हिंडन नदी पुल में गडढे होने और ज्वाइंट खुलने के संबंध में एक पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से अधिशासी अभियंता को अवगत कराया गया है कि बुढाना हिण्डन नदी पर बने पुल में गड्ढे हो गये हैं। ये गड्ढे पुल में जगह जगह पर हैं। हिंडन पुल के ज्वाइन्ट भी खुल गये हैं। जिस कारण वाहनों के आवागमन में काफी कठिनाईयां हो रही हैं। इस सम्बन्ध में आपको मौखिक रूप से भी कई बार अवगत कराया जा चुका है परन्तु आज तक भी पुल की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। पुल पर कभी भी कोई बडी दुर्घटना घटित हो सकती है। नगरवासियों द्वारा इस सम्बन्ध में बार बार शिकायत की जा रही है। इसलिए उक्त समस्या का समाधानघ अति शीघ्र किया जाए।

# झोलाछाप चिकित्सक की सीएमओ से की शिकायत



**मुज़फ्फरनगर।** नई दिल्ली के जामिया नगर बटला हाउस निवासी मजाहिद पुत्र मुजफ्फर हुसैन ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी के समक्ष पेश होकर उन्हे बताया कि मुजफ्फर हुसैन पुत्र स्व. जहुर हुसैन की उम्र 80 वर्ष है और उसकी माता रहिसा खातून की मृत्यु 17 जनवरी 2015 को हो गई थी आरोप है कि पिता मुजफ्फर हुसैन के आठ बेटे है ओर एक बेटी। एक छोटी शमा प्रवीन है उन्होने बताया कि एक परिवार अपने पुस्तैनी परिवार में रहता है, लेकिन कारोबार के कारण वह स्व. मुशर्रफ हुसैन उसकी पत्नी रिहाना प्रवीन और उसके बेटे लोहिया नगर ब्रहमपुरी देहरादून में रहते है। मौ. हारून देहरादून में शमा प्रवीन से शादी के बाद मसूरी उत्तराखंड में व मुजाहिर हुसैन दिल्ली और राशिद हुसैन परिवार सहित केशर वाली गली खालापार मुजफ्फरनगर किराये के मकान मेरहता है उन्होने बताया कि छोटा भाई राशिद हुसैन साउदी अरब में नौकरी करता है और उसकी पत्नी शमा प्रवीन अपने मयके के सामने किराये के मकान में रहती है उन्होने बताया कि उसके पिता मुजफ्फर हुसैन उनके पास रहते है और उन्होने बताया कि मुजफ्फर हुसैन को आसमा ने 10 सितम्बर को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था जैसे ही उन्हे मालूम हुआ तो वह बेगराजपुर मेडिकल कॉलेज पहुंचे यहां पर आसमा ने 11 सितम्बर को मुजफ्फर हुसैन की छुट्टी कराई और अपने घर ले गई। उन्होने बताया कि आसमा अपने छोटे भाई जो झोलाछाप डॉक्टर है जिनका नाम नौमान है

## बसेडा में विजय मैमोरियल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

**छपार।** बसेडा में विजय मेमो. रियल कबढी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें गांव सोरम की टीम ने प्रतियोगिता जीत ली। टीम के कप्तान को आयोजकों ने ट्राफी व इक्कीस हजार रुपए की ईनाम राशि भेंट की। कस्बाई गांव बसेड़ा में गत वर्षो की भांति विजय मेमोरियल कबढी दिन रात प्रतियोगिता 27 सितंबर से शुरू हुई ओर 28 सितंबर की रात्रि में फाइनल हुआ।जिसका उद्घाटन समाज सेवी रमन देशवाल ने किया। प्रतियोगिता में हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड प्रदेश की टीमों सहित 30 टीमों ने प्रतिभाग किया। उद्घाटन मैच बसेड़ा व उत्तराखंड के गांव खेड़ा के बीच हुआ जिसमें खेड़ा की टीम ने 19 अंक बनाये ओर बसेड़ा की टीम ने 20 अंक बनाकर जीत हासिल की। बाहर से आई सभी टीमों को खेलने का मौका मिला जिसमें सेमी फाइनल मुखिया निरगाजनी व बीके एकेडमी मेरठ की टीमों के बीच हुआ जिसमें बीके एकेडमी मेरठ विजयी हुई।दूसरा सेमी फाइनल आर्या गुरुकुल एकेडमी व सोरम की टीम के बीच हुआ उसमें सोरम की टीम ने आर्या गुरुकुल एकेडमी को हराया ओर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच 28 सितंबर की रात्रि में खेला गया जिसमें फाइनल विजयी टीम के कप्तान रोहित को समाजसेवी रमन देशवाल ने ट्राफी भेंट की ओर द्वितीय टीम बीके एकेडमी मेरठ के कप्तान रोनक को भी सम्मानित किया गया।अशोक बालियान जिलाध्यक्ष कबढी, धर्मेंद्र देशवाल बसेडा टीम कोच, अर्जुन देशवाल डीएसपी,नीरज बालियान, प्रांजुल,टीनू, राहुल आदि मौजूद रहे।

### मंतोड़ी में शांतिपूर्ण वातावरण में मेला संपन्न

**जानसठ ।** सोमवार को सप्तमी के दिन मनतोड़ी गांव में स्थित गौ माता मंदिर में श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाया और गौ माता से अपनी अपनी मनोकामना मांगी ग्रामीणों ने बताया कि जो भी सच्चे मन से गौ माता मंदिर में आकर मांगता है माता रानी सब की झोली भरती है और जिस की मनोकामना पूरी हो जाती है वह पेट के बल लेट कर गौ माता मंदिर में प्रसाद चढ़ता है। पिछले दो सप्ताह से गांव में रागिनी के आयोजन को लेकर तनातनी का माहौल चल रहा था। स्थानीय पुलिस प्रशासन ने दो दिन पूर्व रागिनी के आयोजन की परमिशन को लेकर साफ तौर पर मना कर दिया और गांव में तनाव को देखते हुए दो दर्जन के करीब लोगों को मुचलका पाबंद किया। देर शाम तक मेला शांति पूर्वक चलता रहा और श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाया।

### घूमने निकले वृद्ध की साईकिल गंगनहर पटरी पर मिली

**छपार।** सुबह साइकिल से घुमने निकले वृद्ध की साइकिल व चप्पल गंगनहर की पटरी पर पड़ी मिली उसके पुत्र ने भोपा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव बसेड़ा निवासी 75 वर्षीय रविंद्र रविवार की सुबह 4 बजे नौकर को बताकर साइकिल से घुमने के लिए गया जब देर घर नहीं लौटा तो परिजनों ने तलाश किया तो गंगनहर की पटरी पर उसकी साइकिल व पैरों की चप्पल पड़ी मिली। काफी ढूंढ़ने के बाद सोमवार को उसके पुत्र बंटी ने भोपा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## बच्चों सहित पत्नी आभूषण लेकर गायब

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी एक पीड़ित युवक ने अपनी पत्नी और बच्चों के गायब होने तथा बड़ी रकम व आभूषण ले जाने का गंभीर आरोप लगाते हुए थाना मीरापुर में तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी युवक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। कुछ दिन पूर्व उसकी पत्नी गैर सम्प्रदाय का युवक उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। आरोप है कि उसकी पत्नी जाते समय अपने साथ घर में रखे सोने-चांदी के आभूषण, नगद तीन लाख रुपये तथा अन्य आवश्यक सामान भी ले गई। इतना ही नहीं, वह अपने साथ एक पुत्र और एक पुत्री को भी लेकर चली गई। पीड़ित का कहना है कि आरोपी अब्बास उसकी पत्नी और बच्चों को बहका-फुसलाकर किसी गलत कार्य या अवैध धंधे में फंसा सकता है। पीडित ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी पत्नी व बच्चों को बरामद कराने की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### अधिवक्ता की मौत पर हुई शोक सभा

**बुढ़ाना।** बार एसोशिएशन बुढ़ाना की एक आवश्यक बैठक अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी एडवोकेट की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। जिसका संचालन महासचिव ओमपाल सिंह एडवोकेट ने किया। जिसमें ठाकुर रणपाल सिंह की सीट पर बैठने वाले धीरज ठाकुर के आकस्मिक निधन पर उनकी आत्मिक शान्ति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा सर्व सम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि आज सभी अधिवक्ता समस्त न्यायालयो मे न्यायिक कार्यो से विरत रहेंगे लेकिन बेल इंजंक्शन खुले रहेंगे।

### घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट

**बुढ़ाना।** बच्चों के विवाद को लेकर हुसैनपुर कलां गांव में एक व्यघक्ति अपनी पत्नि और दो बेटियों के साथ पडोसन के घर में घुस गया। व्यक्ति ने अपनी पत्नि और बेटियों के साथ एक राय होकर महिला और उसकी दो नाबालिग बेटियों को मारपीट कर घायल कर दिया और महिला के कपडे फाड दिए। आरोप है कि जाते समय उसे और उसकी बेटियों को जान से मारने की धमकी देकर गया है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को दोपहर करीब 12 बजे इरफान की पघत्नि इमराना अपने घर में अकेली थी। उसका पति बाहर मजदूरी का कार्य करता है। आरोप है कि पडोसी यासीन अपनी पघत्नि और दो बेटियों के साथ उसके घर में घुस गया। गाली गलौज के बाद मारपीट आरंभ कर दी। इमराना के पेट में लात मारी। घटना की तहरीर इमराना ने पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की। उधर पुलिस का कहना है कि तहरीर प्राप्त हो गई है। जांच करके कार्रवाई की जाएगी।

### छात्राओं को बनाया एक दिन की सीओ व कोतवाल

**भोपा।** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत सोमवार को क्षेत्र की होनहार छात्राओं ने एक दिन के लिए थाना प्रभारी और क्षेत्राधिकारी की जिम्मेदारी संभाल कर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। भोपा थाने पर पहुंची छात्रा रूपा रानी ने थाना प्रभारी की कुर्सी संभालते हुए फरियादियों की समस्याएं सुनीं और समाधान के निर्देश दिए। वहीं ककरोली थाने में पहुंची छात्रा ऋतिका ने थानाध्यक्ष की जिम्मेदारी निभाई। सीओ कार्यालय में पहुंची छात्रा वैष्णवी शर्मा ने पूरे सर्किल की कार्यप्रणाली को समझा और अधिकारियों के साथ बैठक की।अधिकारियों ने छात्राओं को कानून की जानकारी देते हुए उन्हें आगे चलकर समाज सेवा व राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं ने भी इस अनुभव को अविस्मरणीय बताते हुए कहा कि इससे उनमें आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास हुआ है।इस अवसर पर क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज की बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। यदि ठान लें तो बड़े से बड़ा मुकाम हासिल कर सकती हैं।

### स्नातक वोट बनाने के लिए प्रशासन ने दी जानकारी

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में आज मेरठ खंड स्नातक व मेरठ खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों का अर्हता तिथि 1.11. 2025 के आधार पर पुनरीक्षण कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में जिला पंचायत सभा में बैठक आयोजित हुई। बैठक में निर्वाचन नामावलियों की तैयारी मेरठ खंड स्नातक व मेरठ खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्वाचक नामावलियों नए सिरे से तैयार की जाएगी ।पूर्व निर्वाचन में प्रयुक्त निर्वाचक नामावली उपयोग में नहीं लाई जाएगी। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में विद्वान प्रावधानों के अनुसार कोई व्यक्ति जो अहक तारीख से कम से कम तीन वर्ष पहले से भारत के किसी प्रदेश में किसी विश्वविद्यालय स्नातक है या तथा निर्धारित समतुल्य अर्हता रखता है, और संबंधित निर्वाचन क्षेत्र का सामान्य निवासी है, स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचक के रूप में रजिस्ट्रीकृत होने का हकदार है। खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की नामावली में पंजीकरण हेतु विद्यमान प्राविधानों के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति, जो अर्हता तिथि अर्थात 01 नवम्बर, 2025 को 03 वर्ष पूर्व स्नातक हो चुका है, वह अपना नाम स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली में सम्मिलित कराने के लिए पात्र होगा और नियत फार्म-18 में आवेदन किया जायेगा। शैक्षिक अर्हताओं की मार्कशीट या डिग्री को सम्बन्धित जनपद के राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित प्रति को पर्याप्त माना जायेगा।

पदनामित अधिकारी/अतिरिक्त पदनामित अधिकारी / बूथ लेविल अधिकारी द्वारा मूल प्रमाण पत्रों को देखने के पश्चात् प्रमाणित किये गये डिग्री/ मार्कशीट / डिप्लोमा को भी स्वीकार किया जायेगा।

### श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेज में फार्माको विजिलेंस सप्ताह मनाया

**मुजफ्फरनगर।** इस बार राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस सप्ताह थीम रही हआपकी सुरक्षा, बस एक क्लिक दूर पीवीपीआई को रिपोर्ट करेंह इस अवसर पर श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज (फार्मेसी) ने छात्रों और आम जनता को दवाओं के प्रतिकूल प्रभाव की पहचान और रिपोर्टिंग के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रुद्र माहेश्वरी (फार्माकोविजिलेंस ऑफिसर, सिनेओस हेल्थ, गुड़गांव) रहे। उन्होंने समझाया कि फार्माकोविजिलेंस केवल दवाओं के प्रतिकूल प्रभावों की पहचान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा वैज्ञानिक और नैतिक दायित्व है जो दवा सुरक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य और भविष्य की चिकित्सा नीतियों को प्रभावित करता है। श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज द्धफार्मेसीक्ष् से रोहित मालिक ने कहा कि फार्माकोविजिलेंस का प्रभाव दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है और आने वाले समय में यह क्षेत्र न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाएगा, बल्कि युवाओं के लिए नए रोजगार और करियर के अवसर भी उपलब्ध कराएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में वैभव, सागर, विजय कुमार, अमजद खान, सौरभ, अमन सिंह,विकास कुमार सुशील कुमार मोहम्मद अरशद आदि शिक्षकों का योगदान रहा ।

# गुरमेल बाजवा के नेतृत्व मे राकेश टिकैत सें मिले सिख समाज के लोग

**पुरकाजी।** सिख समाज के लोगो ने किसान नेता गुरमेल बजावा के नेतृत्व मे भाकियू प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत सें मुलाक़ात कर अपनी समस्याओ सें अवगत कराया और समधान की मांग की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुरका. जी देहात के गांव भदोला निवासी किसान यूनियन टिकैत के सहारनपुर मंडल उपाध्यक्ष गुरमेल बाजवा के नेतृत्व मे मुजफ्फरनगर टिकैत निवास पर चौधरी राकेश टिकैत सें मुलाक़ात की, इस दौरान किसानो ने चौधरी राक. ेश टिकैत को बताया की उत्तराखंड सें आए पानी ने हमारी फसले बर्बाद कर दी और हमें जीवन यापन करने मे भारी कठिनाई सें गुजरना पड रहा है किसानो ने सिकंदरपुर सें रजकल्लापुर तक पथ्थर की पेंचिंग लगवाने, शेरपुर सें सिकंदरपुर तक उत्तराखंड को जोड़ने वाली सड़क की चोडीकरण करवाने,गन्ने की बकाया पेमिंट दिलवाने, बिजली की बढ़ाई गई दरे बिल की रीडिंग की गड़बड़ी और स्मार्ट मीटर की योजना को किसी भी सूरत मे लागू नहीं करवाने सहित हरिद्वार हर की पेड़ी पर गुरुनानक जी के गुरुद्वारा सें कब्जा हटावने की मांग की।गुरमेल बाजवा ने बताया की चौधरी साहब ने सिख समाज की सभी समस्याओ को ध्यान पूर्वक सुना और तय किया की उत्तराखंड के खानपुर के गांव प्रहलादपुर की अनाज मंडी मे 27 अक्टूबर को मुजफ्फरनगर,बिजनौर, हरिद्वार के किसानो की एक बड़ी महा पंचायत की जाएगी जिसमे सभी समस्यायो का समाधान कराया जायेगा।

इस दौरान गुरमेल बाजवा, सरदार बलकार सिंह,अमीर सिंह, सूबा सिंह ढिल्लों, बाबा पंडित जी, अमरेंद्र सिंह, गुरलाल सिंह, ज्ञानी जसवीद्र सिंह, प्रीत बाजवा आदि मौजूद रहे।?

### पूर्ण गणवेश में स्वयं सेवकों ने निकाला पंथ संचलन

**मीरापुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत सोमवार को सम्भलहेड़ा में कई आयोजन किए गए। अपराह्न लगभग 5 बजे संघ के स्वयंसेवकों ने अनुशासित पथ संचलन निकाला, जो श्रीसिद्धपीठ पंचमुखी महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर बाजार पटी, जमाल पटी, रिक्शा स्टैंड, सालार पटी, भूमिया मार्ग से होते हुए पुन: शिव मंदिर पर संपन्न हुआ।

इस अवसर पर जिला प्रचारक निपेंद्र ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 2 अक्टूबर को विजयादशमी पर संघ अपने 100 वर्ष पूरे होने का ऐतिहासिक क्षण मनाएगा। स्वयंसेवकों ने अनुशासन और संगठन का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समाज में आदर्श प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में जिला सहकारवा सतीश, खंड कारवा विपिन गुर्जर, पुष्पेंद्र शर्मा, हरेंद्र, अवनी, जोनी, प्रशांत सहित सैकड़ों स्वयंसेवक उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने पथ संचलन का स्वागत करते हुए पुष्पवर्षा की और संघ के अनुशासित आयोजन की सराहना की।

# कोई छात्रा बनी सीओ तो कोई बनी कोतवाल

**बुढ़ाना।** कई छात्राएं सोमवार के दिन अधिकारी बन गयी। जिन्होंने बाकायदा आफिसों में बैठकर समस्याओं का निदान किया। छात्रा नंदिनी वर्मा को एक दिन का बुढाना कोतवाली का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5 अभियान के तहत एक दिन की बुढ़ाना कोतवाली और बुढाना महिला थाना प्रभारी बनी छात्रा नंदिनी वर्मा ने पति-पत्नी का विवाद को और दूसरा पैसों के लेनदेन का विवाद सुलझाया। यहां कोतवाल सुभाष बाबू अत्री, महिला थाना प्रभारी सुमन शर्मा, व्यापार मंडल बुढ़ाना के तहसील अध्यक्ष राजेश संगल, भूमि विकास बैंक बुढ़ाना के चौयरमेन विनोद सैनी और कोतवाल बनी छात्रा के पिता रवि वर्मा भी मौजूद रहे। थाना प्रभारी नंदिनी वर्मा ने थाने के कार्यालय के स्टाफ रूम व मेस का निरीक्षण किया। इसके अलावा मेपल्स एकेडमी बुढ़ाना की



कक्षा 11 की होनहार छात्रा को एक दिन का बुढ़ाना सर्किल का पुलिस क्षेत्राधिकारी बनाया गया। जिन्होंने सीओ गजेंद्र पाल सिंह के समक्ष उनके कार्यालय में बैठकर पीड़ितों की समस्याओं को सुनकर हाथों हाथ उनका निस्तारण किया। छात्रा जोया फिरोज को एक दिन की फुगाना सीओ बनाया गया। छात्रा माही बालियान एक दिन की भौराकलां थानाध्यक्ष बनाई गयी। छात्रा पलक को एक दिन का रतनपुरी थानाध्यक्ष बनाया गया। छात्रा खुशी को एक दिन का गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी का प्रभारी बनाया गया। सभी छात्राएं एक दिन की सरकारी अधिकारी बनकर खुश नजर आई।

# मनमोहक झाकिंयों के साथ निकाली गई मां दुर्गा की भव्य शोभायात्रा

**शाहपुर।** धर्मनगरी शाहपुर में आज 18 वीं श्री दुर्गा अष्टमी भव्य शोभायात्रा भारी सुरक्षा के बीच विधि विधान के साथ नगर के प्राचीन पीपलेश्वर हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुई। शोभायात्रा नगर के मेंन बाजार मेंन रोड मोहल्ला सैनीयान गोकुलपुर रोड मंगलापुरी मंडी बर्फ फैक्ट्री रोड तथा मालदा बाग से होते हुए वापस मंदिर पर ही संपन्न हुई। शोभायात्रा में ढोल नगाडे व बैड बाजो की धुन पर देवी मां के भक्त नृत्य करने पर मजबूर हो गए दर्जनों झांकियां सराहनीय रही। शोभायात्रा का दर्जनों स्थानों पर बहुत ही उत्साह के साथ पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया तो वहीं 100 से ज्यादा घरों के बाहर मां दुर्गा के रथ पर विराजमान माँ की। आरती की शोभायात्रा का उद्घाटन वरिष्ठ प्रमुख समाजसेवी उमेश मित्तल, हनु मित्तल द्वारा किया गया। तथा दीप प्रज्वलित पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी तथा युवा समाजसेवी कपिल चौधरी द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी संजीव जैन, हर्षित जैन, अध्यक्ष जिला कोऑपरेटिव बैंक ठाकुर रामनाथ सिंह, प्रबंधक द स्काईलैंड स्कूल राहुल गोयल, समाजसेवी नरेंद्र कुमार गर्ग, भाजपा पूर्व विधायक उमेश मलिक, समाजसेवी सावंत नामदेव, ग्राम पलड़ी प्रधान मोनू सैनी, अवर अभियंता शाहपुर श्याम



किशोर पंडित, समारोह के गौरव वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रदीप सिंह चौहान, एसडीएम बुढ़ाना अपूर्वा यादव, वरिष्ठ पत्रकार सचिन सिंघल, सभासद मनोज सैनी, तथा पूजन कर्ता समाजसेवी अरविंद पाल, वरिष्ठ प्रमुख चिकित्सक डॉ. गौरव सैनी, युवा भाजपा नेता शिवम् सिंघल, नामदेव समाज के अध्यक्ष सोनू नामदेव, प्रजापति समाज के अध्यक्ष प्रदीप प्रजापति, वाल्मीकि समाज के पूर्व अध्यक्ष सुनील धवन, हरिजन समाज के अध्यक्ष चतुर्वेदी, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राहुल शर्मा, समाजसेवी प्रदीप पाल, सभासद मोना अरोरा, समाजसेवी दर्शन कर्णवाल, एडवोकेट संदीप बंसल, मनीष गर्ग, विकास गर्ग, शिवाजी गर्ग, शिवम वर्मा, डाक्टर शिव कुमार के अलावा वरिष्ठ मुख्य अतिथि के रूप में अग्रवाल समाज के अध्यक्ष श्याम पाल सिंघल, पूर्व चेयरमैन राजेश सिंघल, समाजसेवी मुकुल मित्तल सिसौली वाले, पूर्व सभासद उमेश गोयल, समाजसेवी राजेंद्र गोयल, मां का श्रंगार भाजपा मंडल अध्यक्ष रूबी सैनी, शिवानी, प्रियंका वर्मा पत्नी कमल वर्मा तथा प्रसाद वितरणअजय शर्मा, शाह टाइम्स पत्रकार भाग्य शर्मा व वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अनुज अग्रवाल, डा. अभिषेक आदि ने किया।

## बीस लाख न देने पर एटीएम छीनने वाली महिला पति सहित गिरफ्तार

**छपार।** एक व्यक्ति को घर बुलाकर एक महिला व तीन लोगों ने मारपीट कर बीस लाख रुपए मांगे ओर जबरन एटीएम छीनकर 10 हजार रुपए निकाल लिये। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने महिला व उसके पति को गिरफतार कर 7700 रुपये बरामद कर कोर्ट में पेश किया है।जबकि अन्य आरोपी फरार है।

मेरठ के जागृति बिहार कालोनी निवासी दीपक शर्मा शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं उसके बाए हाथ की ऊंगली सही से कार्य नहीं कर रही थी उसके साथी तरसपाल ने बताया कि रामपुर तिराहा पर डाक्टर सीमा है वह अंगुली का ईलाज कर देगी उसका फ़ोन नम्बर दिया। फोन करने पर महिला ने उसे बुलाया आरोप है कि महिला डाक्टर ने उसे घर बुलाया और गेट बंद कर दिया वहां उसका पति रियासत मौजूद था उसने उसकी पिटाई की ओर कमरे में बंद कर दिया फिर एक व्यक्ति आया जिसे वे लोग वकील साहब बोले रहे थे आरोपियों ने बीस लाख रुपए की मांग की पीड़ित ने रुपए देने से इंकार कर दिया। आरोपियों ने जबरन उसके कपड़े उतार कर नंगा कर दिया ।डाक्टर सीमा ने उसकी वीडियो बनाई। आरोप है कि उन्होंने वीडियो वायरल करने व मीडिया को देने की धमकीं दी ओर एटीएम छीनकर 10 हजार रुपए निकाल कर फरार हो गये। पीड़ित ने थाने पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने सोमवार को मेदपुर कट से डाक्टर सीमा व उसके पति को गिरफ्तार कर 7700 सौ रुपए व एक मोबाइल फोन कर कोर्ट में पेश किया है जबकि बाकी आरोपी अभी फरार है पुलिस का कहना है कि उन्हें जल्दी गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# एसडी कॉमर्स में नवरात्रि पर डांडिया का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स, मुजफ्फरनगर के प्रांगण में कला एवं संस्कृति प्रकोष्ठ के तत्वाधान में 'नवरात्रि महोत्सव के अवसर पर डांडिया एवं गरबा का आयोजन किया गया।

जिसमें महाविद्यालय की सभी शिक्षिकाओं एवं अनेकों छात्राओं ने भाग लेकर माँ दुर्गा का आर्शीवाद प्राप्त किया। महोत्सव का शुभारम्भ मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्रबन्ध समिति के सचिव नीरज कुमार प्रबन्ध समिति के सदस्य जितेन्द्र कुमार, देवेन्द्र कुमार, ध्रुव कुमार एवं एसडी ग्रुप ऑफ कालेजज् के प्राचार्यगण डा. सन्दीप मित्तल, डा. सचिन गोयल, डा0 आलोक कुमार ने संयुक्त रूप से माँ दुर्गा एवं माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया।डांडिया एवं गरबा महोत्सव में डा. मोनिका रूहेला, डा. रितु मित्तल, डा. वैशाली सिंह, एकता मित्तल, डा. विभुति अग्रवाल, डा. पायल, डा0 योगिता पुण्डीर, सपना चौहान, डा. श्वेता सिंघल, गरिमा, अंजु कुमारी, शिवांगी वशिष्ठ, मोनिका पंवार, अनामिका शर्मा, वर्षा पांचाल, राखी धीमान, साक्षी, शिखा पाल, प्रियंका जैन, वंशिका गुप्ता सना जैदी, महिमा, स्मृति माथुर, एलिश धीमान, मिनाता, शिवांगी पुण्डीर, नीलू राठी, शाजिया रहबर एवं छात्राएं अंजली, अंशिका, मानसी, प्रार्थना, गरिमा, विदुषी, सानिया, शिवांगी, फातिमा, सानिया, रियन, आफिया, सोनम, वैष्णवी, अवनी चौधरी, आरोही, साक्षी आदि ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन मोनिका पंवार ने कियाइस अवसर पर महाविद्यालय की प्रबन्ध समिति के सचिव नीरज कुमार ने नवरात्रि महोत्सव की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों आदि ने सहयोग किया।

# डीएस स्कूल में दशहरा उत्सव के अवसर पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित



**मुजफ्फरनगर।** डी एस पब्लिक स्कूल में दशहरा उत्सव के अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए एक फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में किड्स सेक्शन के बच्चे विभिन्न चरित्रों की आकर्षक वेशभूषा में सज कर आए। नर्सरी कक्षा के बच्चों के लिए आयोजित हुई। प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए विद्यालय के मंच पर पौराणिक एवं ऐतिहासिक चरित्रों के साथ-साथ स्वतंत्रता सेनानियों एवं अन्य चरित्रों को भी जीवंत किया। बच्चों ने एक्टिविटी इंचार्ज अनुश्री एवं हेमलता वर्मा, सुविधा शर्मा, नीतू सिंघल के मार्गदर्शन में तथा शिक्षिका कृति शर्मा ,श्रुति शर्मा एवं एकता अग्रवाल की उपस्थिति में व अभिभावकों के सक्रिय सहयोग से इस प्रतियोगिता में उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए दुर्गा माता, प्रभु श्री राम, सीता माता सहित झांसी की रानी , बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर, शहीद ए आजम भगत सिंह, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ-साथ देश के बहादुर सैनिकों एवं पुलिस कर्मियों तथा मरीजों की सेवा करने वाले चिकित्सकों की वेशभूषा धारण करके सभी को नवरात्रि एवं दशहरे की शुभकामनाएं दी। दुर्गा माता के रूप में सजकर आई अन्वी पवार, प्रभु श्री राम बनकर आए अनिरुद्ध शर्मा तथा माता सीता के रूप में सजी दिव्यांशी सभी के आकर्षण का केंद्र रहे। डायरेक्टर संतोष जैन तथा प्रधानाचार्य गगन शर्मा ने बच्चों दुर्गा अष्टमी , नवमी एवं दशहरे की शुभकामनाएं दी । निर्णायक मंडल द्वारा दिए गए निर्णय अनुसार प्रभु श्री राम के रूप में सजकर आए अनिरुद्ध शर्मा एवं सीता माता के रूप में सजकर आई दिव्यांशी को प्रथम, रानी लक्ष्मीबाई बनकर आई सानवी एवं मसीयत फातिमा को द्वितीय तथा अन्वी पवार एवं तन्मय काकरान को तृतीय घोषित किया गया।

### छात्रा को तंग करने वाला दूसरा मनचला अरेस्ट

बुढाना। आज सोमवार की सुबह के समय बुढ़ाना थाना महिला की थानाध्यक्ष सुमन शर्मा ने एक छात्रा के मोबाइल फोन पर बार बार मैसेज व कॉल करके परेशान करने वाले कासिम निवासी सफीपुर पटी को किसी मुखबिर की सटीक सूचना पर पकडकर पहले तो उसकी अच्छी खातिरदारी की और फिर उसको जेल भेज दिया।ः थानाध्यक्ष सुमन शर्मा ने कासिम के दोस्त सफीपुर पटी निवासी शोयब को भी बीते कल पकड़कर उसकी भी अच्छी तरह से खातिरदारी की थी और फिर संगीन धाराओं में जेल भेज दिया था। आरोप के मुताबिक दोनों मनचले छात्रा के साथ शादी करने का दबाव बनाकर कालेज जाते समय उसका पीछा भी करते थे। पुलिस ने दोनों की ऐसी खातिरदारी की है कि जमानत होने के बाद शायद अब दोनों मनचले अपने मन को काबू में रखेंगे। इन दोनों के अलावा थानाध्यक्ष सुमन शर्मा ने बीते कल ही एक किशोरी के घर में घुसकर उसके साथ छेडखानी करने वाले सफीपुर पटी निवासी आरोपी सुहेल को भी पकड़कर पहले उसकी अच्छी खातिरदारी की थी और फिर उसको गंभीर धाराओं में जेल भेज दिया था।

### जनता हाईग्राम शिक्षा सभा भोपा के अध्यक्ष बने सुदेशपाल

**भोपा।** जनता हाईग्राम शिक्षा सभा भोपा की नई प्रबंध समिति का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। चुनाव में बड़ी संख्या में मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। घोषित परिणामों के अनुसार अध्यक्ष पद पर सुदेशपाल 296 मत पाकर विजयी रहे। उपाध्यक्ष पद पर सुरेन्द्र सिंह राठी ने 304 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। देवराज सिंह 301 मतों के साथ सचिव चुने गए। उपसचिव पद पर राजकन ने 306 मत पाकर विजय हासिल की। कोषाध्यक्ष पद पर अवनीश कुमार ने 309 मत पाकर जीत दर्ज की, जबकि ब्रह्मसिंह 287 मत पाकर ऑडिटर चुने गए।इसके अलावा प्रबंध समिति में देवेन्द्र सिंह राठी, देवेन्द्र सिंह, परवेन्द्र राठी, विनय कुमार, नवीन कुमार, विजय कुमार, सक्रमवीर, मंगत सिंह, योगेश कुमार और रविन्द्र सिंह सदस्य चुने गए।चुनाव प्रक्रिया के दौरान कहीं भी कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# लंका दहन लीला देखने को बड़ी संख्या में उमड़े लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम पर आयोजित 56वे रामलीला महोत्सव में कल रात्रि मे सीता सुधि, हनुमान रावण संवाद व लंका दहन लीला का भव्य मंचन किया गया। लीला के प्रथम दृश्य में दिखाया गया कि किस प्रकार सुग्रीव वानर सेना को माता सीता की खोज में भेजते हैं। राम हनुमान जी को माता सीता को देने के लिए अपनी मुद्रिका देते हैं। इस प्रकार हनुमान समुद्र तट पर पहुंचते हैं और समुद्र को पार करने के बारे में सोचते हैं परंतु असमंजस में पड़ जाते हैं। जामवंत हनुमान जी को उनकी शक्ति के बारे में अवगत कराते हैं और कहते है कि है हनुमत आप वह वीर हो जिसमें अपार शक्ति हैं। आप चाहे तो कुछ भी कर सकते हैं। आप बल व बुद्धि के दाता है। सारा ब्रह्मांड आपकी शक्ति का लोहा मानता है। हे बजरंगबली आप समुद्र को पार करो और सीता माता की सुंधि लाओ इस प्रकार वह सौ योजन का समुंद्र पार करते हैं। रास्ते मे अनेक राक्षस मिलते हैं। हनुमान जी उनको राम का नाम लेकर अपनी शक्ति द्वारा परास्त करते हैं और लंका में पहुंचते हैं। जहां पर लंकिनी नाम की राक्षसी लंका की रक्षा कर रही होती है जिसका हनुमान जी वध करते हैं और अशोक वाटिका में चले जाते हैं वहा पर सीता माता के दर्शन करते हैं। तभी रावण आता है और सीता को कहता है कि अपनी हट छोड़कर मुझसे विवाह कर लो।





नहीं तो वह उनका वध कर देगा। परंतु वह मना कर देती है। इसके बाद मौका पाकर हनुमान जी मुद्रिका माता सीता को देते हैं और अपना परिचय देते हैं। तथा बताते हैं कि उनको भगवान राम के द्वारा यहां भेजा गया है इसके बाद हनुमान को भूख सताती है वह पूरी अशोक वाटिका को उजाड़ देते हैं। इसके बाद रावण का पुत्र अक्षय कुमार आता है और हनुमान जी के द्वारा मारा जाता है। इसके बाद मेघनाथ आता है। हनुमान व मेघनाथ का भयंकर युद्ध होता है। अंत में मेघनाथ ब्रह्मास्त्र चलाता है। परंतु हनुमान ब्रह्मा का मान रख कर पाश में बंध जाते हैं। इस प्रकार रावण के दरबार में हनुमान जी आते हैं। दोनों के बीच मे जबरदस्त संवाद होता है। अंत में हनुमान की पूंछ में आग लगा दी जाती है जिससे हनुमान जी सारी लंका को जला देते है।इस अवसर पर उपेन्द्र द्विवेदी, पं दिनेश पाठक, उत्तम नामदेव, आदेश शर्मा, राकेश आचार्य, सुनील गुप्ता रामायणी, सन्दीप नामदेव, लोकेश वाचस्पति, आशु निर्वाल, लाल सिंह लचक, वंश नामदेव, निशांत पाठक, दीपक सैनी, सुनील अरोड़ा टम्मी आदि उपस्थित रहे।

# छात्रा बनी एक दिन की थाना प्रभारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु संचालित मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत जनपद शामली के थाना कोतवाली शामली में स्कूल की छात्रा को एक दिन का थाना प्रभारी नियुक्त किया गया।

शासन की मंशा के अनुरूप तथा पुलिस अधीक्षक शामली एन0पी0 सिंह के आदेशनुसार चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में थाना कोतवाली पर थाना क्षेत्रान्तर्गत सिल्वर वेल्स स्कूल की 12वीं कक्षा की छात्रा प्रियांशी सरोहा को एक दिन का थाना प्रभारी बनाया गया और पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली, महिला सुरक्षा उपायों, एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया तथा थाने के दैनिक कार्यों की जानकारी दी गई तथा साथ ही थाने पर उपस्थित



फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान हेतु आश्वस्त किया गया।

इस अवसर पर थाना प्रभारी कोतवाली शामली विरेन्द्र कसाना ने कहा कि हमिशन शक्ति के माध्यम से हम बेटियों को सशक्त बनाना चाहते हैं। जब वे नेतृत्व की भूमिका में आती हैं, तो समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। कार्यक्रम के दौरान महिला कांस्टेबलों, स्थानीय शिक्षकों, छात्राओं एवं अभिभावकों की उपस्थिति भी रही। छात्रा द्वारा प्रस्तुत आत्मविश्वास और जिज्ञासा को देखकर उपस्थित सभी लोगों ने उसकी सराहना की।

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में कन्या पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित मिशन शक्ति-5.0 के अंतर्गत सोमवार को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बनत में कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्राओं को हेल्प लाईन नंबरों की जानकारी दी गई वही सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया गया। सोमवार को कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने संयुक्त रूप से मां दुर्गा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर स्कूली छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मिशन शक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान डीएम व विधायक ने बालिकाओं को उपहार देकर सम्मानित किया। डीएम





अरविन्द कुमार चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के तहत जिले में लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक करना है। कहा कि बालिक. ाओं व महिलाओं का समाज में शक्ति का स्थान है। शारदीय नवरात्र में शक्ति के विभिन्न रूपों की पूजा होती है, उसी क्रम में कन्या पूजन का आयोजन किया गया है, जो सुरक्षा और स्वावलंबन का बड़ा संदेश है। डीएम ने छात्राओं को 112, 1090, 1076 और 181 जैसे हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए कहा कि ए नंबर उनकी सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए बनाए गए हैं।

विधायक प्रसन्न चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में किसी की हिम्मत नहीं है कि वह बेटियों की ओर आंख उठाकर देख सके। इस दौरान डीएम, एसपी नरेन्द्र प्रताप सिंह व विधायक ने कन्याओं का पूजन कर उन्हें तिलक लगाया, चुनरी भेंट की और अपने हाथों से प्रसाद ग्रहण कराया। इस अवसर पर एसडीएम सदर अर्चना शर्मा, एसडीएम न्यायिक हामिद हुसैन, जिला प्रोबेशन अधिकारी मौ। रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म व हत्या मामले में आरोपी को 20 साल की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** मिशन शक्ति व ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस की प्रभावी कार्रवाई के चलते नाबालिग से दुष्कर्म और जहरीला पदार्थ पिलाकर हत्या करने वाले आरोपी को कोर्ट ने 20 वर्ष के कठोर कारावास व 36 हजार रूपए के अर्थदंड से दण्डित किया है।

वर्ष 2023 में झिंझाना थाना क्षेत्र के ग्राम भड़ी चौसाना की है, जहां आरोपी आकाश पुत्र सोमपाल निवासी मोहल्ला सुंदरनगर ग्राम भड़ी चौसाना ने नाबालिग से छेड़छाड़, दुष्कर्म कर जहरीला पदार्थ पिला दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। मामले में झिंझाना थाने में IPC की धारा 342, 354, 376 (3), 305 व पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया था।

पुलिस की तत्परता से की गई पैरवी के चलते स्पेशल पॉक्सो कोर्ट शामली ने आज आरोपी को विभिन्न धाराओं में 20 वर्ष सश्रम कारावास व 36,000 के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर तीन माह के अतिरिक्त कारावास भी निर्धारित किया गया है।

## एक नजर

### विजयादशमी पर्व मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती स्कूल में विजयदशमी और राष्ट्र सेविका समिति के 90 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में विजयादशमी कार्यक्रम बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छोटी-छोटी बालिकाओं ने रामचंद्र के भजनों की प्रस्तुति नृत्य के साथ की तथा समिति की सभी छात्राओं ने राम चन्द्र का गुणगान किया। मुख्य वक्ता प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने कहा कि हम शक्ति के उपासक है। यह पर्व बुराइ पर अच्छाई की विजय का पर्व है। विजयादशमी के दिन ही इस संगठन की स्थापना हुई। इस अवसर पर सरस्वती, शेफाली, निधि, रश्मि, मोनिका, रूबी, अनुष्का मौजूद रहे।

### सत्यनारायण इंटर कॉलेज के मंच पर प्रकट हुए मां दुर्गा के नौ स्वरूप




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज में माता महादुर्गा के नौ स्वरूपों का दर्शन एवं पूजन किया गया। भक्ति भावना से ओत प्रोत माता दुर्गा के नौ स्वरूपों क्रमशः शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चन्द्रघण्टा, कूष्माण्डा, स्कन्दमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी तथा सिद्धिदात्री का दर्शन और पूजन कॉलेज की प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष सुशील कुमार गर्ग, प्रबन्धक राजीव संगल तथा प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने किया। कहा कि हमारा परम सौभाग्य है कि हम में से अधिकतर मातारानी के नौ दिनों तक चलने वाले व्रतों को अत्यन्त श्रृद्धा एवं भक्ति भावना से करते हैं। आज उनके दर्शन कर के हम सब कृतार्थ हुए। मंच का संचानल अनिल कुमार कश्यप जी ने किया। इस अवसर पर सतीश आत्रेय, धनश्याम सारस्वत, मोहित मित्तल, हरीश नामदेव आदि मौजूद रहे।

### नारी स्वावलंबन व जागरूकता विषय पर हुआ कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के जैन कन्या इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति 5.0 विशेष अभियान के अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को आपातकालीन सहायता के लिए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। इनमें चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एंबुलेंस सेवा 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 शामिल रहे। मुख्य अतिथि सीओ सिटी अमरदीप मौर्य एवं एसएचओ वीरेंद्र कसाना ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी समस्या या संकट की स्थिति में उन्हें संकोच नहीं करना चाहिए और तुरंत इन हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करना चाहिए। इस अवसर पर सभी छात्राओं को हेल्पलाइन नंबरों से संबंधित पर्चे भी वितरित किए गए, जिससे वे भविष्य में लाभान्वित हो सकें। विद्यालय के प्रबंधक वीरेंद्र कुमार जैन और प्रधानाचार्या डॉ. रुचिता ढाका ने कहा कि नारी शक्ति देवी के रूप में पूजनीय है, इसलिए प्रत्येक बालिका को अपनी ऊर्जा को पहचानकर निर्भीक रहना चाहिए।

### स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत सीएचसी पर स्वास्थ्य कैंप लगा

**झिंझाना।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत सोमवार को झिंझाना सीएचसी पर स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ऊन ब्लॉक के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर तरुण चौधरी, नगर पंचायत अध्यक्ष तथा थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कैंप में बड़ी संख्या में महिलाओं ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। गर्भवती महिलाओं को मातृ वंदना योजना के तहत लाभ तथा महिलाओं को पोषण किट वितरित की। मातृ वंदना योजना केंद्र सरकार की प्रमुख योजना है, जिसके अंतर्गत पहली बार गर्भवती होने वाली महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को आर्थिक सहायता दी जाती है। इस योजना का उद्देश्य गर्भावस्था एवं प्रसव के दौरान होने वाली कठिनाइयों को कम करना और मातृ-शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है। योजना के तहत पंजीकृत लाभार्थी महिलाओं को 5,000 रूपए की सहायता राशि किस्तों में प्रदान की जाती है। कैंप में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार शर्मा ने उपस्थित महिलाओं को जागरूक करते हुए सभी टोल फ्री नंबरों के बारे में जानकारी दी और बताया कि अपनी सुरक्षा कैसे कर सकते हैं।

## कमेटी के रूपए मांगने पर की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र की नई बस्ती बिजलीघर मार्ग निवासी एक व्यक्ति ने अपने मोहल्ले के ही एक व्यक्ति पर कमेटी के रूपए मांगने पर आरोपी पर उसके पिता के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने पहुंच कर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी है। सोमवार को थाना क्षेत्र की नई बस्ती बिजली घर मार्ग निवासी अजहर पुत्र जमील ने बताया कि उसने अपने मोहल्ले के ही एक व्यक्ति के यहां पर कमेटी डाल रखी है। पीड़ित के अनुसार उसकी कमेटी के रूपए निकाले हुए हैं आरोप है कि सोमवार को उसका पिता जमील कमेटी के रूपए लेने के लिए गया हुआ था और जब उसने अपने रूपए मांगे तो आरोपी ने उसके पिता के साथ डंडों से मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया।

# दहेज उत्पीड़न के आरोप में पति सहित चार पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** अतिरिक्त दहेज के रूप में स्विफ्ट डिजायर गाड़ी व एक लाख की नकदी न मिलने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया।पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर सास,ससुर,पति व नन्द पर मुकदमा दर्ज किया है।

मोहल्ला गुलशन नगर निवासी कोमल पुत्री बाबू ने कोतवाली पर तहरीर देते हुए सास-ससुर,नन्द व पति पर अतिरिक्त दहेज न देने पर मानसिक व शारी. रिक उत्पीड़न के आरोप लगाते हुए सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। बताया है कि उसकी शादी गत 26 अक्तूबर वर्ष 2023 को हिन्दू रीति-रिवाज के साथ वाशु पुत्र अनिल निवासी मौहल्ला गौशाला रोड,शामली के साथ संपन्न हुई थी। विवाह में पीड़िता के पिता ने स्वेच्छा से सोने की अंगूठी,सोने की चौन,सास अनिता व ससुर अनिल व अन्य को जेवर व घरेलू सामान आदि दिया था। इस दौरान लगभग 18 लाख रूपए खर्च हुए थे,जिससे ससुराल पक्ष के लोग संतुष्ट नहीं थे। पांच माह बाद ही अतिरिक्त दहेज के रूप में एक स्विफ्ट डिजायर गाड़ी व एक लाख रूपए की नकदी की मांग करने लगे। कुछ दिनों बाद दोनों पक्षों के संभ्रांत लोगों ने आपसी सुलह कराने के बाद विवाहिता को ससुराल भेज दिया था। तीन माह बीत जने के बाद पुनः दहेज की मांग होने लगी।आरोप है कि मांग पूरी न होने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति वाशु,सास अनिता,ससुर अनिल व नन्द शालू के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया हैं।

# नवयुग के सोशल मीडिया युक्त रावण का दहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के बीएसएम पब्लिक स्कूल में दशहरा व नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस बार विद्यालय ने एक अनोखी पहल करते हुए पारंपरिक रावण दहन के स्थान पर नवयुग का रावण प्रस्तुत किया। इसमें आधुनिक समय की बुराइयों जैसे यूट्यूब, फेसबुक, व्हाट्सएप, स्नैपचैट, इंस्टाग्राम, ट्विटर और सोशल मीडिया की लत को प्रतीकात्मक रूप से रावण के दस सिरों के रूप में दर्शाया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, अध्यक्ष सूर्यवीर सिंह और उप प्रधानाचार्या आशु पंडित ने दीप प्रज्वलन व दुर्गा पूजा के साथ किया। नवरात्रि के अवसर पर बच्चों ने माता दुर्गा के नौ रूपों की मनमोहक झांकियां प्रस्तुत कीं। विशेष आकर्षण महिषासुर मर्दिनी की जीवंत झांकी रही, जिसने सभी को उत्साह और भक्ति से भर दिया। विद्यालय प्रांगण में बोर्ड डेकोरेशन प्रतियोगिता भी आयोजित हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने चार्ट पेपर, थर्माकोल और रंगीन शीट से नवरात्रि की नौ देवियों व नवयुग रावण का चित्रण किया। प्रतियोगिता में वॉरियर हाउस प्रथम, अवेंजर्स हाउस द्वितीय और एक्सप्लोरर हाउस तृतीय स्थान पर रहा। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने राम, लक्ष्मण और सीता का पात्र अभिनय करते हुए रावण मरण का दृश्य भी प्रस्तुत किया। वहीं रंगा. रंग डांडिया नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया।



## नन्हें देवियों संग रॉक गोल्ड एकेडमी में नवरात्र व दशहरा उत्सव मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सोमवार को जिलेभर के शिक्षण संस्थानों में नवरात्रि व दशहरा उत्सव धूमधाम एवं भक्ति भावना के साथ मनाया गया।

सोमवार को शहर के रॉक गोल्ड एकेडमी में नवरात्रि व दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के चेयरमैन सुनील गोयल, वाईस चेयरमैन शिखर गोयल, डायरेक्टर प्रियांक गोयल व प्रधानाचार्य राज ने माता रानी को पुष्पों की वर्षा से व दीप प्रज्जवल कर अभिनन्दन किया। बच्चों ने भजन, श्लोक व नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। प्ले से द्वितीय कक्षा तक के नन्हे विद्यार्थी नौ देवियों के रूप में सजे, जो कार्यक्रम का विशेष आकर्षण बने। इस दौरान प्रधानाचार्या राज द्वारा बच्चों को दशहरा पर्व के बारे में विस्तार से बताया गया। वही रावण के पुतलों का दहन भी किया गया।

# तहसील परिसर में वाहनों के प्रवेश पर रोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** तहसील परिसर के मुख्य द्वार पर प्रशासन द्वारा ताला लगाए जाने से आम जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह से ही तहसील कार्यालय पहुंचने वाले नागरिकों की भीड़ मुख्य द्वार पर जमा हो जाती है,जो अपने अपने वाहनों को सड़क पर खड़ा करके पैदल ही तहसील मुख्यल पहुंच रहे हैं। मामले में समाजसेवी आमिर अली द्वारा जिलाधिकारी को ट्वीट कर समस्या का निस्तारण कराने की मांग की गई है।

तहसील परिसर में वाहनों की भारी भीड़ जमा के बाद तहसील प्रशासन द्वारा मुख्य द्वार पर ताला लगवा दिया गया है,जिससे कोई भी वाहन अब तहसील परिसर में प्रवेश नहीं कर पाएगा।





प्रतिदिन तहसील कार्यालय में भूमि संबंधित कार्य,जाति प्रमाण पत्र,आय प्रमाण पत्र,विवाह पंजीकरण,दाखिल-खारिज जैसे अने. कों कार्यों के लिए लोग बड़ी संख्या तहसील मुख्यालय पर आते हैं। मुख्य द्वार पर ताला लगा होने के करण वह अपने-अपने वाहनों को सड़क पर ही खड़ा करके तहसील मुख्यालय पहुंचते हैं। अब उन्हें अपने वाहनों के चोरी होने का भय सता रहा है। क्योंकि पूर्व में तहसील परिसर से कई बाइकें चोरी हो चुकी हैं। साथ ही गली में वाहन अधिक होने के कारण जाम की स्थित बनी रहती है। हालांकि प्रशासन की ओर से गेट पर कोई सूचना बोर्ड लगाकर कारण का उल्लेख नहीं किया गया,जिससे जनता में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। लोगों ने बताया कि तहसील परिसर में वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग और भीड़भाड़ को नियंत्रित करने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है।

कचहरी की पार्किंग में वाहनों को खड़ा नहीं किया जाता है। न्यायालय परिसर में पार्किंग की व्यवस्था पहले से मौजूद है। तहसील परिसर से कई बार गाड़ियां चोरी हुई हैं। परिसर में अव्यवस्थित तरीके से गाड़िया खड़ी की जाती थीं। इस संबन्ध में पुलिस से भी बात की गई है। मुख्य द्वार पर कोई ताला नहीं लगाया गया है।

**निधि भारद्वाज**
**एसडीएम कैराना**

# डीएवी प. स्कूल में धूमधाम से मनाया दशहरा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** डीएवी पब्लिक स्कूल में दशहरा पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर रावण का प्रतीकात्मक दहन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक आशीष मित्तल ने किया। उन्होंने कहा कि दशहरा बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है और यह पर्व हमें सच्चाई, धर्म और आदर्शों पर चलने की प्रेरणा देता है। सांस्कृतिक प्रस्तुति में छोटे-छोटे बच्चों ने रामायण के पात्रों का जीवंत मंचन किया। कक्षा 1 के छात्र प्रिंस ने भगवान राम और छात्रा ओमया ने माता सीता की भूमिका निभाई। वहीं कक्षा 2 के छात्र रुद्रांश लक्ष्मण के रूप में नजर आए। बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों को देख दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। कार्यक्रम की सफलता में डीएवी किड्स जोन के समस्त स्टाफ एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## मुनि ने बताया सच्चा सुख प्राप्त करने का मार्ग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** दिगंबर जैन धर्मशाला में सोमवार को मुनि 108 विव्रत सागर ने आनंद की तलाश क्षणिक सांसारिक सुखों की व्यर्थता और सच्चा सुख प्राप्त करने का आध्यात्मिक मार्ग विषय पर अपनें प्रवचनों का केंद्रित रखा। मुनिराज ने कहा कि मनुष्य आनंद की खोज में भौतिक सुखो में उलझ जाता है, जो केवल क्षणिक आनंद देते हैं और अंततः दुख का कारण बनते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि लोग एक पसंदीदा सीरियल के लिए बच्चे की भूख तक को नजर. अंदाज कर देते हैं, बाद में पछताना पड़ता है। यह दर्शाता है कि सांसारिक सुख अंततः पश्चाताप की ओर ही ले जाते हैं। उन्होंने कहा कि हम खुद को बुद्धिमान मानते हैं, लेकिन वास्तव में बुद्धिहीन हैं क्योंकि तंबाकू के पैकेट पर कैंसर की चेतावनी जैसी स्पष्ट बातों को भी नजरअंदाज कर देते हैं। इसी तरह धार्मिक क्रियाएं जैसे मुठी भर चावल चढ़ाना तब तक व्यर्थ हैं जब तक उनका वास्तविक प्रयोजन समझा न जाए। अंत में मुनिराज ने श्रोताओं से आह्वान किया कि वे सच्चे मार्गदर्शकों का आश्रय लें और आत्मा में स्थित परमेश्वरत्व को पहचानकर स्वयं सागर बनने का प्रयत्न करें। इस अवसर पर अर्चना जैन, विनोद जैन, राजेश जैन, सीमा जैन, सुनीता आदि रहे।

**बेदखली सूचना**

मैं अपने पुत्र आबिद व पुत्रवधु नहीमा पत्नी आबिद को उनके कृत्यों से तंग व परेशान आकर उनको अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं तथा अपने संबंध समाप्त करता हूं। भविष्य में अपने समस्त कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**मौ अख्तर हसन पुत्र रगवीर**
निवासी-ग्राम बघेव कन्नूखेडा
थाना आदर्श मण्डी तहसील शामली।
मो0-8683921792

# ऑनर किलिंगः पुत्री के हत्यारे पिता-पुत्र को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के ग्राम अम्बेहटा में रविवार को उस समय सनसनी फैल गई थी जब पिता ने अपने बेटे के साथ मिलकर अपनी पुत्री की गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी कैराना श्याम सिंह, प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण कर फील्ड यूनिट से साक्ष्य जुटवाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।सोमवार को शव पोस्टमार्टम से आने के बाद सपुर्द ए खाक कर दिया है। पुलिस ने हत्या आरोपी पिता के कब्जे से तमंचा बरामदकर जेल भेज दिया और पुत्र को पुलिस अभिरक्षा में लिया है। सोमवार को पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने



जानकारी देकर बताया की मृतका का पिता जुल्फान पुत्र जहूर हसन अपनी बेटी सना के किसी युवक से फोन पर बात करने से नाराज था। बार-बार समझाने के बावजूद जब बेटी नहीं मानी तो उसने बेटे के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दे डाला। जुल्फान ने पूछताछ में बताया कि घटना वाले दिन वह और उसका बेटा बहाने से अपनी बेटी को छत पर ले गए, जहां बेटे ने युवती को पकड़ लिया और उसने तमंचे से गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई।पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्याभियुक्त पिता जुल्फान को गिरफ्तार कर लिया जबकि बाल अपचारी बेटे को पुलिस अभिरक्षा में ले लिया। दोनों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त अवैध तमंचा और नाल में फंसा खोखा कारतूस भी बरामद किया गया है। पुलिस ने अपनी ओर से अभियोग दर्ज करते हुए कार्रवाई की है। शव पोस्टमार्टम से आने के बाद सपुर्द ए खाक कर दिया गया है। पुलिस ने हत्या आरोपी पिता को जेल भेज दिया है और आरोपी नाबा. लिग पुत्र को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है।

# महिलाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मिशन शक्ति फेज-5.0 के अन्तर्गत जनपद शामली में जिला पंचायत रिसोर्स सेन्टर में आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आत्मरक्षा के विषय में बताया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रारम्भ संदीप अग्रवाल जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के विषय में मिशन शक्ति के अन्तर्गत होने वाले सभी कार्यक्रमों की जानकारी देकर किया। प्रशिक्षण में जवाहर नवोदय विद्यालय से आशुतोष शर्मा द्वारा अपने विद्यालय की छात्राओं के माध्यम से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आत्मरक्षा के तरीको को विधिवत रूप से करके दिखाया गया। प्रशिक्षण में अश्वनी त्यागी जिला क्रीडा अधिकारी द्वारा आत्मरक्षा के विषय में बताया कि कैसे स्वयं सहायता समूह की महिलाए आत्मरक्षा के तरीके सीखकर अपने आप को सुरक्षित रख सकती हैं। प्रशिक्षण में प्रेम चन्द उपायुक्त स्वतः रोजगार द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बताया कि आत्म रक्षा का महिलाओं को आना कितना आवश्यक हैं। प्रेम चन्द उपायुक्त स्वतः रोजगार द्वारा बताया कि अकेली महिला कैसे आत्मरक्षा के गुण सीखकर अपने आप को सुरक्षित रख सकती हैं। कार्यक्रम में पुलिस विभाग से प्रभा पटेल जी डिप्टी एसपी द्वारा महिलाओं को सुरक्षा के विभिन्न तरीके एवं हेल्पलाईन नम्बरों के विषय में जानकारी दी एवं बताया कि मिशन शक्ति 5.0 नारी सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए शारदीय नवरात्र में आयोजित किया गया हैं। हामिद हुसैन जिला प्रोबेशन अधिक. री द्वारा बताया गया कि मिशन शक्ति-6.0 महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबना के लिए आयोजित कार्यक्रम हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रेम चन्द उपायुक्त स्वतः रोजगार, हामिद हुसैन एसडीएम न्यायिक, प्रभा पटेल डिप्टी एसपी, अश्वनी त्यागी उप क्रीडा अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी आशुतोष शर्मा सपोर्ट अधिकारी एवं संदीप अग्रवाल जिला पंचायत राज अधिकारी शामली उपस्थित रहे।

# बिजली चोरी पकड़ने गए जेई के साथ उपभोक्ता ने की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव मीमला में बकाएदारों के विरुद्ध अभियान चलाने गई विद्युत टीम के साथ ग्रामीण ने अभद्रता करते हुए हाथापाई की। घटना के संबंध में जेई ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

विद्युत विभाग की टीम द्वारा बकाएदारों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का नेतृत्व कर रहे जेई नितीश कुमार ने बकाया भुगतान न करने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने व नोटिस जारी करने की कार्यवाही की जा रही है।अभियान के दौरान जब टीम आस मोहम्मद पुत्र हासिम के घर पहुंची, तो वहां बिजली चोरी करते हुए पाया गया। जानकारी के अनुसार, विभाग द्वारा पिछले माह ही इस उपभोक्ता का कनेक्शन काट दिया गया था, इसके बावजूद अवैध रूप से बिजली का उपयोग किया जा रहा था। जब जेई नितीश कुमार ने इस पर आपत्ति जताई और कार्रवाई की बात कही, तो आरोपी पक्ष आगबबूला हो गया और विभागीय अधिकारियों पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में जेई नितीश कुमार को हल्की चोटें आई है। जेई नितीश कुमार ने बताया कि आस मोहम्मद पर विभाग का लगभग सत्तर हजार रूपये का बकाया है और पहले ही कनेक्शन काटा जा चुका है। फिर भी उपभोक्ता के घर विद्युत आपूर्ति सुचारू मिली। विद्युत विभाग जेई ने टीम के साथ थाने पहुंचकर तहरीर दी है।

# शामली की छात्रा सलोनी व मानवी ने स्वर्ण व रजत पदक जीता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सहारनपुर शहर के डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में 25 से 28 सितंबर तक आयोजित प्रदेश स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शामली की छात्रा सलोनी व मानवी ने स्वर्ण व रजत पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। अंडर-14 में बालिका मानवी ने रजत पदक व अंडर-19 में बालिका सला. नी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। विद्यालय पहुंचने पर बालिकाओं का भव्य स्वागत किया गया। साथ ही विद्यालय में दुर्गा अष्टमी नवमी व दशहरे के कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बालिका अनु व वेदांशी ने मां दुर्गा व राम के भजन प्रस्तुत किए। अश्विनी कुमार ने बालिकाओं को दुर्गा के नौ स्वरूपों



तथा विजयदशमी का त्यौहार क्यों मनाया जाता है इस विषय से अवगत कराया। प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने उन्हें दुर्गा अष्टमी व विजयदशमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर संजीव कुमार, संदीप, गीता, कविता, अनीता, सुरभि, उपासना, अमित मौजूद रहे।

## सफाई मित्र स्वास्थ्य जांच शिविर एवं पी पी किट वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** शासन द्वारा निर्गत आदेशानुसार एवं अधिशासी अधिक. री जितेन्द्र राणा व अध्यक्ष मुशयदा द्वारा दिए गए निर्देशो पर स्वच्छता ही सेवा 2025 के तहत 156 घंटे महा सफाई अभियान के अंतर्गत सोमवार को नगर पंचायत थानाभवन कार्यालय में सफाई मित्र सुरक्षा शि. विर व पी पी किट वितरण का आयोजन किया गया। स्वच्छता ही सेवा 2025 के अंतर्गत नगर पंचायत सभागार मे सोमवार को सफाई मित्र स्वास्थ्य जांच शिविर व पी पी किट वितरण किए गए। स्वच्छता ही सेवा 2025 के तहत 156 घंटे महा सफाई अभियान के अंतर्गत आयोजित शि. विर में उपस्थित सभी सफाई कर्मियों एवं कर्मचारियों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सको द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा ने सफाई मित्रों को स्वास्थ्य व सुरक्षा के प्रति जागरूक किया कार्यक्रम में चिकित्सक विकास व डा। मोनू तथा सहायकगण के आलावा नगर पंचायत अध्यक्ष राव मुशयदा, अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा, सभासदगण व कर्मचारीगण, सफाई मित्र उपस्थित रहे।

# सेंट द्रोण पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया दशहरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** सोमवार को नगर के सेंट द्रोण पब्लिक स्कूल में दशहरे का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर विद्यालय में विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया।कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना से हुई। इसके बाद छात्रों ने रामायण पर आधारित नाटड मंचन प्रस्तुत किया, जिसमें राम, रावण, सीता और हनुमान जैसे पात्रों का जीवंत अभिनय कर बच्चों ने तालियों की गड़गड़ाहट बटोरी। मंचन के दौरान संवादों और भाव-भंगिमाओं ने रामायण की



घटनाओं को सजीव कर दिया। साथ ही बच्चों ने कविताएं और भाषण भी प्रस्तुत किए, जिनमें अच्छाई की बुराई पर विजय का संदेश दिया।

विद्यालय प्रांगण में रावण का पुतला दहन भी किया गया, जिसे देखकर बच्चों और अभिभावकों में भारी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक इंजीनियर अमन शर्मा और प्रधानाचार्य विधि शर्मा ने अपने संबोधन में दशहरे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को सत्य, नैतिकता और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि हमें अपने अंदर की बुराइयों को भी रावण की तरह समाप्त करना चाहिए।

कार्यक्रम के समापन पर देशभक्ति गीत गाए गए। इस दौरान शशांक मित्तल,वरुण, भूरा, जितेंद्र, शुभम, अंकित, हुसैन, एकता, नेहा, शिवानी, खुशी, शशिबाला, पिंकी, अंशु, सीमा, प्रभा, इति, रचना और श्रुति आदि मौजूद रहे।

# एक नजर

## खून की जांच का निःशुल्क शिविर लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** लायंस क्लब शामली उज्जवल द्वारा निशुल्क खून की जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पहुंचे करीब 50 मरीजों ने अपने खून की जांच कराई। सोमवार को शहर के बुढाना रोड स्थित कुमार डायग्लोस्टिक पर लायंस क्लब शामली उज्जवल द्वारा निशुल्क खून की जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ अध्यक्ष कमल गोयल व विशाल कुमार ने फीता काटकर किया। इस दौरान शिविर में मरीजों के कॉस्टोल की जां, हिमोग्लोबिन की जांच और कैल्शियम, शुगर, ब्लडप्रेशन की जांच कराई गई। शिविर को संबोधित करते हुए विशाल कुमार ने कहा कि यह शिविर क्लब की ओर से निशुल्क है ताकि जरूरत मंदों का इसका लाभ मिल सके। इस अवसर पर प्रवीन गोयल, रोहित, गौरव संगल, कुणाल कौशल, संजीव कुमार, राहुल तायल, राहुल जैन आदि मौजूद रहे।

## महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रंखला में स्वास्थ्य विभाग व पुलिस विभाग के सहयोग से 4 ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत -हसनपुर लुहारी, ग्राम पंचायत-कैडी, ग्राम पंचायत-मलकपुर व ग्राम पंचायत- मवी कलां उक्त सभी ग्राम पंचायतों में सैकड़ो से अधिक में महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त सभी ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं को सुरक्षा, स्वावलंबन, आत्मरक्षा सम्मान के विषय में अवगत कराते हुए अपने अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई।स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया।पंचायती राज विभाग द्वारा शौचालय विहिन परिवारों के आवेदन प्राप्त किए गए, श्रम विभाग,राजस्व विभाग द्वारा अपने-अपने विभागों की योजनाओं के विषय में बताया गया।कार्यक्रम के अंत में सभी को स्वच्छता ही सेवा 2025 कार्यक्रम अंतर्गत स्वच्छता शपथ दिलाई गई।

## नवरात्रों में महा आरती का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मां शाकुंभरी देवी सेवा समिति की मासिक माह की आरती का आयोजन नगर के गंगा मंदिर में किया गया आरती के मुख्य यजमान शशि संगल सपरिवार रहे पंडित मांगेराम शर्मा के मार्गदर्शन में माता रानी की पूजा अर्चना की गई नवरात्रो के शुभ पावन अवसर पर माता रानी की विशेष पूजा अर्चना की गई समिति द्वारा आरती के पश्चात प्रसाद व माता का श्रृंगार का सामान और फल सब्जी भक्तों को वितरित किया गया आरती में आसपास के सैकड़ो श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ उठाया तथा सभी श्रद्धालुओं ने मां शाकुंभरी देवी सेवा समिति का दिल से आभार व्यक्त किया अंत में दीपावली के शुभ अवसर पर समिति के अध्यक्ष रोबिन गर्ग सचिव डॉ अनिल कुमार बंसल द्वारा सभी सदस्यों को दीपावली का उपहार भी दिया गया और सभी भक्त जनों को धन्यवाद दिया आरती में प्रवीण बंसल लता पंडित सुनील शर्मा विकास चौधरी अर्चना गोयल विशाल शर्मा अखिल संगल योगाचार्य कुमुद शर्मा लालतेश आदि शामिल रहे

## त्योहारी सीजन में शामली जनपद के बाजार साप्ताहिक बंदी के दिन भी रहेंगे खुले

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के पदाधिक. ारियों ने सोमवार को डीएम अरविंद कुमार चौहान से मुलाकात कर त्योहारी सीजन में व्यापार सुगम बनाने के लिए साप्ताहिक बंदी के दिन बाजार खोलने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अंकित गोयल ने डीएम को बताया कि आगामी एक माह त्योहारी सीजन का है, जिसमें बाजारों में ग्राहकों की भीड़ अधिक रहती है और व्यापारिक गतिविधियां विशेष रूप से सक्रिय होती हैं। उन्होंने आग्रह किया कि इस अवधि में शामली जनपद के सभी बाजार साप्ताहिक अवकाश के दिन भी खुले रहें, ताकि व्यापारी वर्ग को सुविधा मिले और आमजन की आवश्यकताएं सुचारू रूप से पूरी हो सकें। डीएम ने कहा कि इस संबंध में श्रम विभाग को आवश्यक निर्देश शीघ्र जारी किए जाएंगे। अब शामली जनपद के प्रमुख कस्बे जैसे शामली, कांधला, कैराना, थानाभवन, जलालाबाद, झिंझाना, ऊन, चौसाना, बनत एवं एलम में बाजार सप्ताह के सभी दिनों में खुले रहेंगे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अनुराग जैन, जिला महामंत्री संजीव कुमार, अनुराग शर्मा आदि मौजूद रहे।

# जिला पर्यावरण समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सीडीओ विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला वृक्षारोपण समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सीडीओ ने एजेंडा बिंद. ुओं की समीक्षा की और जहां कमी पाई गई, वहां सुधार के निर्देश दिए। गंगा समिति की समीक्षा में नगर पालिका कैराना व शामली से सूचना न मिलने पर नाराजगी व्यक्त की गई और शीघ्र कार्यवाही कर सूचना भेजने के निर्देश दिए गए।

सीडीओ ने जल निगम ग्रामीण व नमामि गंगे को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों से कृष्णी नदी में जाने वाले नालों, नालियों के जल प्रवाह को नापने की कार्ययोजना तैयार करें। सभी खंड विकास अधिकारियों को




जैव विविधता पंजिका का कार्य शीघ्र पूर्ण करने और नगर निकायों (शामली, कैराना, एलम, ऊन, झिंझाना) को भी पंजिका बनाने के निर्देश दिए गए।

परिवहन विभाग को ध्वनि व वायु प्रदूषण कम करने के लिए नियमित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। वृक्षारोपण समिति की समीक्षा में ग्रीन चौपाल आयोजित कर रिपोर्ट भेजने और कार्बन क्रेडिट हेतु अधिक वृक्षारोपण करने वाले किसानों के नाम प्रभागीय वनाधिक. ारी कार्यालय को भेजने के निर्देश कृषि विभाग, पंचायती राज विभाग व सभी बीडीओ को दिए गए। सभी विभागों को जनपद में कराए गए वृक्षारोपण की क्रॉस चेकिंग कर स्थलों की भली-भांति जांच करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी जगदेव सिंह, सहित अधिकारी मौजूद रहे।

## अलग-अलग स्थानों पर दो महिलाओं के साथ हुई मारपीट

**कांधला।** गांव ढुढार निवासी महिला सविता ने बताया कि पड़ोस के लोग पीड़िता और उसके परिवार से रंजिश रखते हैं रंजिश के चलते आरोपियों ने रविवार की देर शाम पीड़िता के साथ जमकर मारपीट करते हुए घायल कर दिया। परिजनों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया पीड़ित महिला के परिजनों ने मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर दी है। दूसरी और थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी संध्या ने बताया कि मामूली विवाद को लेकर पड़ोस के लोगों ने पीड़िता और उसके परिवार के साथ मारपीट करते हुए घायल कर दिया है। घायल संध्या के परिजनों ने मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया।



# चेयरमैन व सभासदों ने सीएम उप्र शताब्दी संकल्प 2047 में लिया भाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल ने सोमवार को सभासदों के साथ विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत, आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश शताब्दी संकल्प-2047 के जनसंवाद में भाग लिया। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मिशन शक्ति-5.0 एवं विजन डॉक्यूमेंट 2047 के अंतर्गत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित किया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संवाद के दौरान प्रदेश के नागरिकों को घर, पानी, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ उद्योग, कृषि और सेवा क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धा बढ़ाने और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के माध्यम से उत्तर प्रदेश के समग्र विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति और जीवन शक्ति के तीन प्रमुख थीम के साथ 12 चिन्हित क्षेत्रों पर जोर देते हुए प्रदेश के बहुआयामी विकास हेतु मिशन शक्ति-5.0 और विजन डॉक्यूमेंट 2047 लागू करने की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन ईओ विनोद कुमार सोलंकी ने किया। इस अवसर पर चेयरमैन अरविन्द संगल के साथ सभासद रो. बिन गर्ग, तोहिद रहमानी, विनोद तोमर, रामनिवास सैनी, संजय उपाध्याय, गुलजार मंसूरी, डॉ। मनोज कुमार, इखलाक उर्फ कालू कुरैशी सहित नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दुकान से हजारों की चोरी से मचा हड़कंप

**थानाभवन।** क्षेत्र के मोहल्ला रेत्ती सराय निवासी अमीर पुत्र नसीर ने थाने में तहरीर देकर अज्ञात युवक के खिलाफ चोरी का आरोप लगाया है। पीड़ित आमिर ने बताया कि रविवार को वह अपनी दुकान पर बैठा था, इसी दौरान शौच के लिए घर के अंदर चला गया। अमीर के अनुसार तभी मौका पाकर एक अज्ञात युवक उसकी दुकान में घुस आया और गल्ले में रखी करीब साढ़े पांच हजार रूपए की नकदी चोरी कर फरार हो गया। जब आमिर दुकान पर लौटा तो नकदी गायब देखकर उसके होश उड़ गए। घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली तो उसमें एक युवक दुकान के पास और अंदर जाते हुए साफ दिखाई दिया। कैमरे में कैद फुटेज में युवक की हरकतें स्पष्ट रूप से देखी जा सकती हैं। पीड़ित अमीर ने इस बाबत थाना भवन पुलिस को तहरीर दी है और अज्ञात चोर के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरा. ेपी की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# बीआरसी पर शिक्षक प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** विकास खंड क्षेत्र के गाव भभीसा स्थित खंड संसाधन केंद्र,बीआरसी पर कृषि विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश मिलेट्स अन्न पुनरोद्धार राज्य सेक्टर वर्ष 2025-26 के अंतर्गत शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी सविता डाबराल ने दीप प्रज्वलन कर किया।कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ सोनू कुमार ने शिक्षकों को मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, रागी, कोदो, कुटकी आदि के महत्व और पोषण मूल्य पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ होते हैं और यदि वे अन्न के महत्व को समझकर बच्चों व समुदाय को प्रेरित करें तो यह पहल



एक जनआंदोलन का रूप ले सकती है। अपर जिला कृषि रक्षा अधिकारी अजय तोमर ने प्राकृतिक खेती पद्धतियों पर प्रकाश डालते हुए ट्राइकोड्रमा, बिवेरिया वेसियाना, लाइट ट्रैप, फेरोमोन ट्रैप और ट्राइको कार्ड के उपयोग से फसलों की सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण दिया।सहायक विकास अधिकारी कृषि जयदेव उपाध्याय ने राजकीय कृषि बीज भंडार कांधला में उपलब्ध निवेश योजनाओं की जानकारी दी और निरूशुल्क सरसों मिनी किट की बुकिंग के प्रति जागरूक किया।खंड शिक्षा अधिक. ारी सविता डाबराल ने कार्यक्रम के समापन पर शिक्षकों से अन्न को विद्यालई पाठड क्रम, मिड-डे मील और सामुदायिक सहभागिता से जोड़ने की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम में दर्जनो लोग मौजूद रहे।

# पिता पुत्र ने घर में घुसकर की मारपीट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** बच्चों के विवाद के चलते पिता पुत्र ने साथियों के साथ घर में घुसकर दंपति सहित उनके पुत्र पर हमला कर घायल कर दिया। पीडित परिवार की तहरीर के आधार पर पुलिस ने पिता-पुत्रो सहित चार आरो. पियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

कोतवाली क्षेत्र की रिपोर्टिंग पुलिस चौकी खेड़ा मुगल निवासी रियासत ने बताया कि रविवार को गांव में काला उर्फ मुरसलीन के परिवार के बच्चों के साथ उसके परिवार के बच्चों के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। ग्रामीणो ने बच्चों के मामले को वहीं रफा दफा कर दिया था। आरोप है कि रविवार रात आठ बजे के करीब जब रियासत नमाज पढ़ने के लिए मस्जिद जा रहा था तभी काला उर्फ मुरर्सलीन और उसका पुत्र शाहरुख, भाई पप्पू और दानिश हाथों में लाठी-डंडे लेकर उसके घर में घुस गए। इतना ही नहीं अभघ्ता करते हुए उसके साथ मारपीट करने लगे। जब शोर-शराबे की आवाज सुनकर उसकी पत्नी शहरो और पुत्र अमीर उसे बचाने के लिए आए तो आरोपियों ने उन पर भी हमला कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। उसके मुताबिक किसी तरह पड़ौसियों ने उन्हें बचाया। लेकिन आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पीडित की शिकायत पर पुलिस ने चारो आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। पुलिस के मुताबिक आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क पर गिरी बेहोश छात्रा का कराया उपचार

**देवबन्द।** गर्मी से बेहाल सड़क पर बेहोश होकर गिरी छात्रा का पुलिस ने चिकित्सक को बुला उपचार कराया। उपचार के बाद छात्रा के परिजनों को बुलाकर उसे घर भेजा।

स्टेट हाइवे स्थित एक डिग्री कॉलेज की गर्मी से बेहाल छात्रा जब मंगलौर पुलिस चौकी के निकट पहुंची तो वह बेहोश होकर सड़क पर गिर गई। छात्रा के अचानक सड़क पर गिर गई। राहगिरों ने तुंरत ही सामने पुलिस चौकी में सूचना दी। जिसके बाद छात्रा को पुलिस चौकी में ले जाया गया और चिकित्सक को वहीं बुलाकर छात्रा का उपचार कराया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि मंगलौर पुलिस चौकी पर तैनात कर्मियों का यह मानवीय कार्य मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्य को चरितार्थ करता है।

# छात्रों ने दी रावण दहन की प्रस्तुतियां

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** नगर की शिक्षण संस्थाओं में विजयदशमी पर्व के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान छात्रों ने रावण दहन की प्रस्तुति देकर अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश दिया।

दून वैली पब्लिक स्कूल में विजयदशमी का त्यौहार के उपलक्ष में विद्यार्थियों ने रावन दहन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर श्रीराम के चरित्र और आदर्शो को प्रस्तुत कर शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर छात्राओं ने नाटकों व गीतों के माध्यम से श्रीराम कथा का सजीव चित्रण किया। साथ ही रावण, मेघनाथ व कुंभकरण के पुतलों का दहन किया। चेयरमैन राजकिशोर गुप्ता, मैनेजर सुमन सिंघल व प्रधानाचार्य सीमा शर्मा ने बच्चो से अपनी कमियों व बुराईयो पर अंकुश लगाकर श्रीराम जी जैसे व्यक्तित्व निर्माण व मर्यादित आचरण के लिए



प्रेरित किया। रहे। दून हिल्स एकेडमी में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों ने रावण दहन की प्रस्तुति देकर अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश दिया। स्कूल के चेयरमैन डॉ. प्रदीप वर्मा ने कहा कि विजयदशमी पर्व बुराई पर



अच्छाई की जीत और धर्म की अधर्म पर विजय का प्रतीक है। डायरेक्टर तनुराज वर्मा व प्रधानाचार्य अंजली वर्मा ने छात्रों को बताया कि जीवन में अनुशासन से ही सफलता और संस्कार का मार्ग प्रशस्त होता है।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत ग्रामीणों ने लिया स्वच्छता का संकल्प

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत गांव घलौली में लोक निर्माण विभाग के राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने स्वच्छता का संकल्प दिलाते हुए स्वच्छता पखवाड़े को प्रारंभ कराया। इस दौरान उन्होंने मुख्य सड़क पर झाडू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया।

गांव घलौली में राज्यमंत्री बृजेश सिंह ग्रामीणों को स्वच्छता का संकल्प दिलाया कि वे सप्ताह में दो घंटे गांव की सफाई कर ग्राम पंचायत को स्वच्छ व स्वस्थ बनाएंगे। राज्यमंत्री ने कहा कि वह अपने गांव, मोहल्ले और कार्यस्थल से सफाई की शुरूआत आज से ही आरंभ कर देश को स्वच्छ बनाने में सहयोग दें। इसके बाद उन्होंने एक पेड़ मां के नाम



अभियान के अंतर्गत गांव में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस दौरान महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान की पत्रक बांटकर जानकारी दी गई।

बीडीओ अमित नारंग ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान दो अक्तूबर तक मनाया जाएगा। ब्लाक प्रमुख पति विजय त्यागी, एडीओ पंचायत अनिल कुमार, जितेंद्र कुमार, हिमांशु आदि शामिल रहे।

# मां महागौरी की कृपा से होती हैं मनोकामनाएं पूर्ण

## श्रद्धालुओं ने श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर में की पूजा अर्चना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** शारदीय नवरात्र में अष्टमी में श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर में श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के आठवें स्वरुप महागौरी की पूजा अर्चना की। धार्मिक मान्यता के अनुसार मां महागौरी की कृपा से सभी मनोक. ामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन के कष्ट दूर होते हैं।

श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर सेवा टघ्स्ट के अध्यक्ष पंडित सतेंघ शर्मा ने बताया कि शारदीय नवरात्र में मां दुर्गा के अष्टम स्वरुप महागौरी की पूजा सोमवार को भी की गई और मंगलवार को भी की जाएगी। बताया कि मां महागौरी की पूजा अर्चना करने से सुख समृद्धि में वृद्धि होती है। बताया कि मां महागौरी का गौर वर्ण होने के कारण उनकी तुलना शंख, चंद्रमा, कुं और श्रवेत पुष्प से की जाती है। इनकी सवारी बैल है। इन्हें चतुर्भुज रुप में दर्शाया गया है। मां महागौरी अपने दाहिने हाथ में त्रिशूल धारण करती हैं और बाय हाथ को वर मुघ्र में रखती है। पंडित सतेंद्र शर्मा ने बताया कि मां महागौरी भगवान महादेव की अर्धांगनी के रुप में भी पूजा की जाती है। इतना ही नहीं मां महागौरी की पूजा सबसे जल्दी फलदायी है।

# न्यायाधीश बनने पर जताया हर्ष

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** देवबंद निवासी राजीव भारती का प्रयागराज हाईकोर्ट का न्यायाधीश बनने पर पंजाबी समाज ने हर्ष व्यक्त किया। लाजपत नगर कालोनी में आयोजित बैठक में पंजाबी समाज के संरक्षक सेठ कुलद. ीप कुमार ने कहा कि राजीव भारती ने हाईकोर्ट का जज बनकर न केवल पंजाबी समाज का बल्कि देवबंद क्षेत्र का नाम देश भर में रोशन किया है।

संयोजक गुरजोत सिंह सेठी और हेमंत गिरधर ने कहा कि ईमानदार व कर्तव्य निष्ठ राजीव भारती ने रजिस्ट्रार हाईकोर्ट के पद पर रहते हुए ईमानदार जजों को तरजीह दी। अध्यक्ष सतीश गिरधर और महामंत्री बालेंद्र सिंह ने कहा कि राजीव भारती 2008 में एडीजे बने। जिसके बाद उन्होंने हापुड़, मथुरा समेत कई जिलों



में जिला जज के रूप सेवाएं दी। उनकी उपलब्धि से आज उनके परिवार के साथ-साथ पूरा नगर गर्व महसूस कर रहा है। इस दौरान राजेश अजमानी, श्याम लाल भारती, हरिघ्ष्ण मल्होत्रा, अशोक साहनी, धर्मपाल महाजन, महेंद्र गिरधर, संजय सलूजा, हरविंदर सिंह बेदी, गौरव रतड़ा, विजय गिरधर, अशोक गंभीर, डा. सुरेंद्र सोढी, दिनेश ऋषि, राजीव धींगड़ा और संजीव रसवंत आदि शामिल रहे।

# कलाकारों ने किया मनोहारी मंचन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** श्री विष्णु कला मंडल के तत्वावधान में चल रही रामलीला में रविवार रात रावण अंगद संवाद, रामेश्वरम की स्थापना और सेतु निर्माण की लीला का कलाकारों ने मनोहारी मंचन किया।

रामलीला भवन के रंगमंच पर श्री विष्णु कला मंडल रामलीला कमेटी के अध्यक्ष एवं भाजपा नेता नितिन गुप्ता के 12 वर्षीय पुत्र अंगद गुप्ता ने अंगद का अभिनय कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। रावण का अभिनय बेहद शानदार तरीके से भरत शर्मा ने निभाया। इस दौरान पूरा प्रांगण तालियों की गडगड़ाहट और जय श्री राम के नारों से गूंजता रहा। इस मौके पर गगन मिनल, निखिल अग्रवाल, सचिन शर्मा, अमन मिनल, गोविंद



गोस्वामी, अरुण गोयल, तुषार मिनल, निकुंज गोस्वामी, अशोक



शर्मा, बलबीर सैनी, विपिन गर्ग, शिवम गुप्ता, प्रियांशु गोस्वामी, शिवम तायल, अपूर्व अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं की सुरक्षा से सम्बंधित अभिभावकों से की जानकारी साझा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं की सुरक्षा से सम्बंधित जानकारी दी गई।

प्राथमिक विद्यालय रणखंडी नंबर दो में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमे खंड शिक्षा अधिकारी नीलम तोमर ने अभिभावकों को मिशन शक्ति फेज-5 की जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा के लिए वचनबद्ध है, कोई भी समस्या आने पर विशेष नंबरों पर फोन कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को समयानुसार स्कूल ड्रेस में भेजने का आहवान किया। संचालन




कर रहे अध्यापक पंकज भारती ने सत्र परीक्षा के परिणाम से अवगत कराया। इस मौके पर गुलाब सिंह, गंगेश्वर राणा, दीपा, जितेंद्र पुंडीर, दीपक, कविता, पिंकी, निशा, प्रीति, राजू आदि मौजूद रहे।

# डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जबकि डंपर चालक मौके से फरार हो गया।

न्यू नवीन नगर सहारनपुर निवासी सुरेंद्र बाइक पर सवार होकर देवबंद से सहारनपुर की तरफ जा रहा था, जब वह दिल्ली-देहरादून हाईवे स्थित तल्हेड़ी बस स्टैंड के समीप पहुंचा अंबोली घूम पर अचानक उसकी बाइक सामने से आ रहे डंपर से टकरा गई, इसमें सुरेंद्र घायल हो गया, मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस का कहना है कि चालक के बारे में जानकारी की जा रही है।

# विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया दशहरा एवं दुर्गा अष्टमी-नवमी उत्सव





**झिंझाना।** एसडीएस कॉन्वेंट स्कूल में आज दशहरा तथा दुर्गा अष्टमी-नवमी का पर्व बड़े हर्षोल्लास एवं पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां दुर्गा की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं मंत्रोच्चार से हुई। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। नन्हे बच्चों द्वारा रावण, राम, लक्ष्मण एवं सीता का सजीव मंचन किया गया जिसने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। विद्यालय परिसर में रावण दहन का आयोजन किया गया, जिसमें बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया। छात्र-छात्राओं ने 'जय राम' के उद्घोष के साथ इस पर्व का आनंद लिया।

प्रधानाचार्य सतीश भटनागर जी ने अपने संबोधन में कहा कि दशहरा का पर्व हमें सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने तथा असत्य और अधर्म का परित्याग करने की प्रेरणा देता है। साथ ही दुर्गा अष्टमी-नवमी की पूजा शक्ति, भक्ति और संस्कार का प्रतीक है। विद्यालय चेयरमैन लोकेश तोमर एवं प्रबंधक पाल आर्य ने बच्चों को त्योहार के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं नैतिक महत्व से अवगत कराया और सभी को त्योहारों की अग्रिम शुभकामनाएं दीद्य इस अवसर पर सुमित चौहान, आकाश तोमर ,ओम सिंह, पंकज गर्ग, दीपक कुमार,विनीत आर्य ,अजय लाठर , अलका सैनी, रवि खटियान,संस्कार,चेतना,गार्गी चौहान, आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# जस्टिस आगा हैदर के पोते अनवर अब्बास का लखनऊ में इंतकाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**सहारनपुर( लखनऊ )।** सहारनपुर के प्रमुख व्यक्ति सैयद अनवर अब्बास जैदी का लखनऊ में हार्ट फेल हो जाने से इंतकाल हो गया । वह लगभग 75 वर्ष के थे। सहारनपुर में पुल खुमरान स्थित कोठी मीर साहब में उनकी विलादत हुई थी, वहीं वह पढ़े-लिखे और बड़े हुए। लगभग 15 वर्ष पूर्व वह सपरिवार लखनऊ जाकर रहने लगे थे। कई वर्ष तक दैनिक आग समाचार पत्र में उपसम्पादक के पद पर रहे। बीती रात एक बजे के लगभग उनकी तबियत खराब हुई और कुछ देर बाद ही उनका घर पर ही इंतकाल हो गया था। सहारनपुर में बड़ा इमामाबारगाह खालापार के कई वर्षो तक मुतवल्ली( प्रबंधक) रहते हुए उन्होंने इमाबारगाह की



खिदमात की थी जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। हसमुख स्वभाव और अच्छी भाषा के लिए वे जाने जाते रहे हैं। मोहर्रम की सात तारीख को कई वर्षो तक उन्होंने अलमबरदारी भी की। उनके इंतकाल की खबर से लखनऊ वासियों के अलावा सहारनपुर में उनके मिलने-जुलने वाले तथा कौम के लोगों व उनके आजीजों व रिश्तोदारों ने गहरा दुख जताया है। उनके पुत्र सैयद जासिम अब्बास ने जानकारी देते हुए बताया कि चेहल्लुम की मजलिस की घोषणा होते ही उनके शुभ चिंतकों को लखनऊ बुलाया जाएगा।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि सहारनपुर निवासी जस्टिस आगा हैदर के पोते मरहूम अनवर अब्बास के बड़े भाई सैयद रफत अब्बास जैदी हैदराबाद में निवास करते हैं और उनकी एक बहन श्रीमति तलत जैदी सहारनपुर में दिल्ली रोड स्थित बलियाखेड़ी ब्लॉक के निकट निवास करती हैं।

# ग्राम पंचायत का प्रस्ताव बाबू ने कार्यालय पर रोका, ग्रामीण ने डीएम से लगाई गुहार

शाह टाइम्स संवाददाता

**कांधला।** विकासखंड क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी ग्रामीण ने जिलाधिकारी कार्यालय पर तैनात एक बाबू पर ग्रामीणों की सहमति से पास किए गए प्रस्ताव को रोकने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी शामली को पत्र भेजकर पत्रावली को मंडल आयुक्त को भेजने की मांग की है। विकासखंड क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी ग्रामीण सरवर अंसारी ने सोमवार को जिलाधिकारी शामली को पत्र भेजते हुए अवगत कराया की बीते दिनों ग्राम पंचायत गंगेरू में ग्रामीणों की खुली बैठक आयोजित की गई थी।खुली बैठक में ग्राम पंचायत गंगेरू के मजरे, गढ़ी दौलत,व गढ़ी श्याम को अलग राजस्व ग्राम पंचायत का दर्जा दिलाने के लिए उप जिलाधिकारी व तहसीलदार के समक्ष प्रस्ताव पास किए गए थे। ग्रामीण द्वारा बताया गया कि वर्तमान में गंगेरू ग्राम पंचायत बहुत बड़ी ग्राम पंचायत है जिसमें पांच गांव आते हैं। पीड़ित का आरोप है कि ग्राम पंचायत के सभी सदस्यों ने एल एम सी की बैठक कर प्रस्ताव पर मोहर लगाकर अपनी सहमति जताई थी। ग्रामीण का आरोप लगाया कि जिलाधिकारी कार्यालय पर तैनात एलआरसी बाबू ने फाइल को अपने कार्यालय पर रोक रखा है जिस कारण ग्राम पंचायत को अलग राजस्व का दर्जा नहीं मिल रहा है। पीड़ित ग्रामीण ने जिलाधिकारी से गुहार लगाई है की उक्त बाबू को निर्देशित कर ग्रामीणों की सहमति से पास की गई पत्रावली को मंडल आयुक्त सहारनपुर को भेजी जाए ताकि दोनों गांव को ग्राम पंचायत का दर्जा मिल सके।

# शेखुपुरा में विशेष जागरूकता कार्यक्रम

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशों के अनुपालन में युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा मिशन शक्ति के अंतर्गत ग्रामीण स्टेडियम, शेखूपुरा में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्राओं को खेलों के महत्व एवं उनके जीवन पर सकारात्मक प्रभाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं, बल्कि मान. सिक मजबूती, आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना को भी विकसित करते हैं। खेल महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर तथा सशक्त बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान यह संदेश दिया गया कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी समान महत्व देना चाहिए, क्योंकि खेल ही जीवन में ऊर्जा, आत्मबल और सफलता की राह प्रशस्त करते हैं।

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान का आगाज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश / 2047 समृद्धि का शताब्दी पर्व महाअभियान के अन्तर्गत शासन की आकांक्षाओं के अनुरूप एक समग्र रणनीति तैयार की गई।

तीन प्रमुख थीम अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति व जीवन शक्ति के परिपेक्ष्य में कुल 12 सेक्टरों जैसे- कृषि एवं संबद्ध सेक्टर, पशुधन संरक्षण सेक्टर, औद्योगिक विकास सेक्टर, आईटी एवं इमर्जिंग टेक्नालाजी सेक्टर, पर्यटन सेक्टर, नगर एवं ग्राम्य विकास सेक्टर, अवस्थापना सेक्टर, संतुलित विकास सेक्टर, समाज कल्याण सेक्टर,



स्वास्थ्य सेक्टर, शिक्षा सेक्टर एवं सुरक्षा एवं सुशासन सेक्टर के अन्तर्गत विभिन्न हितधारकों जैसे-कृषक, युवा, महिलाओं, श्रमिक, शिक्षाविद, उद्यमी / व्यापारी, प्रभुद्धवर्ग, मीडिया आदि की आकांक्षाओं को सम्मिलित किये जाने के सम्बन्ध में प्रदेश के समस्त नगर निकायों के निर्वाचित अध्यक्ष / सदस्यों के साथ आज मुख्यमंत्री द्वारा संवाद किया गया। जिसमें जनपद के सभी 18 नगरीय निकायों के निर्वाचित अध्यक्ष / सदस्यों एवं जिलाधिकारी द्वारा वर्चुअल माध्यम से संवाद में प्रतिभाग किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा समस्त नगरीय निकायों को आय बढ़ाये जाने हेतु सार्थक प्रयास किये जाने की अपेक्षा की गयी, जिससे सभी नगरीय निकायों को आत्मनिर्भर बनाया जा सकें। इस महाअभियान की सफलता में जनप्रतिनिधियों की भूमिका सर्वोपरि है। लोकतंत्र की प्रथम पंक्ति के प्रतिनिधि होने के नाते समस्त अध्यक्षों द्वारा निकाय स्तर पर एवं सभासद गणों द्वारा वार्ड स्तर पर सम्मेलन का आयोजन करते हुए, इसके लिए विशेषज्ञों के परामर्श एवं व्यापक जनसहभागिता के साथ विकसित उत्तर प्रदेश / 2047 की कार्ययोजना तैयार करायी जाये। साथ ही यह भी अपेक्षा की गयी कि समस्त नगरीय निकायों द्वारा आगामी बोर्ड की प्रथम बैठक में विकसित उत्तर प्रदेश बनाये जाने के सम्बन्ध में दी गई पुस्तिका में उल्लिखित बिन्दुओं के सम्बन्ध में प्रस्ताव पारित कराया जाये। मुख्यमंत्री द्वारा 'सुझाव आमंत्रण अभियान' के सम्बन्ध में प्रदेश की समस्त नगरीय निकायों से अपील की गयी कि वर्ष 2047 तक उत्तर प्रदेश को भारत का सबसे अग्रणी और विकसित उत्तर प्रदेश बनाये जाने के लिए आम जनमानस से समर्थ पोर्टल https://samarthuttarpradesh.up.gov.in पर अथवा क्यू.आर. कोड के माध्यम से अधिक से अधिक विचार और संकल्प साझा करते हुए अपना योगदान उपलब्ध कराएं।

# फोटोग्राफर एसो. का सम्मान समारोह

**नजीबाबाद।** इंविटेशन बैंकट हॉल में फोटोग्राफर एसोसिएशन की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम में चांदपुर से अतुल शर्मा, बिजनौर से नितिन शर्मा रहे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### टीम इंडिया को दी एशिया कप विजेता बनने पर बधाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह व उत्तर प्रदेश के सीएम सहित विभिन्न नेताओं ने एशिया कप के विजेता बनने पर भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी है। महामहिम ने भारतीय टीम को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा कि एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट जीतने पर टीम इंडिया को मेरी हार्दिक बधाई। टीम ने टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं हारा, जिससे खेल में उनका दबदबा कायम रहा। मैं कामना करती हूं कि टीम इंडिया भविष्य में भी इसी तरह अपना परचम लहराए। वहीं, श्री मोदी ने भारतीय क्रिकेट टीम को जीत की बधाई देते हुए सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि खेल के मैदान पर ऑपरेशन सिंदूर नतीजा वही, भारत जीत गया! हमारे क्रिकेटरों को जीत की बधाई। शाह ने टीम इंडिया को जीत की बधाई देते हुए एक्स पर लिखा कि एक अद्भुत जीत।

### यूसीआई रोड वर्ल्ड चैंपियनशिप में तादेज ने जीता स्वर्ण

**रवांडा, वार्ता।** स्लोवेनियाई राइडर तादेज पोगाकर ने टूर्नामेंट के आखिरी दिन 267.5 किलोमीटर की यूसीआई रोड वर्ल्ड चैंपियनशिप पुरुषों की एलीट रोड रेस 6:21:20 में जीतकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। रविवार को हुई इस स्पर्धा में बेल्जियम के रेम्को इवेनेपोल ने 6:22:48 के समय के साथ दूसरा स्थान हासिल कर रजत पदक जीता, जबकि आयरलैंड के बेन हीली ने 6:23:36 के समय के साथ कांस्य पदक मिला। स्पर्धा के बाद पोगाकर ने संवाददाताओं से कहा कि अफ्रीका में, खासकर रवांडा में, जीतना इसे और भी खास बनाता है। यह एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है, वास्तव में एक सफल सप्ताह।

# कुलदीप एशिया कप के टॉप विकेट टेकर

● **अभिषेक शर्मा के सबसे तेज 50 छक्के, भारत ने 18 साल बाद पाकिस्तान को फाइनल में हराया**




**दुबई, वार्ता।** भारत ने रविवार को दुबई में खेले गए फाइनल में पाकिस्तान को हराकर 9वीं बार एशिया कप का टाइटल अपने नाम कर लिया। 20 दिन चले टूर्नामेंट में कई बड़े रिकाड्र्स बने। कुलदीप यादव एशिया कप इतिहास के टॉप विकेट टेकर बने।

उन्होंने एक एडिशन में सबसे ज्यादा विकेट भी लिए। अभिषेक शर्मा टी-20 क्रिकेट में सबसे कम गेंदों पर 50 छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने। टूर्नामेंट के 41 साल के इतिहास में पहली बार भारत और पाकिस्तान के बीच फाइनल हुआ। वहीं टीम इंडिया टूर्नामेंट इतिहास में सबसे ज्यादा मैच जीतने वाली टीम भी बनी। भारत ने पाकिस्तान को इंटरनेशनल क्रिकेट में लगातार 8वीं बार हराया। टीम को आखिरी हार 2022 के एशिया कप में दुबई के मैदान पर ही मिली थी। इसके बाद टीम ने पाकिस्तान को टी-20 वर्ल्ड कप में 2 बार और एशिया कप में 4 बार हराया। वनडे वर्ल्ड कप और चौंपियंस ट्रॉफी में 1-1 जीत दर्ज की। भारत ने एशिया कप में पाकिस्तान पर क्लीन स्वीप भी किया। टीम ने ग्रुप स्टेज में 7 विकेट, सुपर-4 में 6 विकेट और फाइनल में 5 विकेट के अंतर से जीत दर्ज की। मल्टीनेशन टूर्नामेंट में पहली बार किसी चैंपियन ने दूसरी टीम को लगातार 3 बार हराया। इससे पहले 1983 के वर्ल्ड कप में चैंपियन भारत ने वेस्टइंडीज और 2004 के एशिया कप में चैंपियन श्रीलंका ने भारत को 3 मुकाबलों में 2 बार हराया था। टी-20 एशिया कप के एक मैच में सबसे ज्यादा रन बने एशिया कप में सुपर-4 स्टेज का आखिरी मैच बेहद रोमांचक हुआ। भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 202 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका ने भी 202 रन बनाकर मैच टाई करा लिया। दोनों टीमों ने मिलकर 404 रन बनाए। यह एक टी-20 एशिया कप मैच में सबसे ज्यादा रन बनने का रिकार्ड रहा। इससे पहले 2022 में बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच मैच में 367 रन बने थे। भारत लगातार 6 सुपर ओवर जीतने वाली पहली टीम भारत और श्रीलंका के बीच सुपर-4 मैच टाई रहा, जिसे टीम इंडिया ने सुपर ओवर में जीता। टीम इंडिया टी-20 इंटरनेशनल में लगातार 7 टाई मैच जीतने वाली दुनिया की पहली ही टीम है। इस दौरान भारत ने पिछले 6 मैच सुपर ओवर में जीते। भारत और श्रीलंका के बीच लगातार दूसरा टी-20 टाई रहा। इससे पहले 2020 में भारत और न्यूजीलैंड के बीच भी लगातार 2 टी-20 टाई हुए थे। हर बार भारत को जीत मिली। भारत का पाक के खिलाफ सबसे बड़ा रन चेज एशिया कप के सुपर-4 मैच में भारत ने पाक को 6 विकेट से हराया। टीम ने 172 रन का टारगेट 18.5 ओवर में हासिल कर लिया। यह पाक के खिलाफ टीम इंडिया का हाईएस्ट टी-20 चेज रहा। इससे पहले 2022 के वर्ल्ड कप में टीम ने 160 रन चेज किए थे। भारत के खिलाफ लोएस्ट टी-20 टोटल बना भारत के खिलाफ एशिया कप के पहले मैच में यूएई की टीम 57 रन बनाकर ही सिमट गई।

# पीसीबी प्रमुख के कथित तौर पर एशिया कप ट्रॉफी लेकर चले जाने पर बीसीसीआई विरोध जताएगा

**दुबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ( बीसीसीआई) सचिव देवजीत सैकिया ने आज एशिया कप 2025 के फाइनल में मैच के बाद एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी के विजेता ट्रॉफी ले जाने की घटना की निदा करते हुए इसे 'बेहद दुर्भाग्यपूर्ण, खेल भावना के विरुद्ध' बताया और कहा कि नवंबर की शुरुआत में दुबई में होने वाले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) सम्मेलन में इस पर औपचारिक विरोध दर्ज कराया जाएगा।

भारत की कल रात पाक पर रिकॉर्ड नौवीं एशिया कप जीत उस अभूतपूर्व नाटक के कारण धूमिल हो गई, जब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष और एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष

**बीसीसीआई सचिव ने एसीसी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी के विजेता ट्रॉफी के ले जाने की घटना की निंदा की**

मोहसिन नकवी कथित तौर पर भारत की पांच विकेट की जीत के तुरंत बाद विजेता ट्रॉफी लेकर चले गए, जिससे मंच खाली हो गया और प्रशंसक स्तब्ध रह गए। कथित तौर पर भारतीय टीम ने आयोजकों को पहले ही चेतावनी दे दी थी कि अगर नकवी ट्रॉफी सौंपने की कोशिश करेंगे तो वे मंच पर नहीं आएंगे। सैकिया ने कहा कि भारत ने पूरे टूर्नामेंट में पाकिस्तान पर दबदबा बनाए रखा है और तीनों मैच आसानी से जीते हैं। हमें अपने खिलाड़ियों और कर्मचारियों पर गर्व है, और उनका प्रदर्शन देश के लिए अपार सम्मान लेकर आया है।

# खिलाड़ियों ने किया ट्रॉफी लेने से इंकार बीसीसीआई की कोई भूमिका नहीं : सूर्या



● **भारतीय टीम के इंकार के कारण दुबई अंतर्राष्ट्रीय मैदान में पुरस्कार वितरण काफी देर बाद हुआ**

**दुबई, वार्ता।** भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा है कि विजेता टीम की ट्रॉफी एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष और पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी से लेने से इंकार का का फैसला पूरी तरह खिलाड़ियों का था इसमें भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की कोई भूमिका नहीं हैं।

सूर्यकुमार ने बीसीसीआई और एसीसी के बीच किसी भी आधिकारिक बातचीत से इस फैसले को अलग रखते हुए कहा कि किसी ने हमें ऐसा करने के लिए नहीं कहा। हमने यह फैसला मैदान पर ही लिया। जब से मैंने क्रिकेट खेलना और क्रिकेट देखना शुरू किया है, तब से मैंने ऐसा कभी नहीं देखा कि एक चैंपियन टीम को ट्रॉफी से वंचित कर दिया जाए। वह भी कड़ी मेहनत से हासिल की गई ट्रॉफी, जो हमें आसानी से नहीं मिली। पाकिस्तान के मंत्री नकवी कथित तौर पर विजेता ट्रॉफी और पदक लेकर मैदान से चले गए।

भारतीय टीम के इनकार के कारण दुबई अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में मैच के बाद की पुरस्कार वितरण काफी देर बाद हुआ। ट्रॉफी न होने के बावजूद, भारतीय खिलाड़ियों ने पोडियम पर जश्न मनाया। सूर्यकुमार ने ट्रॉफी उठाने का अभिनय किया, जिसमें टीम के साथी भी शामिल हुए और प्रशंसकों ने जोरदार जयकारे लगाए। उन्होंने कहा कि मेरी ट्रॉफियां ड्रेसिंग रूम में मौजूद 14 खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ हैं। यही असली ट्रॉफियां और असली यादें हैं जिन्हें मैं अपने साथ ले जा रहा हूं। भारतीय कप्तान ने यह भी घोषणा की कि वह अपनी पूरी एशिया कप मैच फीस भारतीय सशस्त्र बलों को दान कर देंगे। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि लोग इसे विवादास्पद कहेंगे या नहीं, लेकिन मेरे लिए यही सही है।

# भारतीय टीम ने नहीं ली नकवी से ट्रॉफी

**दुबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम ने रविवार को दुबई में पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल मैच में जीत के बाद, एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी से एशिया कप ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया। इस घटनाक्रम के कारण रिंकू सिंह द्वारा विजयी चौका जड़े जाने के डेढ़ घंटे से भी अधिक समय बाद पुरस्कार वितरण समारोह शुरू हुआ। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार भारतीय टीम ने नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया, जबकि नकवी विजेता टीम को ट्रॉफी सौंपने के लिए अपनी जगह से हटने को तैयार नहीं हुए। नकवी, जो कि पाकिस्तान के गृहमंत्री भी हैं, इस

● **पुरस्कार वितरण का प्रसारण शुरू होने से पहले ही ट्रॉफी को मैदान से हटा लिया गया था**

बात पर अड़े रहे कि वे अकेले ही ट्रॉफी देंगे। पुरस्कार वितरण का प्रसारण शुरू होने से पहले ही ट्रॉफी को मैदान से हटा लिया गया था। तिलक वर्मा, कुलदीप यादव और अभिषेक शर्मा ने प्रायोजकों से अपने-अपने पुरस्कार प्राप्त किए लेकिन भारतीय टीम को अपने विजेता पदक और ट्रॉफी नहीं मिल पायी। भारत को बिना ट्रॉफी के अपने ड्रेसिंग रूम में लौटना पड़ा। पाकिस्तान ने बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम से अपने उपविजेता पदक प्राप्त किए और उसके बाद सीधे अपने ड्रेसिंग रूम में चले गए, उनके साथ उनके मुख्य कोच माइक




हेसन भी थे। मैच समाप्त होने के बाद पाकिस्तान की टीम और उसके सदस्य ड्रेसिंग रूम चले गए इसे बाद प्रेस कॉफ्रेंस को लेकर अनश्चिता का माहौल बन गया। पाकिस्तानी टीम आखिरकार एक घंटा अंदर बिताने के बाद, संभवतः तनावपूर्ण गतिरोध के खत्म होने का इंतजार करते हुए, ड्रेसिंग रूम से बाहर निकली और अपनी टीम को ट्रॉफी उठाते देखने के लिए उत्सुक अधिकतर भारतीय दर्शकों ने जोरदार हूटिंग की। फिर भी पुरस्कार वितरण समारोह में और देरी हुई और दोनों टीमों के खिलाड़ी मैदान पर ही बैठे रहे।

# भरोसे का प्रतीक बन गए हैं तिलक



**नई दिल्ली, वार्ता।** दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में रविवार को खेले गए एशिया कप फाइनल में भारत के माथे पर जीत का तिलक लगाने वाले तिलक वर्मा आज न केवल हर भारतीय की जुबान पर हैं, बल्कि भरोसे का प्रतीक भी बन गए हैं। आठ नवंबर 2002 को आंध्र प्रदेश के हैदराबाद में तेलगु परिवार में जन्में तिलक वर्मा ने 21 की उम्र पार करने से पहले ही अगस्त 2023 में भारत के लिए अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच खेला था। अपने इस पहले मैच में उन्होंने वेस्टइंडीज

● **आईपीएल में शानदार प्रदर्शन ने भारतीय टीम में तिलक के चयन का मार्ग प्रशस्त कर दिया**

के खिलाफ दूसरी और तीसरी ही गेंद पर दो शानदार छक्के लगाकर साबित कर दिया कि वह क्रिकेट जगत में अपनी धाक जमाने के लिए आए हैं। एक वक्त था जब इस प्रतिभावान खिलाड़ी के पिता श्री नम्बूरी नागराजू के पास इतने पैसे नहीं थे कि वह निजी कोचिंग की व्यवस्था कर पाते, लेकिन तब तिलक के पहले कोच श्री सलाम बयाश ने न केवल उनके लिए मुफ्त कोचिंग की व्यवस्था की, बल्कि आवश्यक सामान भी जुटाए। तिलक ने उनके भरोसे पर खरे उतरते हुए 2018-19 में हैदराबाद की ओर से प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण किया। उन्हें जल्द ही, 2020 में दक्षिण अफ्रीका में खेले जाने वाले अंडर-19 विश्वकप के लिए चुन लिया गया, जहां उन्होंने तीन पारियों में महत्वपूर्ण 86 रन बनाए। तिलक घरेलू क्रिकेट में 2021 में हैदराबाद की ओर से खेलते हुए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया और सात पारियों में 147-26 के स्ट्राइक रेट से 215 रन बनाए। इस प्रदर्शन पर आईपीएल टीमों की नजर गई और 2022 के मेगा ऑक्शन में मुंबई इंडियन्स ने उन्हें 1.70 करोड़ में खरीद लिया। तिलक ने अपने पहले आईपीएल सीजन में सभी 14 मैच खेले और 36.09 की औसत एवं 131.02 की स्ट्राइक रेट से 397 रन बनाए। आईपीएल के इस शानदार प्रदर्शन ने भारतीय टीम में उनके चयन का मार्ग प्रशस्त कर दिया और उन्होंने 2023 में वेस्ट इंडीज के खिलाफ अपना पदार्पण किया। तिलक वर्मा ने अब तक के अपने क्रिकेट कैरियर में 32 अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैचों में 30 पारियों में 149 की स्ट्राइक रेट से 962 रन बनाए हैं। अपने टी-20 करियर में उन्होंने दो शतक लगाए हैं।

### टेलर ने जेनसन ब्रूक्सबी को हराकर टोक्यो फाइनल में प्रवेश किया

**टोक्यो, वार्ता।** अमेरिका के स्टार टेनिस खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज सोमवार को जापान ओपन में अपने हमवतन जेनसन ब्रूक्सबी पर सीधे सेटों में जीत के साथ सीजन के अपने तीसरे एटीपी टूर फाइनल में पहुंच गए। दूसरे वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज ने आज खेले गए मुकाबले में ब्रूक्सबी को 6-4, 6-3 से हराकर फाइनल में जगह बनाई और अब उनका फाइनल में सामना शीर्ष रैंलकग वाले कार्लोस अल्काराज और कैस्पर रूड के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। फ्रिट्ज ने ब्रूक्सबी के खिलाफ 13 ऐस लगाए और अपने पहले सर्व पॉइंट्स में से 85 प्रतिशत अंक हासिल किए, जिन्हें दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी ने इस साल तीसरी बार हराया था। उन्होंने 5-4 के स्कोर पर ब्रूक्सबी की सर्विस ब्रेक की और पहला सेट जीत लिया।

# डेनिस ने दो विश्व रिकॉर्ड के साथ बाजी मारी

**नई दिल्ली, वार्ता।** डेनिस ग्नेजदिलोव ने सोमवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जारी इंडियनऑयल नई दिल्ली पैरा विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में पुरुषों के एफ40 स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड को दो बार तोड़ते हुए शॉटपुट सर्कल में एक विशालकाय खिलाड़ी की तरह कदम रखा। शुरुआती 10.66 मीटर के प्रयास के बाद उनके पांचों थ्रो में से प्रत्येक उनके लिए स्वर्ण पदक जीतने के लिए पर्याप्त था। रुस्तवी में जन्मे 38 वर्षीय इस खिलाड़ी ने अपनी अलग ही पहचान बनाई, अपने तीसरे प्रयास में 11.85 मीटर थ्रो के साथ उन्होंने पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मिगुएल मोंटेइरो का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा और आखिरी थ्रो में 11.92 मीटर थ्रो ने उनके रिकॉर्ड को और भी ऊंचा कर दिया। टोक्यो 2020 पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता ने अपना तीसरा विश्व चैंपियनशिप खिताब जीतकर इस खेल के इतिहास में अपनी जगह पक्की कर ली। मिगुएल मोंटेइरो

● **डेनिस ने पुरुषों के एफ40 स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड को दो बार तोड़ते हुए शॉटपुट सर्किल में एक विशालकाय खिलाड़ी की तरफ कदम रखा**

(पुर्तगाल) और गर्राह तनायाश (इराक), जो पहले भी पुरुषों के शॉट पुट एफ40 विश्व रिकॉर्ड का मालिक रह चुके हैं, ने फाइनल को एक रोमांचक मुक. ाबला बनाने की कोशिश की। दो पूर्व विश्व चैंपियन, गर्राह तनायाश और यानिस फिशर (जर्मनी) के मैदान में होने के कारण, फाइनल उम्मीद के मुता. बिक उच्च स्तर का रहा। पुर्तगाली स्टार ने पहले राउंड के बाद 10.92 मीटर के साथ बढ़त बनाई, लेकिन गनेजदिलोव ने दूसरे राउंड में 11.59 मीटर के प्रयास के साथ अपनी पकड़ मजबूत कर ली। उन्होंने अपनी पकड़ ढीली नहीं की और न ही पैडल से पैर हटाया, अपने तीसरे प्रयास में विश्व रिकॉर्ड हासिल किया और, पकड़ के आश्वस्त होने के बावजूद, बिना किसी आत्मसंतुष्टि के, अपने पिछले प्रयास में रिकॉर्ड को फिर से स्थापित किया। दयावंती ने एशियाई रिकॉर्ड तोड़ा, लेकिन चौथे स्थान पर रहीं। सोमवार सुबह मैदान में उतरने वाली भारतीय खिलाड़ियों में, दयावंती का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा। अपने आखिरी प्रयास में 27-94 मीटर के प्रयास से वह महिलाओं के डिस्कस थ्रो एफ 64 फाइनल में चौथे स्थान पर रहीं। इससे उन्हें एशियाई रिकॉर्ड तो मिला, लेकिन कांस्य पदक विजेता एलिसिया गुएरेरो (अमेरिका) और उनके बीच 1.51 मीटर का अंतर था। इसी तरह एक अन्य भारतीय आयुष वर्मा पुरुषों के शॉटपुट एफ5 फाइनल में पांचवें स्थान पर रहे। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास 7.23 मीटर रहा, जो एलेस किसी (चेक गणराज्य) द्वारा प्राप्त कांस्य पदक की दूरी से 97 सेमी कम था। अनुभवी धावक रोंगाली रवि, पुरुषों के शॉटपुट एफ40 फाइनल में जगह नहीं बना पाए। उन्होंने इस सीजन का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास 10.10 मीटर किया, लेकिन पोडियम फिनिश से 76 सेमी कम रह गए।

# श्रीलंका के खिलाफ भारतीय महिला टीम विश्वकप में जीत के साथ शुरुआत करने उतरेगी

**गुवाहाटी, वार्ता।** मजबूत रिकार्ड के साथ प्रबल दावेदार के रूप में भारतीय महिला क्रिकेटर मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ आईसीसी महिला विश्व कप 2025 के पहले मैच में जीत हासिल करने उतरेगी। वनडे मुकाबलों की बात की जाए तो भारत ने श्रीलंका के खिलाफ खेले गए 35 मैचों में से 31 में जीत हासिल की है। मेहमान टीम को केवल तीन मैच जीते है और एक बेनतीजा रहा है। यह शानदार रिकॉर्ड भारत को गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले मुकाबले में मनोवैज्ञानिक बढ़त दिलाता है। इस साल शानदार फॉर्म में चल रही कप्तान हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना का बल्लेबाजी में दबदबा होगा। उन्होंने 14 मैचों में 66.28 की औसत से 928 रन बनाए हैं, जिसमें चार शतक और तीन अर्द्धशतक शामिल हैं। जेमिमाह

● **भारत ने श्रीलंका के खिलाफ खेले गए 35 मैचों में से 31 में जीत हासिल की है**

रोड्रिग्स, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा और प्रतीका रावल एक चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने में सक्षम टीम बनाती है। भारतीय गेंदबाजी की बात की जाए तो स्नेह राणा 4.97 की इकॉनमी रेट से 21 विकेट लेकर शीर्ष पर हैं। रेणुका सिंह ठाकुर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़ और दीप्ति शर्मा, सभी श्रीलंकाई बल्लेबाजों को रोकने और महत्वपूर्ण मौकों पर विकेट झटकने में सक्षम है। वहीं चामरी अटापट्टू की अगुवाई में श्रीलंका इतिहास को फिर से लिखने की कोशिश करेगा। उनकी उम्मीदें भरोसेमंद हर्षिता समरविक्रमा पर टिकी हैं, जिन्होंने इस साल आठ मैचों में 48.00 की औसत से 336 रन बनाए हैं। स्पिनर देवमी विहंगा उनकी बेहतरीन गेंदबाज रही हैं, उन्होंने चार मैचों में 11 विकेट लिए हैं। इन पर भारत के स्कोर को रोकने की जिम्मेदारी होगी। बरसापारा की पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल मानी जाती है, इस पिच पर एकदिवसीय मैचों में पहली पारी का औसत स्कोर लगभग 300 रन होता है। बीच के ओवरों में स्पिनर को टर्न मिल सकता हैं।

**संभावित भारतीय महिला एकादशः** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), मंधाना, प्रतीक रावल, जेमिमा, हरलीन देओल, दीप्ति, स्नेहा, ऋचा (विकेट कीपर), अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़ और रेणुका सिंह ठाकुर।

**संभावित श्रीलंका महिला एकादशः** चामरी (कप्तान), हर्षिता समाराविक्रमा, हासिनी परेरा, विशमी गुणरत्ने, नीलाक्षी डी सिल्वा, अनुष्का (विकेट कीपर), पिउमी, देवमी विहंगा, सुगंडिका कुमारी, इनोका राणावीरा और मल्की मदारा।

# स्ट्रोक से वर्ल्ड चैंपियन तक रोचक और प्रेरक है पोलैंड की मैग्दलेना की खेल यात्रा

**नई दिल्ली, वार्ता।** जब मैग्दलेना एंड्रुस्जकिविच ने इंडियनऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं की टी72 400 मीटर फाइनल रेस का फिनिशलाइन छुआ तो, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम तालियों से गूंज उठा। दर्शकों के लिए यह एक दिव्यांग एथलीट की शानदार जीत थी, लेकिन मैग्दलेना के लिए यह सात वर्षों की संघर्षमय यात्रा, धैर्य और अडिग उम्मीद का प्रतीक था।

इस 37 वर्षीय पोलिश एथलीट की कहानी असामान्य है। सात साल पहले, अचानक हुए मस्तिष्क स्ट्रोक ने उनके शरीर के एक हिस्से को निष्क्रिय कर दिया था। मैग्दलेना याद करती हैं कि एक पल में मेरी दुनिया बदल गई। जिंदगी जैसी मैं जानती थी, अचानक खत्म हो गई लग रही थी। लेकिन यही क्षण उनके जीवन जीवन की एक नई और प्रेरणादायी यात्रा की शुरुआत बन गया। फिजिकल थेरेपी के दौरान फ्रेम साइकिल चलाते हुए उन्होंने धीरे-धीरे खेलों के प्रति लगाव महसूस किया। वह कहती हैं कि शुरुआत में यह केवल अपने पैरों पर खड़े होने की को. शिश थी। फिर यह मेरा जुनून बन गया, और अब यह मेरी जिंदगी है। पांच साल पहले मैग्दलेना ने पैरा एथलेटिक्स को पूरी तरह अपनाया। जापान के कोबे में आयोजित विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पिछले संस्करण में उन्होंने टी72 कटेगरी में विश्व रिकार्ड के साथ पहला वर्ल्ड चैंपियनशिप खिताब जीता।




### जूनियर महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया अंडर-21 पर जीत दर्ज की

**कैनबरा, वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने सोमवार को कैनबरा के नेशनल हॉकी सेंटर में अपने तीसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया अंडर-21 टीम पर 1-0 से जीत दर्ज की। कनिका सिवाच (32वें मिनट) ने भारत के लिए विजयी गोल दागा। आज यहां खेले गए मुकाबले में भारतीय महिला जूनियर टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। पहले हाफ में दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर के बाद, भारत ने आखिरकार तीसरे क्वार्टर के शुरुआती मिनटों में कनिका सिवाच के महत्वपूर्ण मैदानी गोल की बदौलत गतिरोध तोड़कर अपनी टीम को जीत दिलाई।

# यूपी के लिए नए मॉडल विकसित करें निकाय: सीएम

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामपुर मनिहारान की चेयरपर्सन रेणु बालियान से किया वर्चुअल संवाद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर/ रामपुर मनिहारान।** ''विकसित उत्तर प्रदेश 2047 समृद्धि का शताब्दी वर्ष'' अभियान के अंतर्गत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज प्रदेश के निगमों के महापौर, पालिकाओं के चेयरमैन और पंचायत अध्यक्षों व पार्षदों के साथ वर्चुअल संवाद किया। इस श्रृंखला में मुख्यमंत्री ने जनपद की रामपुर मनिहारान पंचायत अध्यक्ष रेणु बालियान से भी वार्ता की। नगर निगम में महापौर डॉ. अजय कुमार व उपसभापति मयंक गर्ग सहित बड़ी संख्या में निगम के पार्षद भी इस वर्चुअल संवाद से जुडें। इस दौरान नगरायुक्त शिपू गिरि, अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, जीएम जलकल पुरुषोत्तम कुमार सहित अनेक अधिकारी भी शामिल रहे।





मुख्यमंत्री ने रामपुर मनिहारान चेयरमैन रेणु बालियान सहित अयोध्या, फिरोजाबाद, झांसी, प्रयागराज निगमों के महापौरों, मिर्जापुर, देवरिया, सुल्तानपुर व जालौन के पालिकाध्यक्षों तथा फलावदा नगर पंचायत अध्यक्ष से निकाय की खाली पड़ी भूमि पर दुक.ाने, मार्किट, मॉल, पार्किंग व हॉस्पिटल आदि बनाकर निगम व निकायों की आय बढ़ाने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने चेयरमैन रेणु से पूछा कि रामपुर मनिहारान निकाय के पास कितनी भूमि खाली है ? उन्होंने खाली पड़ी भूमि का उचित उपयोग कर आय बढ़ाने का सुझाव दिया।

चेयरमैन रेणु व उनके पार्षदों ने हाथ उठाकर वह प्रपत्र भी मुख्यमंत्री को दिखाये जो सरकार द्वारा विकसित उत्तर प्रदेश के सम्बंध में निकायों में भेजे गए हैं, इसके लिए मुख्यमंत्री ने सभी का स्वागत करते हुए आभार भी व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने शारदीय नवरात्र व आगामी दशहरे की शुभकामनाएं देते हुए निकायों से विकास के कुछ नये मॉडल देने, शहर-शहर, वार्ड-वार्ड में विकसित उत्तर प्रदेश 2047 पर चर्चा करने की अपील करते हुए कहा कि यही चर्चा वर्तमान को सुधारेगी और भविष्य को सुधारेगी।

मुख्यमंत्री ने सभी निगम, पालि.काओं व पंचायत अध्यक्षों से उनकी आय तथा उसे बढ़ाने के लिए वे क्या उपाय कर रहे हैं, इसकी भी जानकारी ली। उन्होंने निगमों व निकाय अध्यक्षों से पूछा कि उन्होंने ऐसा क्या कार्य किया है जो विकसित उत्तर प्रदेश के महाअभियान में उल्लेखनीय हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव के बाद विकास के काम में सबकी सहभागिता सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि निकाय अपनी आय तथा सरकार से मिलने वाली धनराशि का उपयोग करते हुए मिलकर काम करेंगे तो बेहतर परिणाम सामने आयेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश विकसित होगा तो 2047 में विकसित भारत का प्रधानमंत्री का संकल्प पूरा होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गत 11 वर्षों में भारत ने प्रत्येक क्षेत्र में जो प्रगति की है वह अभिनंदनीय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ हमने उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदली है। पहले बिजली नहीं थी, सुरक्षा का माहौल नहीं था, कोई निवेश के लिए नहीं आता था।

इस दौरान अधिशासी अधिकारी सविता वर्मा, सभासद नफीस सैफी, नदीम अहमद, सचिन रोहिला, प्रवीण कुमार, नितिन, रहमान इदरीसी, सभासद प्र. आफताब मलिक, जानी, अमन वाल्मिकी,शुऐब अहमद आदि मौजूद रहे।

# दुरुस्त सफाई व्यवस्था के लिए सफाईकर्मियों का स्वस्थ रहना बेहद जरूरी: डा.अजय सिंह



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा आज जनमंच के पीछे स्थित सुमन विहार सभागार में शहरी आजीविका केंद्र के संयोजन एवं ईएसआईसी के सहयोग से आज दो दिवसीय स्वास्थय परीक्षण एवं औषधि वितरण कैम्प का आयोजन किया गया। महापौर डॉ. अजय कुमार ने रिबन काटकर कैम्प का उद्घाटन किया।

'स्वच्छता ही सेवा 2025' के अंतर्गत नगर निगम द्वारा चलाये जा रहे 'स्वच्छोत्सव कार्यक्रम' में आज जनमंच परिसर स्थित सुमन विहार सभागार में दो दिवसीय सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज का आयोजन किया गया। आयोजन में वार्ड एक से वार्ड 40 तक सफाई कर्मचारियों एवं गैराज के ड्राइवर व श्रमिकों के स्वास्थय का परीक्षण ईएसआईसी के डॉ. रोहित चौधरी एवं उनकी टीम तथा डॉ. इमरान द्वारा किया गया। आवश्यकता अनुसार सफाई कर्मचारियों को दवाईयां भी निशुल्क वितरित की गयी। कैम्प में करीब 250 सफाई कर्मचारियों का स्वास्थय परीक्षण किया गया।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने महिला सफाई कर्मचारी रचना सहित अनेक सफाई कर्मचारियों का स्वयं भी स्वास्थय परीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थय परीक्षण में महिला सफाई कर्मचारियों के हिमोग्लोबिन की जांच पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं में अनेक बीमारियां हिमोग्लोबिन की कमी के कारण होती है। महापौर ने कहा कि नगर निगम सफाई कर्मचारियों के स्वास्थय और सुरक्षा को लेकर हमेशा ही गंभीर रहा है। आज का स्वास्थय परीक्षण कैम्प उसी कड़ी का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए सफाई कर्मचारियों का स्वस्थ रहना अनिवार्य है। इस दौरान नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ.प्रवीण शाह, मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल, उपसभापति मयंक गर्ग, पार्षद अमित त्यागी व सीएलसी मैनेजर रजत आदि शामिल रहे।

## दो नशा तस्कर गिरफ्तार

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने सघन अभियान चलाकर दो कुख्यात नशा तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 334 ग्राम अवैध चरस बरामद की।

थानाध्यक्ष विनय शर्मा की अगुवाई में उपनिरीक्षक मशकूर अली, शुभम चौधरी, हेड कांस्टेबल विनोद मंडार और महिला कांस्टेबल सुरेखा की टीम ने हलवाना रोड पर गहन जांच के दौरान दो अभियुक्तों आस मोहम्मद और समीर, दोनों पुत्र फरमूद, निवासी चाँद कॉलोनी, छुटमलपुर को आम के बाग से हिरासत में लिया। अभियुक्तों के खिलाफ थाना फतेहपुर में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# जामिया इस्लामिया में शुरू हुई अर्द्धवार्षिक परीक्षा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** ग्राम मोहनपुरा के प्राचीनतम धार्मिक और आधुनिक शैक्षिक संस्थान जामिया इस्लामिया असद उल-उलूम व पब्लिक स्कूल में अर्द्धवार्षिक परीक्षाएँ 26 सितंबर को शुरू हुईं।

सोमवार को गंगोह के हाफिज ए कुरआन और तिलावत स्तर की परीक्षा जामिया अशरफ उलूम रशीदी गंगोह के शिक्षक हजरत कारी मुहम्मद असलम ने ली, जिसमे नजरा स्तर की परीक्षा हजरत मौलाना एवं मुफ्ती मुहम्मद आरिफ ने ली, प्रारंभिक स्तर की परीक्षा हजरत मौलाना अकील ने ली। इसी प्रकार अन्य परीक्षा भी मौलानाओ द्वारा ली गयीं हैं। वही छात्राओं की परीक्षा शिक्षिका सुहाना फातिमा और अंजुम फातिमा ने ली। मॉडर्न एजुकेशन की परीक्षा मास्टर साबिर व मास्टर मोहसिन ने ली। परीक्षाओं की श्रृंखला संस्था के निदेशक मौलाना इमरान मजाहेरी की देखरेख में संपन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य शिक्षक मौलाना असरार रशीदी, मौलाना हुसैन अहमद नदवी, कारी साबिर रशीदी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित लोगों ने बच्चों व बच्चीयों के उज्जवल भविष्य की दुआएं मांगी।

# महिलाएं अपने को सशक्त बनाएं: मेहरबान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी श्री मनीष बंसल के नेतृत्व में जनपद में मिशन शक्ति एवं सेवा पखवाड़ा के तहत चलाए जा रहे अभियान के तहत उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं आईसीआरपी समूह सखी द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान एवं पोषण अभियान कार्यक्रम आयोजित कराए गये।

इन अभियानों के तहत मिशन शक्ति से संबंधित चित्रकलाओं, प्रभातफेरियों एवं आईसीआरपी एफएनएचडब्ल्यू ग्राम पंचायत रतनखेडी में कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को जागरूक करने का कार्य किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन ने कहा कि परिवार को मजबूत बनाने के लिए महिला का सशक्त होना आवश्यक है। हमारी संस्कृति में कन्या देवी स्वरूपा होती है। जिस घर में महिलाओं का सम्मान सर्वोपरी होता है वह घर समृद्धि के उच्चतम रूप को प्राप्त करता है। ब्लाक प्रमुख पुंवारका मेहरबान मुखिया ने कहा कि ऐसे आयोजनों से महिलाओं को आगे बढने की प्रेरणा मिलती है। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के साथ महिलाएं अपने को सशक्त बनाये।

इस अवसर पर अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के सदस्य महिपाल वाल्मीकि, ज्वाईंट मजिस्ट्रेट विनोद कुमार मीणा, महानगर अध्यक्ष भाजपा शीतल विश्नोई, खण्ड विकास अधिकारी नीरू मलिक आदि मौजूद रहे।

# स्वच्छता कार्यकलाप दिवस की दी जानकारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** परिषदीय विद्यालयों मे स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत जनपद के 1438 परिषदीय विद्यालयों मे 82112 छात्रों के द्वारा स्वच्छता कार्यकलाप दिवस की गतिविधियों में प्रतिभाग किया गया।

विद्यालयों मे शिक्षकों के द्वारा छात्रों को स्वच्छता कार्यकलाप दिवस के बारे मे बच्चों को जानकारी दी गयी एवं स्वच्छ विद्यालय प्रदर्शनी मे विद्यालय परिसर मे साफ सफाई, स्वछता शपथ दिलाना,छात्रों के लिए पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिता, साम.ुदायिक भागीदारी, स्वस्थ आदतों को बढ़ावा देने जैसी गतिविधि करायी गयी. छात्रों के द्वारा विद्यालय मे नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया। 30 सितम्बर तक चलने वाली स्वच्छता पखवाडे में पानी और स्वच्छता सुविधाओं की शिक्षकों द्वारा निगरानी की जायेगी। कार्यक्रम में पी. एम. श्री विद्यालय नुनाबाड़ी, प्राथमिक विद्यालय धक्देई, प्राथमिक विद्यालय थरौली , प्राथमिक विद्यालय डालहेड़ी, प्राथमिक विद्यालय ताजपुर, के द्वारा विशेष गतिविधियां कराकर बच्चों को प्रेरित किया।

# ग्लोकल विश्वविद्यालय में लगाया नशा उन्मूलन कैंप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल विश्वविद्यालय के अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन के संरक्षण, कुलपति प्रोफेसर जॉन फिन्बे की प्रेरणा तथा कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी की अनुप्रेरणा से भारत सरकार की नशा उन्मूलन योजना को लक्षित करते हुए ग्लोकल विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई एक और दो का एक दिवसीय कैंप प्रोफेसर शोभा त्रिपाठी और डॉ. संजीव नांदल के संयोजन में मिर्जापुर में लगाया गया।

कैंप के मुख्य अतिथि मिर्जापुर के प्रधान तैयब रहे। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि थाना मिर्जापुर पोल की महिला उपनिरीक्षक दीक्षा कुमारी तथा समाजसेवी चौधरी शाबान रहे। मुख्य वक्ता के रूप में पैरामेडिकल विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर मिस हिमानी नौडियाल ने सहभागिता की। सर्वप्रथम छात्रों ने नशा उन्मूलन हेतु अभियान चलाते हुए मिर्जापुर पोल के जन सामान्य को एकत्रित किया। इसके उपरांत उन्होंने इस विषय पर गीत गाया। मुख्य वक्ता के रूप में मिस हिमानी ने बोलते हुए कहा कि नशा उन्मूलन आज के समय की सबसे बड़ी सामाजिक आवश्यकता है। नशा केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नष्ट नहीं करता, बल्कि उसके परिवार और समाज को भी गहरे संकट में डाल देता है। शराब, सिगरेट, तंबाकू और नशीले पदार्थ धीरे-धीरे जीवन को खोखला बना देते हैं और युवा पीढ़ी को गलत राह पर ले जाते हैं। नशा उन्मूलन के लिए जागरूकता अभियान, शिक्षा और कड़े कानून आवश्यक हैं। परिवार और विद्यालय स्तर पर बच्चों को सही संस्कार और मार्गदर्शन देकर इस बुराई से दूर रखा जा सकता है। विशिष्ट अतिथि उपनि.रीक्षक दीक्षा कुमारी ने कहा कि कानून इस विषय में सख्त है और लोगों से अपील की कि अगर आपके अड़ोस पड़ोस में भी कोई नशा कर रहा है तो आप उसकी सूचना कानून को दें आपका नाम गुप्त रखा जाएगा। चौधरी शाबान ने कहा कि कानून को इस मामले में सख्त होना पड़ेगा साथ ही हमें भी जागरूक होना पड़ेगा। ग्राम प्रधान तैयब ने कहा कि हमारा क्षेत्र नशा मुक्त हो यही हमारी कामना है यही हमारी शपथ है। अंत में प्रोफेसर डॉ. शोभा त्रिपाठी ने बोलते हुए कहा कि हमारे अंग बहुमूल्य हैं नशा धीरे-धीरे करके हमारे हर एक अंग को खराब कर देता है और हम एक ख्याली दुनिया के लिए अपनी वास्तविक दुनिया के निर्माण को छोड़ देते हैं। इसके उपरांत छात्र मुदस्सिर पटेल ने नशा उन्मूलन पर एक स्वरचित कविता का पाठ किया। छात्र अहकाम ने कहा कि मिर्जापुर पोल क्षेत्र को नशा मुक्त बनाना हमारा उद्देश्य है। शमसुद्दीन, मुस्ताहब, अनस, दानिश और असजद ने अपने विचार अभिव्यक्त किए। अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर संजीव नांदल ने सभी को धन्यवाद किया।



# सर्वसम्मति से प्रवीण चुने गए जिलाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** ग्राम पटनी स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में जनपद के समस्त एमआरपी की बैठक संपन्न हुई, जिसमें 12 ब्लॉकों के सभी एआरपी ने प्रतिभाग किया।

सोमवार को ग्राम पटनी बीटीसी में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए एआरपी तेजपाल सिंह ने कहा कि हमारे सामने आज जो भी समस्याएं आ रही हैं उनके निराकरण व अपनी बात उच्च अधिकारियों के समक्ष रख रखने के लिए एआरपी प्रतिनिधि की आवश्यकता है।

इस पर विचार विमर्श के पश्चात सभी की ओर से तेजपाल व संदीप कुमार ने प्रवीण चौधरी का नाम प्रति.निधि के तौर पर रखा। तत्पश्चात ब्लॉक सरसावा से एआरपी प्रवीण चौधरी को सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष चुना गया। जिसका सभी ने निर्विरोध खुले मन से समर्थन किया। इस अवसर पर प्रवीण चौधरी ने कहा कि किसी भी समस्या के लिए हम सब मिलकर उसका निराकरण कराएंगें। सभी के मान सम्मान का पूरा ध्यान रखा जाएगा। उन्होने कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें दी गई है उस पर वह पूर्ण रूप से खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

बैठक में गोपाल शर्मा, संजय रो.हिला, अनूप कुमार, विपिन कुमार, योगेन्द्र कुमार, पंकज कुमार, अँकिमा जैन, आशिया, अरशद, प्रीति चौधरी, सोनवीर, सुरेन्द्र कुमार, सुनील कुमार, अजय शर्मा, नीरज कुमार, अनीता, पूनम, बृजेश, अमित कुमार, शिव कुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षा के साथ तकनीकी ज्ञान जरूरी: प्रदीप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** कस्बे के सोफिया इंटरनेशनल स्कूल में कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें रुड़की आईआईटी के प्रोफेसर डॉ प्रदीप कुमार माजी द्वारा उदघाटन किया गया।

विज्ञान प्रदर्शनी में भिन्न भिन्न प्रकार के प्रोजेक्ट का प्रदर्शन किया जिसमें बिजली से चलने वाली पवनचक्की, रक्त की जाँच, जल शुद्धि प्रक्रिया, अग्निशमन यंत्र, चंद्रयान, हृदय से रक्त संचालन, इत्यादि विज्ञान संबंधित प्रोजेक्ट्स के साथ साथ अन्य गतिविधियों का भी प्रदर्शन किया गया। कला प्रदर्शनी में कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई विभिन्न प्रकार की कलाओं जैसे मंडाला, क्ले आर्ट, स्केचिंग, कैनवास, जूट पेंटिंग के साथ साथ वेस्ट मैटेरियल से वॉल हैंगिंग्स, होम डेकोर आइटम्स राम दरबार, काला पानी जेल का मॉडल, दशहरा मॉडल और नवरात्रि सम्बन्धी माँ दुर्गा के विभिन्न रूपों का अनुपम प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने यातायात सम्बन्धी अलग अलग प्रकार के चिन्हों के बारे में भी जानक.ारी दी। जिससे सड़क पर चलते समय दुर्घटना होने से कैसे बचा जा सके। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ साथ तकनीकी ज्ञान भी आवश्यक है। छात्र छात्राओ मे वैज्ञानिक उत्सुकता एंव रूचि उत्पन्न करने के लिए इस तरह के आयोजन होते रहना चाहिए।



मुख्य रूप से चेयरमैन कोणार्क चौधरी, प्रधानाचार्य मनोज कुमार अवस्थी, कॉर्डिनेटर अर्पिता विजान, राजेश कुमार, केशव अग्रवाल,स्वाति, पूनम,रजनी, वैशाली, सुनीता, वंदना, निधि,हेमा, शगुन, पारुल, शिवानी, मीनाक्षी, गरिमा, उर्वशी, सोनिया, पूजा, शिवांशु, अभिषेक, रमन कुमार, अजय कुमार, सौरभ, दलजीत, प्रदीप कुमार रोहित आदि उपस्थित रहें।

# बाढ़ राहत व आपदा प्रबन्धन का प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रिजर्व पुलिस लाइन्स में आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 497 रिक्रूट आरक्षियों को बाढ़ राहत एवं आपदा प्रबंधन के संबंध में जानकारी व प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

सहारनपुर में आपदा प्रबंधन टीम द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 497 रिक्रूट आरक्षियों को आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। इस दौरान उन्हें प्राकृतिक व मानवजनित आपदाओं के समय त्वरित एवं सुरक्षित प्रतिक्रिया, जन-धन की सुरक्षा, बचाव कार्य, प्राथमिक उपचार तथा राहत व्यवस्था से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं के बारे में अवगत कराया गया। विशेषज्ञ टीम में दिनेश कुमार, अंकित कटारिया , पंकज मिश्रा एवं राहुल शामिल रहे।

# हुड़दंग व स्टंट करने वालों को सिखाया सबक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** सद्धपीठ शाकम्भरी देवी मंदिर क्षेत्र मे बाइको पर सवार होकर हुड़दंग मचाने व बाइक से स्टंट करने वाले दो दर्जन के करीब बाइक सवारों को मिर्जापुर इंस्पेक्टर सुनील नागर व एंटी रोमियो टीम ने दबोचकर चालान काटते हुए कानून का पाठ पढ़ाते हुए भविष्य मे दोबारा ना करने की चेतावनी देकर छोड़ा है।

थाना मिर्जापुर प्रभारी सुनील नागर ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया की एसएसपी के दिशा निर्देशन मे शकम्भरी देवी मंदिर क्षेत्र मे बाइको पर सवार होकर स्टंट बाजी करने व हुडदंग मचाने वाले करीब दो दर्जन युवकों को एंटी रोमियो टीम ने दबोच लिया और बाइको का चालान काटते हुए भविष्य मे ऐसी हरकत दोबारा ना करने की चेतावनी देते हुए व कानून का पाठ पढ़ाते हुए छोड़ा है। पकड़े गए बाइक सवार युवकों ने भविष्य मे दोबारा ऐसी गलती ना करने की बात कही है।

मिर्जापुर पुलिस ने बताया की एक दिन पहले भी कई युवकों को हुडदंग मचाने पर पकड़ा गया था और कानूनी कार्रवाई कर छोड़ा गया था स थाना प्रभारी सुनील नागर ने चेतावनी देते हुए कहा की यदि किसी स्टंट बाजी की और शांति व्यवस्था भग की तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# महिला हिंसा एवं समानता विषय पर जागरूकता कैम्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** दिशा सामाजिक संगठन सुल्तानपुर के तत्वाधान में ग्राम दतौली में महिला हिंसा एवं जेंडर समानता विषय पर जागरूकता कैंप आयोजित किया गया, जिसमे सैकड़ों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व ग्राम प्रधान इंदराज ने दिशा संस्था द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की तथा लोगों को अधिक से अधिक संख्या में संस्था के साथ जुडने की अपील की। वर्तमान प्रधान दतौली रांगड ने महिलाओं पर हो रही हिंसा को रोकने की अपील की। कार्यक्रम समन्वयक पी. राम ने बताया कि यह संस्था 42 वर्षो से लगातार गरीब, शोषितों एवं महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए प्रयासरत है। कार्यक्रम कॉर्डिनेटर तसनीम ने महिलाओ को घरेलू हिंसा एवं उसके बचाव के बारे में भी अवगत कराया। प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर बबीता वर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम सरसावा, साढोली कदीम व मुज्जफराबाद ब्लॉक के 125 गांवों में चलाया जा रहा है।

सुरेशों सैनी एसो. कॉर्डिनेटर ने बताया कि हर महीने की 10 तारीख को दिशा कैम्पस सुल्तानपुर में नारी अदालत का आयोजन होता है। कार्यक्रम में अरुण कुमार, हरिचन्द, नीलम, मुकेश, कुंता, दीपक, सुमन, गीता, रियासत अली, अर्चना, बबीता, रजिया, सुशीला, रेशमा एवं मंजीता आदि की अहम भूमिका रही, संच.ालन बबीता वर्मा द्वारा किया गया।

# जाति सूचक लिखे वाहनों पर कार्रवाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए यातायात पुलिस ने शहर में संगम चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान ऐसे 54 वाहनों पर कार्रवाई की गई, जिन पर जाति सूचक स्टिकर लगे हुए थे।

जानकारी के अनुसार, घंटाघर रोड सहित शहर के कई प्रमुख स्थानों पर पुलिस टीम ने चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दुपहिया और चार पहिया दोनों तरह के वाहनों पर कार्रवाई की गई। कार्रवाई में बड़े व छोटे सभी प्रकार के वाहन शामिल रहे। पुलिस ने चालकों से एक लाख रुपये से अधिक का चालान वसूल किया यातायात पुलिस ने साफ हिदायत दी है कि अगर दोबारा किसी वाहन पर जाति सूचक स्टिकर लगाया गया तो न सिर्फ चालान काटा जाएगा बल्कि वाहन सीज भी किए जाएंगे। इस मामले पर जानकारी देते हुए एसपी ट्रैफिक सिद्धार्थ वर्मा ने कहा कि जब से कोर्ट का आदेश आया है, उसका कड़ाई से पालन कराया जा रहा है। जनपद में अब तक 54 वाहनों पर कार्रवाई की जा चुकी है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी सबसे ज्यादा ऐसे स्टिकर लगे पाए जाते हैं, वहां भी जल्द कार्रवाई कराई जा रही हैं । यह आदेश अस्थायी नहीं है, इसे स्थायी रूप से लागू कराया जा रहा है।

# सम्पादकीय

मंगलवार, 30 सितम्बर 2025

## खेल में राजनीति

रविवार को दुबई में खेले गए एशिया कप के फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया। यह भारत की एशिया कप में नौवीं जीत थी। जाहिर है इस जीत के साथ ही पूरा भारत जश्न में डूब गया, लेकिन यह देखना बेहद अजीब रहा कि जश्न के साथ भारत में राजनीति भी शुरू हो गई। वैसे इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस पोस्ट ने की, जिसमें उन्होंने लिखा कि ऑपरेशन सिंदूर खेल के मैदान पर भी जारी है। वहीं भारतीय कप्तान ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अच्छा लगता है जब देश का लीडर फ्रंटफुट पर बल्लेबाजी करता है। सूर्य कुमार यादव के अनुसार यह ऐसा है जैसे वह खुद स्ट्राइक लेकर रन बना रहे हों। यह देखकर बहुत अच्छा लगा और जब सर सामने खड़े हों तो निश्चित रूप से खिलाड़ी खुलकर खेलेंगे। वहीं कांग्रेस ने मोदी के ट्वीट पर तंज कसते हुए कहा कि क्रिकेट मैच की तुलना युद्ध के मैदान से करना ठीक नहीं है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने एक्स पर कहा कि पहली बात तो यह है कि एक क्रिकेट मैच की तुलना युद्ध से करना ठीक नहीं है, दूसरी यह कि यदि तुलना कर ही दी, तो आपको टीम से यह सीखना चाहिए कि जब जीत के करीब हों, तो थर्ड एंपायर के कहने पर अच्छे कप्तान सीजफायर नहीं करते। जाहिर है वह जब ऐसा कह रहे थे उनका मतलब ऑपरेशन सिंदूर को रोकने से था, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बार-बार यह दावा करते रहे हैं कि यह युद्ध मैंने रुकवाया। बात यहीं खत्म नहीं होती, भारतीय टीम ने पाक क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन मोहसीन नकवी के हाथों ट्रॉफी लेने से इन्कार कर दिया। जिसके चलते वह नाराज होकर ट्रॉफी को अपने साथ पाकिस्तान लेकर चले गए। इस तरह भारत शायद ऐसी पहली टीम बन गई जो बिना ट्रॉफी के ही फाइनल जीतने का जश्न मना रही है। जैसाकि भारतीय कप्तान सूर्य कुमार ने कहा भी कि जब से वह क्रिकेट खेल रहे हैं, तब से उन्होंने पहली बार देखा है कि चैंपियन टीम को ट्राफी नहीं दी गई। अवार्ड सेरेमनी के प्रेजेंटर साइमन डूल ने बताया कि भारतीय टीम अवार्ड नहीं ले गई, जिसके चलते यह पाया कि दुबई स्पोर्ट सिटी के खालिद अल जरूनी से ट्राफी दिलाई जाए, लेकिन नकवी नहीं माने और इसके बाद कार्यक्रम खत्म कर दिया गया। दूसरी बात इस पूरे टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों ने पाक खिलाड़ियों से कभी हाथ नहीं मिलाया। बीसीसीआई सचिव देवजीत सोकिया का कहना है कि यह हमने तय किया था कि भारतीय टीम ने पाक क्रिकेट बोर्ड के किसी अधिकारी से ट्राफी नहीं लेगी। उनका कहना था कि इसका मतलब यह नहीं कि नकवी भारत की ट्राफी या मेडल पाकिस्तान ले जाने के हकदार हो जाएंगे। वह इस पूरे मामले को नवंबर में होने वाली आईसीसी की कान्फ्रेंस में उठाएंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत को ट्राफी जल्द मिल जाएगी। यह तमाम बातें इशारा करती हैं कि अब खेल में भी सीधे तौर से राजनीति घुस आई है। लोग तो यह भी कह रहे हैं कि जब इतनी कटुता है तो फिर पाक के साथ मैच खेलने का मतलब ही क्या है। हालांकि ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो पाक के साथ मैच खेलने से इन्कार करते रहे हैं। उनकी नजर में आतंकवाद व क्रिकेट साथ-साथ नहीं चल सकते।

### लोकसभा में विपक्ष के नेता असुरक्षित



पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी देने देने वाले भाजपा प्रवक्ता के खिलाफ तुरंत कार्रवाई न होना राहुल गांधी के खिलाफ हिंसा में मिलीभगत माना जाएगा, यह धमकी किसी छोटे पदाधिकारी की लापरवाही भरा रिएक्शन नहीं है, यह जानबूझकर फैलाए गए नफरत के जहरीले वातावरण का असर है, जो लोकसभा में विपक्ष के नेता को असुरक्षित बनाता है, भारत की लोकतांत्रिक जनता ऐसा नहीं होने देगी, अब यह गृह मंत्री अमित शाह की जिम्मेदारी है कि बताएं आपकी पार्टी और सरकार किस विचारधारा के पक्ष में हैं।

**केसी वेणुगोपाल**
**महासचिव, कांग्रेस**

## नवरात्रि: जहां नारी का सम्मान, वहीं समाज का उत्थान



योगेश कुमार गोयल



नवरात्रि पर्व का भारतीय संस्कृति में बहुत बड़ा महत्व है। नवरात्रि के दौरान देवी दुर्गा के नौ रूपों मां शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की आराधना की जाती है। मां शैलपुत्री पर्वतराज हिमालय की पुत्री हैं, जो शक्ति और भक्ति की प्रतीक हैं, मां ब्रह्मचारिणी तपस्या और साधना का स्वरूप है, मां चंद्रघंटा शांति और सौम्यता की देवी हैं, मां कुष्मांडा सृष्टि की रचनाकार हैं, मां स्कंदमाता करुणा और वात्सल्य की मूर्ति हैं, मां कात्यायनी शक्ति और विजय की देवी हैं, मां कालरात्रि काली रूप हैं, जो अंधकार का नाश करती हैं, मां महागौरी पवित्रता और शांति की देवी हैं तथा मां सिद्धिदात्री सभी सिद्धियों को प्रदान करने वाली देवी हैं। नवरात्रि पर्व भारत की गौरवमई संस्कृति में सही मायनों में नारी शक्ति के आदर-सम्मान का उत्सव है। यह उत्सव नारी को उसके स्वाभिमान और शक्ति का स्मरण कराता है, साथ ही समाज को नारी शक्ति का सम्मान करने के लिए प्रेरित भी करता है।

भारतीय संस्कृति में नारी को विशेष सम्मान प्राप्त रहा है। सनातन धर्म में मां दुर्गा को जगत का पालन करने वाली, विश्व कल्याण की प्रणेता और दुष्टों का संहार करने वाली अधिष्ठात्री देवी माना गया है। एक ओर जहां नवरात्रि पर्व के दौरान देवी दुर्गा के नौ अलग-अलग नारी रूपों की पूजा-अर्चना की जाती है, वहीं विद्या एवं बुद्धि की देवी भी नारी स्वरूपा देवी सरस्वती हैं। इसी प्रकार धन की अधिष्ठात्री देवी लक्ष्मी भी नारी स्वरूपा ही हैं। हमारे सभी पौराणिक ग्रंथों में नारी को देवी शक्ति के रूप में पूजनीय माना गया है और सभी शास्त्रों तथा धर्म ग्रंथों में नारी के सामाजिक महत्व को स्वीकारते हुए कहा गया है 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता' अर्थात् जहां नारी की पूजा होती है, वहीं देवताओं का वास होता है। नारी के प्रति पुराणों में इतना आदर-सम्मान यूं ही नहीं व्यक्त किया गया, दरअसल वह नारी शक्ति ही है, जो घनघोर अंधकार में भी अपनी मुस्कान बिखेरकर उजाला करती है।

नारी महत्ता पर प्रकाश डालते हुए गुरु नानक ने कहा था कि नारी, जो राजाओं की भी जननी है, उसका सम्मान होना चाहिए। इसी प्रकार प्रसिद्ध विचारक हेरिएट बीचर स्टोव ने कहा था कि महिलाएं समाज की वास्तविक शिल्पकार होती हैं। नवरात्रि के नौ दिनों में हम मातृ शक्ति के नौ रूपों का पूजन करते हैं, उनका स्मरण करते हैं, कन्याओं को भोजन पर आमंत्रित कर उनकी पूजा करते हैं, चरण धोकर उनका स्वागत करते हैं और तिलक के पश्चात् दक्षिणा तथा उपहार देकर विदा करने की सदियों पुरानी परम्परा का निर्वहन करते हैं लेकिन साल के बाकी दिन यही नारी शक्ति सम्मान पाने के लिए विभिन्न मोर्चों पर संघर्ष करती दिखती है। पुराणों तथा धार्मिक ग्रंथों में भले ही नारी को देवी का दर्जा दिया गया है किन्तु हमारे समाज में नारी की स्थिति प्राचीन काल से ही अच्छी नहीं रही। घर हो या बाहर, उसे हर कहीं किसी न किसी रूप में शोषण का शिकार होना पड़ता है। हालांकि भारतीय इतिहास नारी की वीरगाथाओं से भरा पड़ा है। आज भी हम माता सीता, सती सावित्री, तारा, कुंती, गार्गी, रानी लक्ष्मीबाई जैसी अनेक महान और विदुषी नारियों के व्यक्तित्व, त्याग और साहस की गाथाओं से प्रेरणा लेते हैं।

नारी को शक्ति की उपासक, घर की आत्मा और प्राण माना गया है। ईश्वर ने नारी को एक जननी के रूप में सम्मान देकर धरती पर भेजा है। नारी के मां के रूप को तो ममता की मूरत कहा गया है। एक मां ही अपने बच्चे के लालन-पालन और उसके अस्तित्व निर्माण के लिए अपनी इच्छाओं का बलिदान दे देती है और अपनी संतान में संस्कारों का बीजारोपण करते हुए उसमें दया, करुणा, प्रेम इत्यादि गुणों को जन्म देती है। बेटी, बहन, कुलवधू, पत्नी और मां जैसे अलग-अलग रूपों में नारी सही मायनों में एक परिवार की आन-बान और शान होती है। एक गुणवान बेटी के रूप में वह अपने माता-पिता का नाम रोशन करती है तो शादी के बाद अपना घर छोड़कर वह जिस दूसरे घर में जाती है, वहां भी त्याग और बलिदान की मूर्ति बनकर सबका दिल जीतने की कोशिश करती है और उस घर को स्वर्ग बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ती।

जिस घर-आंगन में चलना सीखकर, खेल-कूदकर वह बड़ी हुई, उसी को छोड़कर वह एक दिन एक ऐसे व्यक्ति पर विश्वास करते हुए उसे अपने जीवन की बागडोर सौंप देती है, जिसे वह जानती तक नहीं थी। किसी भी देश का भविष्य नारी पर ही टिका होता है क्योंकि एक मां जिस प्रकार अपने बच्चों का पालन-पोषण करती हैं, उन्हें संस्कारवान बनाती है और फिर वही बच्चे देश के कर्णधार बनते हैं, ऐसे में समझा जा सकता है कि एक नारी की भूमिका राष्ट्र निर्माण में कितनी महत्वपूर्ण है। संतोषजनक स्थिति यह है कि धीरे-धीरे ही सही, लगभग हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रूप से बढ़ रही है। यदि कहा जाए कि महिलाएं आज किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। घर-परिवार से लेकर बाहर तक की जिम्मेदारी आज महिलाएं बखूबी निभा रही हैं।

साक्षरता के मामले में भले ही महिलाओं की स्थिति अभी पुरूषों के मुकाबले कम है लेकिन दूसरी ओर देखें तो विभिन्न परीक्षाओं में लड़कियां आज लड़कों से आगे निकलती दिखाई देती हैं। चिकित्सा, विज्ञान, इंजीनियरिंग, उच्च प्रौद्योगिकी से संबंधित सभी क्षेत्रों में महिलाएं आज नेतृत्व प्रदान कर रही हैं। व्यापार, अंतरिक्ष, खेल, राजनीति इत्यादि क्षेत्रों में भी वे नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। न केवल सिविल सेवाओं बल्कि पुलिस बल तथा सैन्य सेवाओं में भी सक्षम अधिकारी के रूप में उनका दबदबा निरन्तर बढ़ रहा है। सुरों की साम्राज्ञी लता मंगेशकर को साक्षात मां सरस्वती का दर्जा दिया जाता रहा।

किरण बेदी, पीटी उषा, कल्पना चावला इत्यादि अनेक भारतीय महिलाओं ने अपनी उपलब्धियों से तमाम भारतीयों को न केवल गौरवान्वित किया बल्कि यह भी साबित किया कि महिलाएं आज के जमाने में किसी से कम नहीं हैं। 2016 में तीन जांबाज महिलाओं, बिहार के बेगूसराय की भावना कंठ, मध्य प्रदेश के रीवा की अवनी चतुर्वेदी तथा वडोदरा की मोहना सिंह ने पहली बार वायुसेना में फाइटर प्लेन पायलट का दायित्व संभालकर यह स्पष्ट संदेश दिया था कि भले ही महिलाओं के प्रति समाज की मानसिकता जो भी हो पर महिलाएं आज देश के नभ को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी भी बखूबी निभा रही हैं।

बहरहाल, समय की बदलती धारा के साथ महिलाएं अपने प्रयासों और प्रयत्नों में कहीं पीछे नहीं हैं, बस आवश्यकता है उन्हें सही मार्ग दिखाने और सही अवसर प्रदान करने की। नवरात्रि पर्व को धूमधाम से मनाने और इस अवसर पर कन्या पूजन करने का वास्तविक औचित्य भी तभी है, जब हम नारी के गुणों का इसी प्रकार सम्मान करें और उसे दोयम दर्जे की न समझकर उसके गुणों को महत्व दें तथा आगे बढ़ने के हरसंभव अवसर प्रदान करें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## कितने सही हैं हमारे स्लिमिंग सेंटर



खोखले दावे करते स्लिमिंग सेंटर आज हर गली-कूचे में खुलते ही जा रहे हैं और लोग यहां आकर अपना समय व पैसा दोनों बर्बाद कर रहे हैं। लोग इन सेंटरों में इस आशा के साथ आते हैं कि एक दिन वह भी आकर्षक नजर आएंगे। यहां हम आपको अपने को फिट व चुस्त रखने के कुछ व्यायाम बता रहे हैं, जिन्हें आप घर में ही आजमा कर आकर्षक दिखने का अपना सपना बिना इन सेंटरों में धन और समय गंवाए ही पूरा कर सकते हैं।

ये व्यायाम खासतौर पर उन अंगों के लिए बेहद असरदार हैं, जो या तो बढ़ती उम्र के कारण दुर्बल होने लगते हैं या फिर शरीर का भार बढ़ने के कारण फैलने लगते हैं जैसे पेट, जांघ, बाजुओं का पिछला हिस्सा व कमर आदि। इन व्यायामों के जरिए निश्चय ही बेहतरीन परिणाम आपको मिलेंगे। टखनों व पिंडलियों के लिए व्यायाम वार्म होने के बाद सबसे पहले टखनों व पिंडलियों के लिए व्यायाम करना चाहिए। इसके लिए एक कुर्सी के किनारे बैठ जाएं। घुटने एक साथ जोड़ लें, पैरों के बीच की दूरी डेढ़ फीट हो। ध्यान रहे पंजे अंदर की ओर इशारा करते हुए हों। अब पंजों को जितना ऊपर उठा सकती हैं उठाएं, फिर नीचे लाएं। इसे 16 बार दोहराएं। अब पैरों को बाहर की ओर मोड़ते हुए घुटने मिलाकर पैरों में फासला रखते हुए एक बार फिर 16 बार उठाएं। अंत में एड़ियों को जमीन पर जमाते हुए दोनों पैरों को जमीन के साथ रगड़ते हुए अंदर की ओर लाएं।

अब पांवों को स्वीप करते हुए बाहर की ओर लाएं और दोबारा उठाएं। इसे 16 बार दोहराएं। सपाट पेट व कमर को सही आकार देने के लिए व्यायाम पीठ के बल लेट जाएं व हाथों को सिर के पीछे ले जाएं। टांगें मोड़ते हुए पैरों के तलवों से जमीन पर दबाव डालें, जिससे कि दोनों टांगों के बीच कुछ फासला आ जाए। अब बाईं कोहनी को ऊपर की ओर उठाएं व दाएं घुटने की तरफ झुकें फिर वापस जाएं। इसे 12 बार दोहराएं। अब दाएं पांव को जमीन से दो इंच ऊपर की ओर उठाएं और बाईं कोहनी को दाएं घुटने की तरफ सामने 16 बार लाएं। अब इन व्यायामों को दूसरी तरफ से दोहराएं। पीठ के बल लेट जाएं। दोनों टांगों को ऊपर की ओर उठाते हुए घुटनों को 90 डिग्री पर मोड़ लें। टखनों को क्रास कर लें तथा घुटनों के बीच करीब आधा इंच का फासला रखें। अब धीरे-धीरे शरीर के निचले हिस्से को जितना ऊपर उठा सकती हैं, उठाने का प्रयास करें। सर्वोत्तम परिणाम के लिए पेट को व्यायाम के दौरान अंदर ही रखें। जांघों की मजबूती के लिए व्यायाम इसके लिए सबसे पहले बाईं तरफ करवट लेकर लेट जाएं, शरीर के ऊपरी हिस्से को कोहनी पर टिकाते हुए। अब दाईं टांग को इस तरह मोड़ें जिससे कि घुटना ऊपर की तरफ इशारा करता हुआ हो। अब दाएं पांव को हल्के मुड़े घुटने के पीछे ले आएं पेट अंदर की तरफ रखते हुए।

ध्यान रहे कि बायां पांव छत की तरफ इशारा करता हुआ हो। बाईं टांग को काफी ऊंचा उठाएं। इसे 24 बार दोहराएं। अब दूसरी तरफ से इसे करें। ऊपरी बाजू के लिए व्यायाम ऊपरी बाजू में वही पहले जैसा खिंचाव व सही शेप देने के लिए व्यायाम बहुत ही कारगर सिद्ध हो सकता है। कुर्सी के किनारे बैठ जाएं व दोनों हाथों से कुर्सी के किनारे थाम लें। कुर्सी पर बैठे बैठे ही आगे की तरफ बढ़ें, जब तक कि आप कुर्सी से नीचे न आ जाएं। अब धीरे-धीरे शरीर के ऊपरी भाग को ऊपर व नीचे ले जाएं, बाजुओं को सीधा करते हुए। इसे 12 बार दोहराएं।

## विविधताओं को जोड़ने वाली अदृश्य डोर है अनुवाद



श्वेता गोयल

अपनी सभ्यता की शुरुआत से ही मनुष्य ने संवाद को अपने अस्तित्व का आधार बनाया। भाषा उसकी सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक रही है, जिसने उसे अन्य जीवों से अलग किया और विचारों, संवेदनाओं तथा अनुभवों को साझा करने का अवसर दिया किंतु भाषाओं की विविधता ने एक ऐसी दीवार खड़ी कर दी, जिसने सभ्यताओं, समाजों और संस्कृतियों के बीच प्रत्यक्ष संवाद को सीमित कर दिया। इसी बाधा को तोड़ने का कार्य किया अनुवाद ने।

अनुवाद दरअसल वह पुल है, जो शब्दों की भौगोलिक सीमाओं से परे जाकर मानवीय भावनाओं को जोड़ता है और पूरी दुनिया को एक साझा अनुभव-संसार में पिरो देता है। जब कोई व्यक्ति अपनी मातृभाषा में साहित्य, दर्शन, विज्ञान या इतिहास पढ़ता है तो उसे यह अनुभव होता है कि विचार कितने गहरे और संवेदनाएं कितनी व्यापक हो सकती हैं किंतु यदि अनुवाद न होता तो विश्व की इस ज्ञान-संपदा का अधिकांश हिस्सा हमारी पहुंच से बाहर रह जाता।

चाहे वह ग्रीक दार्शनिक प्लेटो और अरस्तू की शिक्षाएं हों, फारसी कवि रूमी के सूफी भाव हों, अरबी विद्वानों का विज्ञान पर किया गया कार्य हो या फिर भारत के वेद, उपनिषद और कबीर-मीरा की रचनाएं, इन सबका वैश्विक प्रभाव केवल और केवल अनुवाद के कारण ही संभव हुआ। अनुवाद ने यह साबित कर दिया कि भावनाओं की कोई सीमा नहीं होती, वे भाषाई भिन्नताओं से परे जाकर मनुष्य के हृदय तक पहुंचने की क्षमता रखती हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ने भाषा को मानवीय अधिकारों के मूल में रखा है। भाषाएं केवल संवाद का माध्यम नहीं हैं बल्कि पहचान, संस्कृति और जीवनदृष्टि की वाहक हैं किंतु जब भाषाओं की विविधता समझ में बाधा डालती है तो अनुवाद एक ऐसा साधन बन जाता है, जो मानवीय समानताओं को उजागर करता है और विविधताओं को सम्मान के साथ स्वीकार करता है। इसीलिए हर साल 30 सितंबर को 'अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस' मनाया जाता है, जो केवल अनुवादकों को सम्मानित करने का अवसर नहीं है बल्कि इस बात की पुनर्पुष्टि भी है कि अनुवाद ही वह संवेदनात्मक सेतु है, जो शब्दों से आगे जाकर मानवता को एक सूत्र में पिरोता है।

दुनिया का साहित्य इस बात का सबसे सशक्त प्रमाण है। जब हम रूस के महान लेखक टॉल्सटॉय का युद्ध और शांति पढ़ते हैं तो हमें केवल रूसी समाज की झलक नहीं मिलती बल्कि युद्ध और शांति जैसे सार्वभौमिक विषयों पर मनुष्य की गहरी संवेदनाओं का अनुभव होता है। जब जापानी साहित्यकार हारुकी मुराकामी की रचनाएं हिंदी या अंग्रेजी में पढ़ी जाती हैं तो यह समझ आता है कि अकेलेपन, प्रेम, समय और जीवन की जटिलताओं से जूझना हर मनुष्य का साझा अनुभव है। इसी तरह जब भारतीय कवियों और लेखकों की रचनाएं यूरोपीय भाषाओं में अनूदित होती हैं तो विश्वभर के पाठक भारतीय संस्कृति की सूक्ष्मताओं और भावनात्मक गहराइयों से परिचित होते हैं। अनुवाद केवल शब्दों का स्थानांतरण नहीं होता। यदि वह मात्र शब्दानुवाद तक सीमित रहे तो उसका सार खो जाता है। अनुवाद की सच्ची आत्मा यह है कि उसमें भावनाओं, संवेदनाओं और सांस्कृतिक संदर्भों का भी संप्रेषण हो। उदाहरण के लिए, संस्कृत शब्द 'रस' को केवल 'जूस' या 'टेस्ट' कहना उसके गहन साहित्यिक और भावनात्मक अर्थ को खो देता है। इसी प्रकार हिंदी का 'मिट्टी' केवल 'सॉयल' नहीं है, उसमें गंध, संस्कार और आत्मीयता का भाव भी निहित है। अनुवादक का सबसे बड़ा दायित्व यही है कि वह केवल भाषा का नहीं बल्कि संस्कृति और भावनाओं का भी पुल बने।

दुनिया में अनेकों ऐसे उदाहरण हैं, जिन्होंने साबित किया कि अनुवाद ने मानवीय इतिहास की दिशा बदली। मध्यकालीन युग में जब अरब विद्वानों ने ग्रीक दर्शन और विज्ञान के ग्रंथों का अरबी में अनुवाद किया तो वही आगे चलकर यूरोप के पुनर्जागरण का आधार बना। इसी प्रकार, बौद्ध धर्म के ग्रंथ जब चीनी, जापानी और तिब्बती भाषाओं में अनूदित हुए तो एशिया के विशाल भूभाग में करुणा और अहिंसा का संदेश फैल गया। भारत के आधुनिक काल में महात्मा गांधी ने गीता के गुजराती अनुवाद से जीवन की प्रेरणा ली और इसी से उनके सत्य और अहिंसा के विचारों ने पूरी दुनिया को झकझोरा।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि अनुवाद केवल साहित्य या दर्शन तक ही सीमित नहीं है। आज विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी अनुवाद ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यदि वैज्ञानिक अनुसंधान और तकनीकी ज्ञान केवल एक ही भाषा तक सीमित रहता तो उसका वैश्विक लाभ संभव न होता। जलवायु परिवर्तन, सतत विकास और मानवाधिकार जैसे विषयों पर संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्टें हर प्रमुख भाषा में उपलब्ध कराई जाती हैं ताकि वैश्विक समझ और कार्रवाई में कोई बाधा न हो। अनुवाद की प्रक्रिया में सबसे बड़ा कौशल यह है कि अनुवादक दोनों भाषाओं की गहराई और सांस्कृतिक बारीकियों को समझे। एक सफल अनुवादक वह है, जो केवल शब्दों का नहीं बल्कि भावों का अनुवाद करे। इसी कारण अनुवाद को अक्सर 'कला' कहा जाता है। यह रचनात्मकता, संवेदनशीलता और बौद्धिकता का अद्भुत संगम है।

एक अनुवादक वह शिल्पी है, जो किसी भाषा के विचारों को दूसरी भाषा में ऐसे गढ़ता है कि पाठक को यह न लगे कि वह अनुवाद पढ़ रहा है बल्कि ऐसा अनुभव हो, जैसे यह रचना उसी भाषा में मूल रूप से लिखी गई हो। वर्तमान वैश्वीकृत समाज में अनुवाद का महत्व और भी बढ़ गया है। इंटरनेट और डिजिटल तकनीक ने हमें पूरी दुनिया से जोड़ दिया है किंतु भाषा की दीवार अब भी कायम है। अनुवाद और भाषा प्रौद्योगिकी ही इस दीवार को ढहाने का सबसे बड़ा माध्यम हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन ट्रांसलेशन के आगमन ने अनुवाद की दुनिया में नए अवसर खोले हैं किंतु यह भी सत्य है कि मानवीय भावनाओं को पूरी तरह समझने और संप्रेषित करने का सामर्थ्य अब भी मानव अनुवादकों के पास ही है। मशीनें शब्दों को जोड़ सकती हैं लेकिन संवेदनाओं का सेतु अब भी मनुष्य ही बना सकता है। दुनिया की हर भाषा, हर साहित्य और हर संस्कृति मानवीय विरासत का अनमोल हिस्सा है। अनुवाद ही वह साधन है, जो हमें यह अहसास कराता है कि मनुष्य की संवेदनाएं साझा हैं, चाहे वे किसी भी भाषा में व्यक्त की गई हों। दु:ख, प्रेम, करुणा, आशा और संघर्ष, ए सभी भाव सार्वभौमिक हैं। भाषा की विविधता केवल उनकी प्रस्तुति को अलग-अलग स्वरूप देती है लेकिन उनका मूल स्वर हर जगह एक जैसा होता है। यही कारण है कि अनुवाद को संवेदनाओं का सेतु कहा जाता है। यह सेतु केवल शब्दों का नहीं है बल्कि यह हृदय से हृदय तक पहुंचने का मार्ग है। यह वह शक्ति है, जो सभ्यताओं को एक-दूसरे से जोड़ती है, संस्कृतियों को परस्पर समझने का अवसर देती है और मनुष्यता को व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखने की दृष्टि प्रदान करती है। आज जब दुनिया असमानताओं, संघर्षों और विभाजनों से जूझ रही है तो अनुवाद हमें यह सिखाता है कि हमारी साझा मानवता कहीं गहरी है और भाषा की सीमाएं केवल सतही हैं। यदि हम एक-दूसरे की भाषा को समझें, एक-दूसरे की संवेदनाओं को महसूस करें तो संवाद और सहयोग की नई संभावनाएं खुल सकती हैं। अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस इसी विश्वास का उत्सव है कि शब्दों से आगे जाकर भावनाओं का जो सेतु अनुवाद निर्मित करता है, वही मानवता को सशक्त और एकजुट बनाए रखता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

### पीओके में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन, बगावत के बन रहे हालात

# पीओके में आर्मी काफिले पर नागरिकों का पथराव

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बगावत के सुर लगातार तेज हो रहे हैं। एक तरफ जहां बलूच लड़ाके पाकिस्तानी सेना की नाक में दम किए हुए हैं, वहीं अब पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में भी बगावत भड़क गई है और हजारों लोग शहबाज शरीफ सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं। पाकिस्तान के कब्जे वाली कश्मीर (पीओके) के 3 बड़े शहरों में पाकिस्तान सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन जारी है। पीओके की अवामी एक्शन कमेटी (एएसी) की अपील पर सोमवार को पूरे इलाके में दुकानें, बाजार और सड़कें बंद कर दी गईं।

लोकल लोग महंगाई, बेरोजगारी, और पाकिस्तानी सेना के ज्यादतियों के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं। सुरक्षा बलों के काफिले पर पथराव की घटनाएं भी सामने आई हैं। कोटली में शनिवार को निहत्थे प्रदर्शनकारियों पर सुरक्षाबलों ने गोलीबारी की, जिसके बाद प्रदर्शनकारियों ने सेना के खिलाफ कि हम तुम्हारी मौत हैं जैसे नारे लगाए। हजारों लोग कोटली, रावलकोट और मुजफ्फराबाद जैसे शहरों में आजादी और पाकिस्तानी सेना वापस जाओ जैसे नारे लगा रहे हैं। प्रदर्शनों को दबाने के लिए सरकार ने भारी सिक्योरिटी तैनात की है। एएसी के नेता शौकत नवाज मीर ने कहा: हम सिर्फ अपने हक मांग रहे हैं, जो 70 साल से हमें नहीं मिले। अब सरकार को हमें हमारे अधिकार देने होंगे। एएसी ने सरकार के सामने 38 मांगें रखी हैं, जिनमें 3 प्रमुख हैं-पाकिस्तान में बसे कश्मीरी शरणार्थियों के लिए बनी 12 विधानसभा सीटें खत्म करने की मांग बिजली परियोजनाओं में लोकल लोगों के फायदे को ध्यान रखा जाए। आटे और बिजली के बिलों पर छूट देने की मांग, क्योंकि महंगाई से लोग परेशान हैं। पाकिस्तान सरकार ने पीओके में पत्रकारों और टूरिस्ट की एंट्री बैन कर दी है। लोकल रिपोर्टर्स भी आरोप लगा रहे हैं कि उन्हें न्यूट्रल कवरेज करने से रोका जा रहा है। इसके अलावा कई मानवाधिक.ार संगठन भी इस मुद्दे पर आवाज उठा रहे हैं। पीओके में आधी रात से इंटरनेट बंद कर दिया गया है। सरकार को डर है कि ये प्रदर्शन आजादी की व्यापक मांग में बदल सकते हैं। पीओके में पहले भी कई बार सेना और सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए हैं।पिछले साल मई में सस्ते आटे और बिजली के लिए लोगों ने हड़ताल की थी। लोग कहना है कि पीओके में मौजूद मंगला डैम से बिजली बनती है, फिर भी उन्हें सस्ती बिजली नहीं मिलती।

इसी तरह 2023 में भी बिजली की कीमतें बढ़ाने और गेहूं की सब्सिडी हटाने के खिलाफ लोग सड़कों पर उतर आए थे। 2022 में भी सरकार के एक कानून के खिलाफ लोगों ने सड़कें जाम की थीं और आजादी के नारे लगाए थे। अवामी एक्शन कमेटी के शीर्ष नेता शौकत नवाज मीर ने कहा कि हमारा प्रदर्शन किसी संस्था के खिलाफ नहीं है बल्कि अपने बुनियादी अधिकारों की मांग को लेकर है। बीते 70 वर्षों में हमें बुनियादी अधिकार नहीं दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अब बहुत हुआ, या तो हमें अधिकार दें या फिर जनता का गुस्सा झेलने के लिए तैयार रहें।



- इंटरनेट बंद, पाक की फौज ने गोलियां चलाईं
- आंदोलनकारी बोले: हम तुम्हारी मौत हैं, पीओके में पत्रकारों की एंट्री पर बैन
- महंगाई, बेरोजगारी और पाकिस्तानी सेना की ज्यादतियों के खिलाफ लोग सड़कों पर उतर आए

## तुर्की को 1000 एकड़ जमीन मुफ्त दे रहा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार ने तुर्की को 1000 एकड़ जमीन मुफ्त में देने की पेशकश की है। यह जमीन कराची इंडस्ट्रियल पार्क में नया एक्सपोर्ट प्रोसेसिंग जोन (ईपीजेड) बनाने के लिए दी जा रही है। इस जोन का मकसद तुर्की की कंपनियों को पाकिस्तान में निवेश के लिए आकर्षित करना है। इसके जरिए पाकिस्तान दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ाकर 5 अरब डॉलर तक ले जाना चाहता है। दरअसल, तुर्की ने मई में हुई भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान पाकिस्तान का साथ दिया था। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अप्रैल 2025 में तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैय्यप एर्दोगन से मुलाकात की थी। इसी दौरान जमीन देने की पेशकश की थी। पाकिस्तान के अधिका.रियों का एक डेलिगेशन हाल ही में तुर्की गया था। उन्होंने वहां के एक्सपोर्ट जोन देखे और समझा कि तुर्की कैसे निवेशकों को सुविधाएं देता है।



पेरू। लीमा में जेन-जी के प्रदर्शनकारी पुलिस से झड़प करते हुए।

## नेपाल के बाद दक्षिण अमेरिकी देश पेरू में जेन-जी प्रदर्शन

**लीमा।** नेपाल के बाद अब दक्षिण अमेरिकी देश पेरू के जेन-जी भ्रष्टाचार को लेकर सड़कों पर उतर आए हैं। 27 सितम्बर को राजधानी लीमा में हजारों युवाओं ने राष्ट्रपति दीना बोलुआर्ते के खिलाफ नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुई। पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़ और लाठीचार्ज किया, जिसके जवाब में युवाओं ने पथराव किया।

दरअसल, ये विरोध 20 सितम्बर को पेंशन प्रणाली में किए गए बदलावों के बाद शुरू हुए। नए नियम के अनुसार, पेरू में 18 साल से अधिक उम्र के हर व्यक्ति को किसी न किसी पेंशन कंपनी से जुड़ना होगा। इसके अलावा राष्ट्रपति बोलुआर्ते और संसद के खिलाफ लंबे समय से जनता में असंतोष बना हुआ है। जेन-जी ने इस प्रदर्शन के लिए फेमस जापानी एनिमे 'वन पीस' के केरेक्टर 'लूफी' को अपना रोल माडल बनाया है। ये केरेक्टर न्याय के लिए लड़ता है। यहां, भ्रष्टाचार, आर्थिक असुरक्षा, बढ़ता अपराध और जवाबदेही की कमी ने युवाओं को नाराज किया है। 2022 में पूर्व राष्ट्रपति पेद्रो कास्तिलो को हटाए जाने और गिरफ्तार किए जाने के बाद, सुरक्षा बलों की कार्रवाई में दर्जनों प्रदर्शनकारियों की मौत हुई थी।

■ भ्रष्टाचार और पेंशन सुधार को लेकर सड़कों पर उतरे लोग, जापानी एनिमे केरेक्टर 'लूफी' को रोल मॉडल बनाया

## संक्षिप्त समाचार

### अफगानिस्तान ने अमेरिकी नागरिक को रिहा किया

**काबुल।** अफगानिस्तान सरकार ने अमेरिका के साथ कूटनीतिक संबंधों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से एक अमेरिकी नागरिक की रिहाई की घोषणा की है। अफगानिस्तान सरकार के उप प्रवक्ता हमदुल्ला फितरत ने रविवार को बताया कि बंधक प्रतिक्रिया मामलों के अमेरिकी विशेष राष्ट्रपति दूत एडम बो.हलर ने एक प्रतिनिधिमंडल के साथ काबुल आकर यहां विदेश मंत्री मावलवी अमीर खान मुत्ताकी से मुलाकात की।

### यूक्रेन के लिए जासूसी का आरोप: रूसी महिला हिरासत में

**मास्को।** रूसी संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) ने सोमवार को कहा कि उसने रूसी महिला सेवस्तोपोल को यूक्रेनी सैन्य खुफिया विभाग के लिए जासूसी करने और काला सागर बेड़े के जहाजों की तैनाती स्थानों की तस्वीरें प्रदान करने पर हिरासत में लिया है। जिनका इस्तेमाल यूक्रेन ने मिसाइल हमलों की योजना बनाने के लिए किया था। एफएसबी ने एक बयान में कहा कि रूस की संघीय सुरक्षा सेवा ने 1980 में जन्मी एक रूसी नागरिक को सेवस्तोपोल में हिरासत में लिया है, जो यूक्रेनी विशेष सेवाओं की ओर से खुफिया गतिविधियां चला रही थी।

### सेनेगल में रिफ्ट वैली बुखार के प्रकोप से सात लोगों की मौत

**डकार।** अफ्रीका महाद्वीप के सेनेगल राष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री इब्राहिमा सी ने कहा कि उत्तरी सेंट-लुई क्षेत्र में रिफ्ट वैली बुखार (आरवीएफ) के प्रकोप से सात लोगों की मौत हो गई है। सेंट लुईस में रविवार को महामारी नियंत्रण बैठक में सी ने कहा कि स्वास्थ्य अधिकारी, पशुधन विभाग के साथ मिलकर बीमारी को फैलने से रोकने के लिए तेजी से उपाय कर रहे हैं। गुरुवार को सेंट लुईस क्षेत्र में आधिकारिक रूप से पहला आरवीएफ का मामला सामने आया था।

### रूस को किसी के साथ जंग की आवश्यकता नहीं: मेदवेदेव

**मॉस्को।** रूसी सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष दिमित्री मेदवेदेव ने सोमवार को कहा कि रूस को यूरोप समेत किसी से कोई जंग करने की जरूरत नहीं है। मेदवेदेव ने कहा रूस को किसी के साथ भी युद्ध करने की आवश्यकता नहीं है। यूरोप में अब कुछ भी लाभ कमाने लायक नहीं है।

# ट्रम्प ने फोड़ा एक और टैरिफ बम

### अमेरिका के बाहर बनने वाली फिल्मों पर लगाया 100 फीसदी शुल्क

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को एक और टैरिफ बम फोड़ दिया है। ट्रम्प ने अमेरिका के बाहर बनने वाली फिल्मों पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की है। इसे भारत समते दुनिया के कई देशों के सिनेमा उद्योग के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

इससे पहले ट्रम्प ने दूसरे देशों से आने वाली दवाओं पर भी 100 फीसदी टैरिफ लगाने का एलान किया था। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि विदेशी कंपनियों ने अमेरिकी मूवी उद्योग को 'चोरी' किया है। यह कदम हॉलीवुड और वैश्विक फिल्म उद्योग के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। ट्रंप ने अपने पोस्ट में लिखा कि हमारा मूवी निर्माण व्यवसाय अमेरिका से चोरी किया गया है, बिलकुल वैसा जैसे बच्चे से कैंडी चोरी करना। उन्होंने कैलिफोर्निया के गवर्नर को कमजोर और अक्षम बताया और कहा कि यही कारण है कि यह राज्य सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि समस्या का समाधान करने के लिए अब विदेशी फिल्मों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रंप ने मई में इस तरह के टैरिफ का विचार पहले भी व्यक्त किया था, लेकिन उस समय उन्होंने विवरण नहीं बताया था। इस घोषणा के बाद एंटरटेनमेंट दिग्गजों के शेयर प्री.मार्केट ट्रेडिंग में गिरावट दिखाने लगे।

नेटफ्लिक्स के शेयर 1.4 प्रतिशत और वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के शेयर 0.6 प्रतिशत गिर गए। हॉलीवुड स्टूडियोज और ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म अब इस नीति के प्रभाव को समझने में लगे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि उत्तर कैरोलाइना सहित अमेरिका के फर्नीचर उद्योग को चीन और अन्य देशों से हुए नुकसान को देखते हुए विदेशी देशों पर भारी टैरिफ लगाया जाएगा।



■ विदेशी कंपनियों ने अमेरिकी मूवी उद्योग को 'चोरी' किया

# भारत अपने सहयोगी खुद चुनता है: रूस

### रूसी विदेश मंत्री बोले: अमेरिका को व्यापार बढ़ाना है, तो उससे बात करें, हमारे रिश्ते बहुत अच्छे

**वाशिंगटन।** रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि भारत अपने सहयोगी खुद चुनता है। रूस को भी इससे फर्क नहीं पड़ता कि भारत का दूसरे देशों के साथ कैसा रिश्ता है। उन्होंने कहा कि भारत के अमेरिका से संबंधों को लेकर रूस को कभी चिंता नहीं हुई। उन्होंने कहा कि रूस ने हमेशा से भारत की स्वतंत्र विदेश नीति का सम्मान किया है।

लावरोव से रूसी तेल खरीद रोकने के लिए अमेरिका की ओर से भारत पर डाले जा रहे दबाव के संबंध में सवाल पूछा गया था। लावरोव ने कहा कि रूसी तेल खरीदने की वजह से अमेरिकी टैरिफ लगने के बावजूद भारत-रूस के बीच आर्थिक साझेदारी को कोई खतरा नहीं है। लावरोव ने आगे कहा कि अगर अमेरिका के पास भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने के तरीके हैं, तो वे उन शर्तों पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं, चाहे अमेरिका कुछ भी शर्तें रखे। लेकिन जब बात भारत और किसी तीसरे देशों के बीच ट्रेड, इंवेस्टमेंट, इकोनामिक, सेफ्टी, टेक्नोलाजी और दूसरे संबंधों की आती है, तो भारत केवल उन्हीं देशों के साथ इस पर चर्चा करता है। लावरोव ने भारत-रूस के रणनी.तिक रिश्तों पर जोर देते हुए कहा हम भारत के राष्ट्रीय हितों और विदेश नीति का सम्मान करते हैं। भारत और रूस के बीच लंबे समय से रणनीतिक साझेदारी है, जिसे अब अहम रणनीतिक साझेदारी कहा जाता है। लावरोव ने कहा कि हमारे बीच नियमित बातचीत होती रहती है। मैं यह नहीं पूछता कि हमारे व्यापारिक संबंधों, हमारे तेल का क्या होगा। वे खुद फैसले लेने में पूरी तरह सक्षम हैं। लावरोव ने हाल ही में चीन में हुए एससीओ शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात का जिक्र किया।

उन्होंने बताया कि दोनों देशों के बीच अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर करीबी सहयोग है। उन्होंने यह भी कहा कि दिसम्बर में राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा की योजना है। इस दौरान व्यापार, सैन्य, तकनीकी सहयोग, वित्त, स्वास्थ्य, उच्च-प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और अन्य क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा होगी। लावरोव ने कहा, हमारा द्विपक्षीय एजेंडा बहुत व्यापक है। हम एससीओ, ब्रिक्स और दूसरे मंचों पर मिलकर काम करते हैं। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत की स्थाई सदस्यता का समर्थन किया था।



■ रूस ने हमेशा से भारत की स्वतंत्र विदेश नीति का सम्मान किया

# भारत के टेररिस्तान कहने से पाकिस्तान नाराज

### पाक राजनयिक मोहम्मद राशिद ने यूएन में कहा: भारत हमारा नाम बिगाड़ रहा, यह हमारे देश का अपमान

**न्यूयॉर्क।** पाकिस्तान ने भारत पर नाम बिगाड़ने का आरोप लगाया है और भारतीय राजनयिक के 'टेररिस्तान' कहने पर नाराजगी जताई है। दरअसल, यूएन में भारत-पाकिस्तान के राजनयिक एक-दूसरे को जवाब दे रहे थे।

इस दौरान भारतीय राजनयिक रेन्ताला श्रीनिवास ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना उसे 'टेररिस्तान' कहा। इस पर नाराजगी जताते हुए पाकिस्तानी राजनयिक मोहम्मद राशिद ने कहा यह बेहद अफसोसजनक है कि भारत इतना गिर गया है कि एक देश के नाम तक को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहा है। यह पूरे राष्ट्र का अपमान है। यह भारत की हताशा और अपरिपक्वता को दिखाता है। राशिद ने आरोप लगाया कि भारत खुद आतंकवाद को बढ़ावा देता है और उसकी खुफिया एजेंसियां पड़ोसी देशों को अस्थिर करने में शामिल हैं। भारतीय और पाकिस्तानी राजनयिक के बीच बहस की शुरुआत विदेश मंत्री जयशंकर के भाषण को लेकर हुई। जयशंकर ने 27 सितम्बर को यूएन में दिए अपने भाषण में पाकिस्तान का नाम लिए बिना कई गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने पाकिस्तान को आतंकवाद का सेंटर कहा था। उन्होंने कहा पाकिस्तान में आतंकियों की तारीफ की जाती है। इस पर पाक राजनयिक राशिद ने जवाब देते हुए कहा कि यह पाकिस्तान को बदनाम करने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में 90000 से ज्यादा जानें गंवाई हैं। पाकिस्तान खुद आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा है, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सराहना हुई है। इस पर पलटवार करते हुए श्रीनिवास ने कहा पाकिस्तान की पहचान खुद उसके कामों से होती है। दुनियाभर में फैले आतंकवाद में उसकी छाप साफ दिखाई देती है। वह अपने पड़ोसियों ही नहीं, पूरी दुनिया के लिए खतरा है। कोई भी तर्क या झूठ कभी भी टेररिस्तान के अपराधों को छुपा नहीं सकता राशिद के बयान के बाद श्रीनिवास ने वाक-आउट कर दिया और वे कुर्सी छोड़कर चले गए। राशिद के बयान के बाद श्रीनिवास ने वाक-आउट कर दिया और वे कुर्सी छोड़कर चले गए। जयशंकर ने पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए कहा कि ये क्रास-बार्डर टेररिज्म का सबसे हालिया उदाहरण है। उन्होंने इसे क्रूर आतंकी हमला बताया। जयशंकर ने कहा कि भारत ने आतंकवाद से अपने लोगों की रक्षा करने का अधिकार का इस्तेमाल किया है और आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई की। उन्होंने कहा: आतंकी ढांचों का खत्म होना जरूरी है। आतंकियों से लड़ाई हमेशा से भारत की प्राथमिकता रही है।




■ राशिद ने आरोप लगाया: भारत खुद आतंकवाद को बढ़ावा देता है और उसकी खुफिया एजेंसियां पड़ोसी देशों को अस्थिर करने में शामिल हैं

## यूक्रेन को टॉमहॉक मिसाइलें भेजने पर विचार कर रहा अमेरिका: वेंस

**वाशिंगटन।** अमेरिका की योजना है कि उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सहयोगी यूरोपीय देश उससे अमेरिकी टॉमहॉक क्रूज मिसाइलें खरीदें और फिर उसे यूक्रेन को दे दें। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने फ़ॉक्स न्यूज़ से यह बात कही है। उन्होंने कहा कि हम कई यूरोपीय देशों के आवेदनों पर विचार कर रहे हैं। जब उनसे यूक्रेन को मिसा.इलें देने और उससे बढ़ने वाले खतरों पर राय मांगी गई तो उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प तय करेंगे कि अमरीका के लिए क्या बेहतर है। उन्होंने साफ़ किया कि इस पर अंतिम फ़ैसला राष्ट्रपति ट्रम्प ही करेंगे। रिपोर्टों के मुताबिक, यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा सम्मेलन के दौरान ट्रम्प से मुलाकात में यह प्रस्ताव रखा था, जिस पर उन्होंने कहा कि हम इस पर काम करेंगे।

## मोदी ने जार्जिया मेलोनी की आटोबायोग्राफी की प्रस्तावना लिखी

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने इटली की प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी की आटोबायोग्राफी 'आई एम जार्जिया-माय रूट्स, माय प्रिंसिपल्स' के इंडियन एडिशन के लिए फारवर्ड (प्रस्तावना) लिखा है। इस किताब को जल्द ही भारत में रूपा पब्लिकेशंस लान्च करेगा।

मोदी ने मेलोनी को एक 'देशभक्त और बेहतरीन समक.ालीन' नेता बताते हुए तारीफ की। साथ ही उनकी निजी और राजनीतिक यात्रा को भारत के लोगों के लिए प्रेरणादायक बताया। मोदी ने अपने रेडियो शो 'मन की बात' का जिक्र करते हुए इस किताब को मेलोनी की 'मन की बात' जैसा बताया। मोदी ने लिखा कि उनके लिए यह 'बहुत बड़ा सम्मान' है कि वे इस किताब की प्रस्तावना लिख रहे हैं और वे यह काम मेलोनी के प्रति 'सम्मान, प्रशंसा और दोस्ती' की भावना के साथ कर रहे हैं। अपने प्रस्तावना में मोदी ने अपने 11 साल के कार्यकाल में दुनिया के कई नेताओं से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि मेलोनी का जीवन स्थिरता और जड़ों से जुड़े रहने के महत्व को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि किसी की सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करते हुए दुनिया के साथ समान स्तर पर बातचीत करना हमारे मूल्यों से मेल खाता है। मेलोनी की आत्मकथा पहली बार इटली में 2021 में त्रवसप पब्लिशिंग ने प्रकाशित की था। इसका इटालियन संस्करण '**Io Sono Giorgia**' के नाम से जारी किया गया था। यह किताब प्रकाशन के पहले साल में ही 150000 कापी बिक चुकी थीं।

■ कहा: यह पीएम मेलोनी की मन की बात, उनका जीवन हमारे लिए प्रेरणादायक

## मिशिगन चर्च में गोलीबारी हमलावर सहित पांच की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मिशिगन में रविवार को एक चर्च में प्रार्थना के लिए आए लोगों को निशाना बना कर हुई अंधाधुंध गोलीबारी की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। इन मरने वालों में हमलावर भी शामिल है।

संवाद समिति शिन्हुआ के अनुसार एक बंदूकधारी ग्रैंड ब्लैंक इलाके में बने चर्च ऑफ जीसस क्राइस्ट ऑफ लैटर-डे सेंट्स में कार से पहुंचा और उसने लोगों पर गोलीबारी करनी शुरु कर दी। ग्रैंड ब्लैंक के पुलिस प्रमुख विलियम रेने ने बताया कि उसने चर्च में आग भी लगा दीथी, जिस पर बाद में काबू पा लिया गया। इस हमलावर की पहचान बर्टन निवासी थॉमस जैकब सैनफोर्ड (40) के रूप में की गई है। न्यूयॉर्क पोस्ट ने फेसबुक पर हमलावर की मां की एक पोस्ट का हवाला देते हुए लिखा है कि सैनफोर्ड ने 2004 से 2008 तक मरीन कॉर्प्स के रुप में इराक युद्ध में भाग लिया था। स्पूतनिक संवाद समिति ने सूत्र के हवाले से अपनी रिपोर्ट में बताया है कि जांचकर्ताओं को घटना स्थल से कई विस्फोटक सामग्री मिली है। मिशिगन पुलिस ने कहा कि इस हमले के बाद उन्हें बम धमाके करने की धमकियां फोन पर मिलीं। ये कॉल संदिग्ध की मौत के बाद आए थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस मामले में अपनी प्रतिक्रिया में इसे ईसाइयों के खिलाफ एक और लक्षित हमला बताया।

# वियतनाम में तूफान बुओलोई ने दी दस्तक

### कई इलाकों में तेज हवाएं और भारी बारिश

**हनोई।** तूफान बुआलोई ने सोमवार सुबह मध्य वियतनाम में दस्तक दे दी, जिससे अनेक क्षेत्रों में तेज हवाएं और मूसलाधार बारिश शुरू हो गई है। वियतनाम के राष्ट्रीय जल-मौसम विज्ञान पूर्वानुमान केंद्र के उप निदेशक डा. होआंग फुक लाम ने तूफान बुआलोई के मद्देनजर आज दोपहर से 30 सितम्बर तक उत्तरी डेल्टा फु थो और दक्षिणी प्रांतों सोन ला, लाओ के और थान होआ में बहुत भारी बारिश होने का अनुमान व्यक्त किया है।

लाम ने कहा इसके असर से कुल वर्षा 100-200 मिमी और स्थानीय स्तर पर 300 मिमी से अधिक होगी। उन्होंने 150 मिमी/तीन घंटे से अधिक भारी बारिश की चेतावनी दी है। उत्तर वियतनाम के अन्य स्थानों में मध्यम, भारी और कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश हो सकती है। कुल वर्षा 70 से 150 मिमी के बीच तथा स्थानीय स्तर पर 200 मिमी से अधिक हो सकती है। इसके अलावा निचले, पहाड़ी और मध्य-भूमि क्षेत्रों में अचानक बाढ़, भूस्खलन और व्यापक सैलाब आने का खतरा बहुत अधिक बना हुआ है। वियतनाम के अन्य हिस्सों में 27 और 28 सितम्बर को तूफान बुआलोई के दौरान तेज हवाओं ने कई इलाकों में तबाही मचाई थी और कई जगहों पर मूसलाधार बारिश भी हुई। वियतनाम के क्वांग त्रि, ह्यू और दा नांग इलाके तूफान बुआलोई के असर से ज्यादा प्रभावित रहे। वियतनाम के प्रधानमंत्री चीन्ह ने अपने सहयोगी नेताओं को प्रभावित क्षेत्रों पर कड़ी नजर रखने, सुरक्षा की गारंटी मिलने तक लोगों को घर वापस लौटने से रोकने और शिविर केंद्रों पर पर्याप्त उचित आपूर्ति सुनिश्चित कराने का आदेश दिया है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने बांधों और जलाशयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और खोज एवं बचाव कार्य के लिए तैयार रहने के लिए सुरक्षा बलों की व्यवस्था करने को कहा है।



■ लाम ने 150 मिमी/तीन घंटे से अधिक भारी बारिश की चेतावनी दी

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108